दिनमान | तापमान

सूर्योदय 5.01 | सूर्यास्त 6.24 | अधिकतम 29° | न्यूनतम 27°

वर्ष 18, अंक 33 पृष्ठ 10
कोलकाता, मंगलवार, 15 जुलाई, 2025
श्रावण, कृष्णपक्ष, पंचमी, वि.सं. 2082

मूल्य: ₹ 3

निष्पक्ष, निडर एवं सशक्त राष्ट्रीय दैनिक

# युवा शक्ति

कोलकाता संस्करण

www.yuvashaktinews.com



## ईडी के सामने पेश हुए रॉबर्ट वाड्रा

### भंडारी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ

**नई दिल्ली:** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति और जानेमाने कारोबारी रॉबर्ट वाड्रा सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय के सामने पेश हुए. उनसे ब्रिटिश हथियार सलाहकार संजय भंडारी से जुड़े धन शोधन मामले में पूछताछ की गई. वाड्रा का बयान धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दर्ज किया जा रहा है. 56 वर्षीय वाड्रा को एजेंसी ने पिछले महीने बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया था, लेकिन उन्होंने विदेश यात्रा के कारण अपने समन को स्थगित करने का अनुरोध किया था. केंद्रीय जांच एजेंसी उनसे तीन अलग-अलग धन शोधन मामलों में पूछताछ कर रही है, जिनमें यह मामला भी शामिल है. अन्य दो मामले भूमि सौदों में कथित अनियमितताओं से संबंधित हैं. 63 वर्षीय भंडारी 2016 में आयकर विभाग की ओर से दिल्ली में छापेमारी के तुरंत बाद लंदन भाग गए थे. हाल ही में दिल्ली की एक अदालत ने उन्हें भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित किया है.



इससे पहले पिछले महीने वे ईडी की ओर से समन भेजे जाने के बाद भी पेशी के लिए नहीं आए थे. इसकी वजह उनका विदेश में होना बताया गया था. इससे पहले ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए वाड्रा को अपने दफ्तर बुलाया था. मामला ब्रिटेन के रहने वाले हथियार डीलर संजय भंडारी से जुड़ा है. मामले की जांच प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत की जा रही है.वाड्रा से ईडी ने अप्रैल में तीन दिन लगातार पूछताछ की थी. ये पूछताछ हरियाणा में 2008 की एक जमीन डील में कथित गड़बड़ियों से जुड़े एक अन्य मनी लॉन्ड्रिंग मामले में की गई थी. रॉबर्ट वाड्रा ईडी की जांच के तहत कुल तीन मनी लॉन्ड्रिंग मामलों में फंसे हुए हैं.संजय भंडारी एक हथियार डीलर हैं जो 2016 में दिल्ली में इनकम टैक्स विभाग की छापेमारी के बाद लंदन भाग गए थे.

### आईआईएम कोलकाता दुष्कर्म केस में कई बड़े खुलासे

# आरोपी ने कबूला गुनाह, मिलाई थी ड्रिंक में नींद की गोलियां

**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता एक बार फिर गलत वजहों से चर्चा में है. कोलकाता स्थित इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (आईआईएम) के ब्वॉयज हॉस्टल में छात्रा के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है. रेप के आरोपी ने बंगाल पुलिस के सामने कबूल किया है कि उसने महिला की कोल्ड ड्रिंक में नींद की गोलियां मिलाई थीं.

कोलकाता के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के आरोपी ने हॉस्टल के पास मौजूद मेडिकल स्टोर से नींद की गोलियां खरीदी थीं. हालांकि इस मामले में कई राज अभी भी अनसुलझे हैं. पुलिस का कहना है कि आरोपी और पीड़िता, दोनों के बयान में अटपटे से हैं. पुलिस के अनुसार, आरोपी ने कबूल लिया है कि उसने नींद की गोलियां खरीदी थी और उसे कोल्ड



ड्रिंक में मिलाकर महिला को पिलाया था. हालांकि, ऐसा करने के पीछे क्या मकसद था? इसका खुलासा आरोपी ने नहीं किया है. आरोपी ने इस सवाल पर चुप्पी साध रखी है.

पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि नशीली कोल्ड ड्रिंक पीने के बाद महिला ब्वॉयज हॉस्टल के एक कमरे में गई थी, जहां कथित दुष्कर्म को अंजाम दिया गया. पुलिस का कहना है कि पीड़िता का रेप करने के बाद आरोपी फौरन भागते हुए अपने दोस्त के पास गया और उसे पूरी घटना की जानकारी दी.

वहीं, रेप पीड़िता पर बात करते हुए पुलिस अधिकारी ने कहा कि उसके बयान में भी विरोधाभास है. पीड़िता खुद को मनोवैज्ञानिक बता रही है, लेकिन उसने अपनी कोई भी डिग्री पुलिस को नहीं दिखाई और न ही इसका खुलासा किया कि उसने मनोवैज्ञानिक की पढ़ाई कहां से की?

पीड़िता के पिता ने बेटी के साथ दुष्कर्म के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है. पिता का कहना है कि पुलिस ने जबरन उनकी बेटी पर दबाव डालकर यह केस दर्ज करवाया है. वास्तव में उनकी बेटी के साथ कोई गलत हरकत नहीं हुई है. वो रिक्शा गिरने से बेहोश हो गई थी. हालांकि, पुलिस इस बयान की भी छानबीन कर रही है कि कहीं पीड़िता के पिता ने किसी के दबाव में आकर को बयान नहीं बदला है? मामले की जांच के लिए पुलिस ने 8 सदस्यीय एसआईटी की टीम का गठन किया है.

## सुप्रीम कोर्ट बोला- केंद्र-राज्य सरकारें हेट स्पीच को रोकें

### लेकिन नागरिकों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता बनी रहे

### आरोपी की गिरफ्तारी पर रोक लगाई

### कोलकाता के वजाहत खान की याचिका पर सुनवाई



**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा- केंद्र और राज्य सरकारें हेट स्पीच यानी नफरत फैलाने वाले भाषणों को रोकें. साथ ही इस बात का ध्यान रखें कि नागरिकों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का उल्लंघन न हो. जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने कहा- लोग नफरत भरे भाषण को बोलने की आजादी समझ रहे हैं, जो गलत है. लोगों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को लेकर जागरूक करने की जरूरत है, ताकि सरकार को इसे नियंत्रित करने की जरूरत न पड़े. सुप्रीम कोर्ट ने ये बातें कोलकाता के वजाहत खान की याचिका पर सुनवाई के दौरान की. उस पर कई राज्यों में सोशल मीडिया पर नफरत और सांप्रदायिक अशांति भड़काने वाला कंटेंट पोस्ट करने के आरोप में मामले दर्ज किए गए हैं. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि लोगों को हेट स्पीच कंटेंट को लाइक नहीं करना चाहिए.

सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र, राज्यों और वजाहत खान के वकील से सुझाव मांगे कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को नुकसान पहुंचाए बिना हेट स्पीच को कैसे नियंत्रित किया जा सकता है. कोर्ट कहा- लोगों को हेट स्पीच क्यों अटपटे और गलत नहीं लगते हैं. ऐसे कंटेंट पर नियंत्रण होना चाहिए. साथ ही लोगों को भी ऐसे नफरत भरे कंटेंट को शेयर करने और लाइक करने से बचना चाहिए. वकील बोला- मेरे क्लाइंट ने माफी मांग ली है सुप्रीम कोर्ट ने खान की गिरफ्तारी पर रोक जारी रखी है. साथ ही कहा, बार-बार ऋखठ और जेल भेजने से क्या फायदा? क्या वास्तव में सभी केस एक ही ट्वीट से जुड़े हैं? इस पर खान के वकील ने कहा- मेरे क्लाइंट ने पुराने ट्वीट्स को लेकर माफी मांग ली है.

### एअर इंडिया के सीईओ ने कहा

## विमान में मशीनी या रखरखाव संबंधी समस्या नहीं थी

**नई दिल्ली:** एअर इंडिया के सीईओ और एमडी कैंपबेल विल्सन ने सोमवार को कहा कि पिछले महीने अहमदाबाद विमान दुर्घटना पर एएआईबी की प्रारंभिक रिपोर्ट में कई सारी चीजें स्पष्ट हो गई हैं. प्रारंभिक रिपोर्ट में विमान या इंजन में कोई मशीनी यानी यांत्रिक या रखरखाव संबंधी समस्या नहीं पाई गई. रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि सभी अनिवार्य रखरखाव कार्य पूरे कर लिए गए. उन्होंने एअर इंडिया के कर्मचारियों को एक संदेश में कहा, 'ईंधन की गुणवत्ता और टेक-ऑफ रोल में कोई असामान्यता नहीं थी. पायलटों ने अनिवार्य उड़ान-पूर्व ब्रेथलाइजर परीक्षण पास कर लिया था. उनकी चिकित्सा जांच के दौरान कोई भी चिंताजनक बात सामने नहीं आई थी.'इससे पहले विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो ने शनिवार को एअर इंडिया के बोइंग 787-8 विमान दुर्घटना पर अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट जारी की थी. हादसे में 12 जून को 260 लोग मारे गए थे. अहमदाबाद से लंदन गैटविक जा रही एआई 171 उड़ान भरने वाला यह विमान उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया था.



इस बात पर जोर देते हुए कि प्रारंभिक रिपोर्ट में न तो कोई कारण बताया गया है और न ही कोई सुझाव दिया गया है, विल्सन ने सभी से अपील की कि वे जल्दबाजी में कोई निष्कर्ष न निकालें, क्योंकि जांच अभी पूरी नहीं हुई है. उन्होंने कहा, 'हम जांचकर्ताओं के साथ सहयोग करते रहेंगे, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उनके पास गहन और व्यापक जांच करने के लिए आवश्यक सभी चीजें मौजूद हैं.'इसके अलावा विल्सन ने कहा कि अत्यधिक सावधानी बरतते हुए और नियामक डीजीसीए की निगरानी में हमारे बेड़े में शामिल प्रत्येक बोइंग 787 विमान की दुर्घटना के कुछ दिनों के भीतर जांच की गई और सभी सेवा के लिए उपयुक्त पाए गए. उन्होंने आगे कहा, 'हम सभी आवश्यक जांचें जारी रख रहे हैं. अधिकारियों की ओर से सुझाई गई किसी भी नई जांच को भी हम जारी रखेंगे.'एएआईबी की रिपोर्ट में कहा गया कि उड़ान संख्या एआई171 के दोनों इंजनों की ईंधन आपूर्ति एक सेकंड के अंतराल पर बंद हो गई, जिससे कॉकपिट में अफरा-तफरी मच गई और उड़ान भरने के तुरंत बाद विमान अपनी ऊंचाई खोने लगा. 15 पेज की रिपोर्ट में कहा गया कि कॉकपिट की वॉयस रिकॉर्डिंग में एक अज्ञात पायलट ने दूसरे से पूछा कि उसने ईंधन क्यों बंद कर दिया? इससे दूसरे पायलट ने इनकार कर दिया.

## ऑपरेशन सिंदूर के बाद बढ़ी ब्रह्मोस की डिमांड : खरीदने के लिए लाइन में लगे 15 देश

ब्रह्मोस अब सिर्फ एक मिसाइल नहीं, भारत के आत्मविश्वास का प्रतीक

नयी दिल्ली. भारत और पाकिस्तान के बीच मई में हुए संघर्ष के दौरान ब्रह्मोस मिसाइल ने अहम भूमिका निभाई थी. ऑपरेशन सिंदूर में भारत ने ब्रह्मोस मिसाइल से ही पाकिस्तान पर हमला किया था. इस मिसाइल की सफलता के बाद अब पूरी दुनिया इसका लोहा मान रही है. यही कारण है कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद 14-15 देशों ने ब्रह्मोस मिसाइल खरीदने में रुचि दिखाई है.रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में ब्रह्मोस मिसाइल की अहम भूमिका रही है. यही कारण है कि तब से अब तक एक दर्जन से ज्यादा देशों ने इसमें अपनी रुचि दिखाई है. ये सभी देश ब्रह्मोस मिसाइल को खरीदना चाहते हैं.

उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले ही, मैंने लखनऊ में ब्रह्मोस एयरस्पेस इंटीग्रेशन और परीक्षण केंद्र का उद्घाटन किया. आपने देखा होगा कि ऑपरेशन सिंदूर में ब्रह्मोस मिसाइल ने चमत्कारी काम किया है और इतना ही नहीं, ब्रह्मोस मिसाइल के चमत्कार के बाद, दुनिया के लगभग 14-15 देशों ने भारत से ब्रह्मोस मिसाइल की मांग की है.उन्होंने कहा, ब्रह्मोस मिसाइल अब लखनऊ से भी निर्यात की जाएगी. मेरा मानना है कि यह सुविधा रक्षा क्षेत्र में हमारे देश की आत्मनिर्भरता को मजबूत करेगी और साथ ही रोजगार भी पैदा करेगी. मेरा प्रयास है कि यहां और भी उद्योग आएं ताकि लखनऊ के साथ-साथ राज्य का भी तेजी से विकास हो.






रक्षा मंत्री ने कहा कि ब्रह्मोस अब एक मिसाइल नहीं, भारत के सैन्य आत्मविश्वास की पहचान बन चुका है. ऑपरेशन सिंदूर में इसका परफॉर्मेंस देखकर दुनिया हैरान रह गई है. भारत अब सिर्फ डिफेंस इंपोर्टर नहीं एक ग्लोबल डिफेंस एक्सपोर्टर बनता जा रहा है.रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने दावा किया कि मजबूत कानून-व्यवस्था और मजबूत बुनियादी ढांचे के बल पर उत्तर प्रदेश ज्यादा से ज्यादा उद्योगों को आकर्षित कर रहा है. उन्होंने कहा, बुनियादी ढांचे में ऐतिहासिक बदलाव हो रहे हैं.

एक्सप्रेस वे, हवाई अड्डा, मेट्रो, मेडिकल कॉलेज, ये सभी विकास की एक नई तस्वीर पेश कर रहे हैं.उन्होंने कहा, देश की सुरक्षा में उत्तर प्रदेश का बहुत बड़ा योगदान है.

## पहलगाम में हमला सुरक्षा चूक थी, जिम्मेदारी लेता हूं : मनोज सिन्हा

**श्रीनगर:** मनोज सिन्हा को जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल के तौर पर सेवा देते हुए पांच वर्ष पूरे हो गए हैं. उन्होंने अपने एक इंटरव्यू में पहलगाम हमले पर खुलकर बात की. सिन्हा ने पहलगाम हमले की पूरी जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि ये सुरक्षा में भारी चूक थी. उन्होंने कहा कि आतंकवादियों ने यह हमला पर्यटकों पर नहीं बल्कि भारत की आत्मा पर किया है.



मनोज सिन्हा ने पहलगाम हमले को लेकर अपने इंटरव्यू में कहा कि मैं इस घटना की पूरी जिम्मेदारी लेता हूं, क्योंकि यह वास्तव में एक सुरक्षा चूक थी. उन्होंने कहा कि जिस जगह हमला हुआ वह खुला मैदान था और वहां सुरक्षा बलों के लिए कोई सुविधा या जगह नहीं है. इसलिए वहां सुरक्षा बलों की तैनाती भी नहीं है. सिन्हा ने कहा कि यहां को लेकर लोगों की यही धारणा रही है कि आतंकवादी पर्यटकों को निशाना नहीं बनाते हैं. उन्होंने कहा कि आतंकवादियों ने यह हमला राष्ट्र की आत्मा पर जानबूझकर किया था. सिन्हा ने कहा कि अत्यधिक पर्यटकों के आवागमन से राज्य आर्थिक रूप से मजबूत हो रहा था. यहा की अर्थव्यवस्था पहले से दोगुनी हो गई थी. इस हमले का एक प्रमुख उद्देश्य राज्य की अर्थव्यवस्था पर गंभीर चोट मारना था.

### यूपी में जीवा व अंसारी गिरोह का शूटर शाहरुख मुठभेड़ में मारा गया

**मुजफ्फरनगर:** मुजफ्फरनगर में मेरठ स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) को बड़ी कामयाबी मिली है. मेरठ स्पेशल टास्क फोर्स ने गैंगस्टर संजीव माहेश्वरी जीवा और माफिया डॉन मुख्तार अंसारी गिरोह के शूटर शाहरुख पठान को मुठभेड़ में मार गिराया.

खालापार निवासी शाहरुख पठान ने पुलिस पर 10 से ज्यादा राउंड फायरिंग की. जवाबी फायरिंग में एसटीएफ ने शार्प शूटर शाहरुख पठान को मार गिराया. जानकारी के अनुसार, शाहरुख पठान पर एक दर्जन से अधिक मामले दर्ज थे. एसटीएफ ने मौके से तीन पिस्तौलें बरामद कीं. 60 से ज़्यादा कारतूस और एक कार भी बरामद की गई है. पुलिस ने शाहरुख पठान के पास से एक 9 एमएम की देसी पिस्तौल भी बरामद की है.एसटीएफ के एएसपी बृजेश कुमार ने बताया कि एक सूचना के आधार पर एसटीएफ टीम ने कार सवार बदमाश की घेराबंदी की थी.

### मोहम्मद यूनुस ने बरकरार रखी मैंगो डिप्लोमेसी

## बांग्लादेश ने पीएम मोदी को भेजे 1000 किलो आम

### सीएम ममता को भी हरिभंगा आम गिफ्ट किए

**ढाका:** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस ने 'हरिभंगा' किस्म के 1,000 किलोग्राम आम भारत भेजे हैं. इन्हें पीएम मोदी, भारत के राजनयिकों और दूसरे अधिकारियों को उपहार में दिए जाएंगे. भारत के साथ रिश्तों को बेहतर बनाने की कोशिश के तहत बांग्लादेश की इस पहल को 'मैंगो डिप्लोमेसी' कहा जा रहा है. इसके तहत अंतरिम सरकार ने न सिर्फ केंद्र सरकार को, बल्कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा को भी हरिभंगा आम भेजे हैं. ये 300 किलोग्राम आम 60 डिब्बों में पैक करके गुरुवार शाम करीब 5:15 बजे अखौरा लैंड पोर्ट के जरिए भेजे गए.

बांग्लादेश में 'हरिभंगा' प्रीमियम आम माना जाता है. इनकी गुणवत्ता बहुत अच्छी मानी जाती है. भारत में इसे काफी पसंद किया जाता है. बांग्लादेशी अखबार डेली सन की



रिपोर्ट के मुताबिक बांग्लादेश उच्चायोग के एक अधिकारी ने बताया कि ये आम सद्भावना के प्रतीक के तौर पर भेजे गए हैं और सोमवार को नई दिल्ली पहुंचने वाले हैं. बांग्लादेश से भारत में आम भेजने की यह परंपरा नई नहीं है. पहले की सरकारें भी भारत को आम भेजती रही हैं. इस बार यह कदम खास इसलिए माना जा रहा है, क्योंकि पिछले साल छात्रों के नेतृत्व में हुए बड़े प्रदर्शनों के बाद प्रधानमंत्री शेख हसीना को सत्ता से हटना पड़ा था. उनके हटने के बाद भारत और बांग्लादेश के रिश्तों में थोड़ी दूरी आ गई थी, क्योंकि हसीना भारत की करीबी मानी जाती थीं. ऐसे में सवाल उठ रहे थे कि क्या इस परंपरा को जारी रखा जाएगा या फिर यह बंद हो जाएगी.

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने पिछले साल सितंबर में भारत को हिल्सा मछली का निर्यात रोक दिया था. इसका मकसद घरेलू बाजार में हिल्सा मछली की आपूर्ति सुनिश्चित करना था. दुर्गा पूजा से पहले हर साल भारत आने वाली यह मछली न केवल स्वाद की वजह से मशहूर है, बल्कि भारत-बांग्लादेश रिश्तों की एक खास पहचान बन चुकी थी, जिसे 'हिल्सा डिप्लोमैसी' कहा जाता है. अगस्त 2024 में शेख हसीना सरकार के पतन के बाद यह पहला मौका था, जब हिलसा निर्यात पर पूरी तरह रोक लगा दी गई. बांग्लादेश हर साल दुर्गा पूजा से पहले 1,500 से 2,000 टन तक हिलसा मछली भारत भेजता रहा है. शेख हसीना सरकार के दौरान यह परंपरा शुरू हुई थी. यूनुस सरकार की इस पर रोक लगाने को भारत-बांग्लादेश के बीच आई कड़वाहट माना जा रहा था. हालांकि, 21 सितंबर को बांग्लादेश ने इस रोक को हटा दिया था और 3000 टन हिल्सा मछली भारत भेजने की मंजूरी दी थी.



## खेजुरी में भाजपा के 12 घंटे के बंद के दौरान सड़कों पर बवाल, पुलिस से झड़प

**कोलकाता :** पूर्व मेदिनीपुर ज़िले के खेजुरी इलाके में दो लोगों की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के विरोध में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा बुलाए गए 12 घंटे के बंद के दौरान सोमवार को भारी बवाल हुआ. प्रदर्शनकारियों की पुलिस से झड़प हुई और कई स्थानों पर सड़कों को अवरुद्ध कर दिया गया.जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार रात खेजुरी के जनका इलाके में मोहर्रम कार्यक्रम में शामिल होने गए सुजीत दास (23) और सुधीर चंद्र पाइक (65) की मौत हो गई थी. इन मौतों को लेकर विरोध तेज हो गया है. राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने आरोप लगाया कि एक स्थानीय तृणमूल कांग्रेस नेता समेत सात लोगों ने दोनों को पीट-पीटकर मार डाला. हालांकि, पुलिस का कहना है कि दोनों की मौत एक लैंपपोस्ट से गिरे हैलोजन लाइट की चपेट में आने से हुई, और उनके शरीर पर किसी प्रकार की पिटाई या हथियार से हमले के निशान नहीं मिले हैं.मामले को लेकर भाजपा ने सोमवार को बंद बुलाया और समर्थकों ने सड़कों पर पेड़ गिराकर घंटों तक यातायात को बाधित किया. पुलिस द्वारा अवरोध हटाने की कोशिश के दौरान झड़पें हुईं और आठ लोगों को गिरफ़्तार किया गया. इस दौरान एक ट्रक समेत कुछ वाहनों में तोड़फोड़ भी की गई.बंद के कारण जनजीवन पर व्यापक असर पड़ा. अधिकांश दुकानें बंद रहीं और सार्वजनिक परिवहन भी प्रभावित हुआ, जिससे आम लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ी.स्थिति को नियंत्रित करने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है. भाजपा विधायक शांतनु प्रमाणिक ने दावा किया कि बंद को आम जनता का समर्थन मिला और पूरा खेजुरी क्षेत्र ठप रहा. शुभेंदु अधिकारी ने इलाके में पदयात्रा निकाली और आरोपितों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करने की मांग की. वहीं, भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुलिस पर स्थानीय लोगों को परेशान करने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह बंद आम जन की नाराजगी को दर्शाता है.

## हावड़ा के बी गार्डेन इलाके में युवक की हत्या के बाद बवाल, जनता का विरोध प्रदर्शन

**हावड़ा :** हावड़ा के बी गार्डेन इलाके में रविवार रात एक वर्षीय युवक की हत्या के बाद जमके बवाल हुआ. हालांकि, घटना के कुछ ही घंटों के भीतर पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया.घटना के विरोध में स्थानीय लोगों ने थाने का घेराव किया और जोरदार विरोध प्रदर्शन किया. आक्रोशित भीड़ की मांग थी कि गिरफ्तार आरोपितों को सार्वजनिक रूप से पेश किया जाए.पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृत युवक का नाम शेख साहेब (23) है जो स्थानीय तौर पर एक गारमेंट फैक्ट्री में मजदूरों की आपूर्ति का काम करता था. परिवार के अनुसार, रविवार रात करीब 8 बजे कुछ परिचित युवक उसे घर से बाहर बुलाकर ले गए. इसके कुछ ही देर बाद परिजनों को उसकी मौत की सूचना मिली. सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और युवक का शव बरामद किया. पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए हत्या के आरोप में दो संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया है.हत्या की खबर फैलते ही स्थानीय लोगों में आक्रोश भड़क गया. बड़ी संख्या में लोग बी गार्डेन थाने के बाहर इकट्ठा होकर थाने का घेराव करने लगे. उनकी मांग थी कि गिरफ्तार किए गए आरोपितों को सबके सामने लाया जाए और कड़ी से कड़ी सजा दी जाए. देर रात तक पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच तनावपूर्ण माहौल बना रहा.पुलिस अधिकारियों ने लोगों को शांत करने की कोशिश की और आश्वासन दिया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा. इसके बावजूद सोमवार सुबह तक इलाके में स्थिति पूरी तरह सामान्य नहीं हो पाई थी और तनाव बना रहा.

# न्यूज कॉर्नर

## आसनसोल और गोविंदपुरी के बीच श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी

**कोलकाता :** यात्रियों की अपेक्षित भीड़ को देखते हुए, रेलवे ने गोविंदपुरी और आसनसोल के बीच श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है. यह विशेष ट्रेन मेला अवधि के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए अतिरिक्त क्षमता और सुविधा प्रदान करेगी.04158 गोविंदपुरी-आसनसोल श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन गोविंदपुरी से सुबह 8:15 बजे प्रस्थान करेगी. 04157 आसनसोल-गोविंदपुरी श्रावणी मेला स्पेशल 14 जुलाई से 11 अगसत के बीच प्रत्येक सोमवार को (05 ट्रिप) रवाना होकर अगले दिन सुबह 6:30 बजे आसनसोल पहुँचेगी. 04157 आसनसोल-गोविंदपुरी श्रावणी मेला स्पेशल 15 जुलाई से 12 अगस्त के बीच प्रत्येक मंगलवार को (05 ट्रिप) आसनसोल से सुबह 7:45 बजे प्रस्थान करके अगले दिन सुबह 8:40 बजे गोविंदपुरी पहुँचेगी. यह विशेष ट्रेन मार्ग में आसनसोल मंडल के चित्तरंजन, मधुपुर और जसीडीह स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में रुकेगी. इस ट्रेन में केवल सामान्य द्वितीय श्रेणी की व्यवस्था होगी.

## श्रावणी मेले के दौरान कई स्टेशनों पर ट्रेनों का अतिरिक्त ठहराव

**कोलकाता :** रेलवे ने श्रावणी मेले के दौरान पूर्व मध्य रेलवे के डुमरी हॉल्ट और अथमल गोला स्टेशनों पर निम्नलिखित श्रावणी मेला ट्रेनों का अतिरिक्त ठहराव तत्काल प्रभाव से प्रदान करने का निर्णय लिया है:
03511 आसनसोल-पटना श्रावणी मेला स्पेशल डुमरी हॉल्ट स्टेशन और अथमल गोला स्टेशन पर क्रमशः 22:12 बजे और 23:17 बजे पहुँचेगी और 03512 पटना-आसनसोल श्रावणी मेला स्पेशल अथमल गोला स्टेशन और डुमरी हॉल्ट स्टेशन पर क्रमशः 03:55 बजे और 04:55 बजे पहुँचेगी. दोनों ट्रेनें उपरोक्त स्टेशनों पर 02 मिनट रुकेंगी.03553 आसनसोल - दानापुर श्रावणी मेला स्पेशल डुमरी हॉल्ट स्टेशन और अथमल गोला स्टेशन पर क्रमशः 23:17 बजे और 00:11 बजे पहुँचेगी और 03554 दानापुर - आसनसोल श्रावणी मेला स्पेशल अथमल गोला स्टेशन और डुमरी हॉल्ट स्टेशन पर क्रमशः 04:44 बजे और 05:39 बजे पहुँचेगी. दोनों ट्रेनें उपरोक्त स्टेशनों पर 02 मिनट रुकेंगी.

## बच्ची से दुष्कर्म के बाद वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने के आरोप में युवक गिरफ्तार

**बांकुड़ा :** जिले के इंदस थाना इलाके में एक युवक ने एक साढ़े तीन वर्षीय नाबालिग से दुष्कर्म के तकरीबन तीन महीने बाद उसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया. पीडिया के परिजनों की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है. सोमवार को पुलिस ने आरोपित को बिष्णुपुर महकमा अदालत में पेश किया.पीड़िता के परिवार के अनुसार, प्रीतम संतरा (19) नाम के युवक ने तीन महीने पहले साढ़े तीन साल की बच्ची के साथ अकेले में बलात्कार किया था. इस घटना में बच्चे के गुप्तांगों पर चोट आई थी. यह मामला परिवार की नज़रों से बच नहीं पाया. लेकिन उस समय बच्चे के परिवार ने इस मामले पर ज़्यादा ध्यान नहीं दिया क्योंकि बच्ची ने परिवार को बलात्कार की जानकारी नहीं दी थी.हाल ही में, जब आरोपित युवक ने बच्ची के यौन शोषण का वीडियो सोशल मीडिया पर फैलाया, तो मामला पीड़िता के परिवार वालों के ध्यान में आया. इसके बाद, पीड़िता के परिवार ने आनन-फानन में इंदस थाने में आरोपित के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई और पुलिस ने कल रात आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस ने सोमवार को आरोपित को बिष्णुपुर महकमा न्यायालय में पेश किया और पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए बिष्णुपुर जिला अस्पताल भेज दिया. पुलिस ने आरोपित के खिलाफ पॉक्सो और आईटी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है. पीड़िता के परिवार ने आरोपित को सख्त से सख्त सजा देने की मांग की है.

## नदिया के शांतिपुर हरिपुर क्षेत्र में नदी कटाव का निरीक्षण करने पहुँचे एसडीओ

**नदिया:** नदिया ज़िले के शांतिपुर ब्लॉक के हरिपुर ग्राम पंचायत अंतर्गत नूतनग्राम इलाके में भागीरथी नदी के किनारे हुए कटाव को लेकर प्रशासन और जनप्रतिनिधि सक्रिय हो गए हैं. अभी तटबंध निर्माण का कार्य पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ था कि तेज जल प्रवाह की वजह से काले प्लास्टिक और मिट्टी के थैले बह गए, जिससे इलाके में चिंता का माहौल बना.घटना सामने आते ही जिला प्रशासन की ओर से तुरंत कार्रवाई की गई. आज मौके पर पहुँचे रानाघाट महकुमा शासक भरत सिंह, शांतिपुर के बीडीओ संदीप घोष और शांतिपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक ब्रज किशोर गोस्वामी. उनके साथ सिंचाई विभाग के इंजीनियर भी उपस्थित थे. सभी ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मरम्मत कार्य की निगरानी की.घटना के 24 घंटे के भीतर ही नदी किनारे के क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया गया है. हालांकि, प्रशासनिक अधिकारियों से लेकर विधायक तक सभी ने एक स्वर में इसे 'नदी कटाव' न मानते हुए इसे जल के दबाव के कारण बाली के थैलों के बहने की सामान्य घटना बताया है.फिलहाल, मौके पर काम जारी है और प्रशासन की ओर से आश्वासन दिया गया है

# नौकरी देने के नाम पर 16 लाख ठगने वाले तृणमूल नेता की पिटाई





**कोलकाता :** नौकरी देने के नाम पर 16 लाख रुपये ठगने वाले एक तृणमूल नेता की आज पिटाई हो गयी. हरिश्चंद्रपुर थाना क्षेत्र के हरिश्चंद्रपुर सदर निवासी नशा परवीन और हाज़रा खातून से मालदा जिला तृणमूल की जय हिंद बाहिनी के जिला महासचिव जहांगीर आलम ने विधानसभा चुनाव से पहले दोनों बहनों को आंगनबाड़ी में नौकरी देने के नाम पर कई किश्तों में कुल 16 लाख रुपये लिए. उन्होंने आश्वासन दिया था कि राज्य के मंत्री फिरहाद हकीम के साथ उनके अच्छे संबंध हैं, पंद्रह दिनों के भीतर नौकरी लग जाएगी.

कुछ साल पहले पिता को खो देने वाली दोनों बहनें नौकरी की उम्मीद में उस नेता को अपनी आखिरी बची हुई जमीन और कुछ बचाए हुए पैसे भी दे दिए, लेकिन नौकरी कोसों दूर थी. डेढ़ साल से अधिक समय बीत जाने के बाद भी उन्हें पैसे वापस नहीं मिले. खबर मिलते ही नशा परवीन पैसे मांगने उसके पासगई और खेला शुरू हो गया.

उसने और उसके साथ जनता ने जहांगीर को दम भर पीटा और बाद में थाने से आये कुछ पुलिस कर्मियों ने उन्हें छुड़ाकर रिहा करवाया. इसका एक वीडियो वायरल हो रहा है, हालांकि युवाशक्ति इस वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता.

## पुरुलिया में भारी बरसात में टूटा पुल का हिस्सा, कई गांवों का संपर्क टूटा

**पुरुलिया :** पुरुलिया ज़िले में लगातार हो रही बारिश के चलते रविवार शाम एक पुल का एक हिस्सा ढह गया, जिससे इलाके के कई गांवों का संपर्क पूरी तरह से टूट गया है. इस घटना से स्थानीय लोगों में भारी चिंता है. इसकी वजह से सोमवार सुबह स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा.जानकारी के अनुसार, बलरामपुर थाना अंतर्गत नेकड़े-देउली गांव के पास से एक शाखा नदी बहती है. इस नदी के एक ओर गड़गा, काशिडी और पौनबाइद गांव स्थित हैं. दूसरी ओर अयोध्या पहाड़तली, चिरुगोड़ा और पारडी गांव बसे हैं. यह पुल इन दोनों इलाके के लोगों के लिए बलरामपुर आने-जाने का मुख्य ज़रिया था. हर दिन सैकड़ों लोग इस पुल के ज़रिए आवागमन करते थे लेकिन रविवार तेज़ बारिश के कारण पुल का एक हिस्सा टूटकर बह गया. इस कारण दोनों किनारों के गांवों के बीच संपर्क पूरी तरह बाधित हो गया है.

## दीपक विश्वास के भाई का दावा : भाजपा के सहयोग से उड़ीसा से लौटा मेरा भाई

**हुगली :** जिले के चुंचुड़ा सुकांत नगर के निवासी दीपक विश्वास एक दिन पहले ही उड़ीसा से अपने घर लौटे है. दीपक को बांग्लादेशी समझकर उड़ीसा में हिरासत में ले लिया गया था.
दीपक के भाई सुमन विश्वास ने सोमवार शाम 'हिन्दुस्थान समाचार' से विशेष बातचीत के दौरान बताया कि जब दीपक उड़ीसा में फंसे हुए थे तो वे लोग यहां स्थानीय थाने में गए लेकिन उन्हें कोई सहयोग नहीं मिला. वे तृणमूल नेताओं के पास भी गए लेकिन उनकी ओर से भी कोई सहयोग नहीं मिला.
भाजपा नेता दीपांजन गुहा ने हमारा काफी सहयोग किया और उनके सहयोग से ही मेरा भाई लौटा है. स्थानीय प्रशासन या तृणमूल कांग्रेस की ओर से हमें कोई सहयोग नहीं मिला लेकिन वे श्रेय लेने की होड़ में आगे हैं.उल्लेखनीय है कि रविवार को चुंचुड़ा में तृणमूल कांग्रेस ने उड़ीसा से लौटे देवाशीष दास को लेकर एक बड़ी रैली निकाली थी. इस दौरान उन्होंने आरोप लगाया था कि भाजपा शासित राज्यों में बंगालियों को बांग्लादेशी बताकर उनपर अत्याचार किया जा रहा है.




दीपक विश्वास के उड़ीसा से लौटने के बाद भाजपा प्रदेश सचिव दीपांजन गुहा के नेतृत्व में भाजपा की एक टीम सोमवार को दीपक के घर पहुंची और उनका हालचाल जाना.
प्रदेश भाजपा के सचिव दीपांजन गुहा ने कहा कि यह समस्या वामपंथियों और तृणमूल कांग्रेस की देन है. पहले वे घुसपैठ कराते हैं और बाद में धर्म बदलकर घुसपैठियों को मतदाता सूची में शामिल करवाते हैं. इससे देश की सुरक्षा को खतरा है.
इसलिए देश में मतदाता सूची में सफाई अभियान चलाया जा रहा है. भाजपा नेता ने सवाल किया कि उड़ीसा से श्रमिकों के लौटने के बाद उनको लेकर रैली निकालने वाले विधायक असित मजूमदार तब कहां थे जब ये लोग वहां फंसे हुए थे. खबर लिखे जाने तक इस मामले में तृणमूल कांग्रेस की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल पाई थी.

## धनियाखाली कनुईबाका अखिरपुर सहकारी समिति में नामांकन को लेकर बवाल

### भाजपा कार्यकर्ताओं पर तृणमूल समर्थकों का हमला

**हुगली :** जिले के धनियाखाली कनुईबाका अखिरपुर सहकारी समिति के चुनाव को लेकर सोमवार दोपहर भारी बवाल हो गया. नामांकन दाखिल करने पहुंचे भाजपा नेता और कार्यकर्ताओं को तृणमूल कांग्रेस समर्थकों ने रोका और उनके साथ मारपीट की.
भाजपा कार्यकर्ताओं का आरोप है कि तृणमूल के गुंडों ने उनके हाथ से नामांकन पत्र छीन लिया. इस घटना में भाजपा के मंडल अध्यक्ष अमर मुर्मू गंभीर रूप से घायल हो गए.
उन्हें तत्काल चुंचुड़ा इमामबाड़ा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है. फिलहाल स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में अस्पताल पहुंच रहे हैं और घटना के खिलाफ प्रदर्शन की तैयारी कर रहे हैं.



घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है.
प्रशासन की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन पुलिस बल तैनात कर स्थिति को नियंत्रण में लाने की कोशिश की जा रही है.भाजपा ने इस हमले को लोकतंत्र पर हमला बताया है और तृणमूल सरकार पर गुंडागर्दी फैलाने का आरोप लगाया है.
वहीं, तृणमूल की ओर से अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है.

## पुरानी रंजिश में दोस्त की कर दी हत्या ! तीन गिरफ्तार

**पश्चिम बर्धमान :** पुरानी रंजिश में दोस्त ने दोस्त की हत्या कर दी. घटना रविवार रात शिबपुर बॉटनिकल गार्डन थाना अंतर्गत नस्कर पाड़ा में हुई. पुलिस सूत्रों के अनुसार, नस्कर पाड़ा में रात का खाना खाने के बाद पुराने विवाद को लेकर चार दोस्तों में बहस हो गई. इस दौरान शुवोजित माइती नामक युवक ने कैरी रोड निवासी शेख साहेब (23) के चेहरे पर जोरदार मुक्का मारा. शेख साहेब सड़क पर गिर पड़े और उनके सिर से खून बहने के कारण उन्हें गंभीर चोटें आईं. घटना के बाद दोस्त और स्थानीय निवासी उन्हें अंदुल रोड स्थित एक निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. उनकी मौत की खबर फैलते ही साहेब के घर और कैरी रोड से पड़ोस के लोग अस्पताल में जमा हो गए.

# किसानों को नहीं मिल रहे आलू के उचित दाम, बिचौलियों ने बढ़ाई मुश्किलें

**पूर्व बर्दवान :** अच्छे दाम की उम्मीद में कई किसान आलू को कोल्ड स्टोरेज में रखकर मुनाफा कमाने का सपना देख रहे थे, लेकिन बाजार की मौजूदा स्थिति ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया है. इस समय आलू की बिक्री से मिलने वाले पैसों से किसान धान की खेती करते हैं, जिसमें खाद, मजदूरी और अन्य जरूरी खर्च शामिल हैं. लेकिन कोल्ड स्टोरेज में रखा आलू अब किसानों को मात्र 6 से 7 रुपये प्रति किलो के दाम पर बेचना पड़ रहा है. कई किसानों का कहना है कि यदि उन्होंने खेत से ही आलू बेच दिया होता, तो ज्यादा फायदा होता. अब कोल्ड स्टोरेज में रखे आलू से व्यापारी तो मुनाफा कमाएंगे, लेकिन किसानों को घाटा उठाना पड़ेगा.बोहार के किसान शेख मोहम्मद यूसुफ ने बताया कि बिचौलिये आलू बेचकर मोटा मुनाफा कमा रहे हैं. खुले बाजार में आलू 17 से 19 रुपये प्रति किलो के भाव में बिक रहा है, और कई जगहों पर तो इससे भी अधिक दाम मिल रहे हैं. इसके बावजूद किसान 10 रुपये प्रति



किलो भी नहीं पा रहे हैं. अगर आलू के दाम नहीं बढ़े, तो किसानों को बड़ा झटका लगेगा. उनका कहना है कि यदि कोल्ड स्टोरेज में रखने के बाद भी अच्छा दाम न मिले, तो किसान भविष्य में आलू भंडारण के प्रति उत्साह खो देंगे.मेमारी-2 ब्लॉक के कानपुर गांव के किसान देबप्रसाद कर्मकार ने कहा कि खुले बाजार में आलू की कीमतों में गिरावट नहीं आई है, लेकिन किसानों को कीमत नहीं मिल रही है. यदि यही स्थिति बनी रही, तो उनकी खेती की लागत भी नहीं निकल पाएगी. लाभ केवल बिचौलियों और बड़े व्यापारियों को हो रहा है. अभी दाम कम हैं, लेकिन पूजा के बाद स्थिति बदल जाएगी. तब किसानों के पास स्टॉक नहीं रहेगा और बड़े व्यापारी ही फायदा उठाएंगे.कृषि विभाग के सूत्रों के अनुसार, पिछले सीजन में पूर्व बर्दवान के हर ब्लॉक में पर्याप्त मात्रा में आलू का उत्पादन हुआ था. हालांकि कुछ पंचायतों में बारिश के कारण नुकसान हुआ था, जिन किसानों को नुकसान हुआ, उन्हें बीमा का पैसा मिला है. कई छोटे किसान बेहतर कीमत की आस में कोल्ड स्टोरेज में आलू रखे हुए हैं. लेकिन अब धान की कीमत भी गिर गई है, और खाद्य विभाग दूर-दराज के इलाकों में कैंप नहीं लगा रहा है. नतीजतन, किसान कोल्ड स्टोरेज से आलू निकालकर बेचने को मजबूर हो रहे हैं. पूर्व बर्दवान जिला परिषद के सभाधिपति श्यामप्रसन्न लोहार ने कहा कि आलू के दाम में इतना अंतर नहीं होना चाहिए. जब ग्राहक अधिक कीमत देकर आलू खरीद रहे हैं, तो किसानों को भी अधिक लाभांश मिलना चाहिए. उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ी तो बाजारों में अभियान चलाया जाएगा.
वहीं व्यापारियों का कहना है कि कोल्ड स्टोरेज से निकाले गए आलू को छांटना पड़ता है. छोटे आकार के आलू की कीमत नहीं मिलती. छांटने के बाद जब अच्छी क्वालिटी का आलू बाजार में भेजा जाता है, तब उसकी कीमत ज्यादा मिलती है. यदि किसान भी छांटे हुए आलू बाजार में भेजते, तो उन्हें भी बेहतर दाम मिल सकता था.

# रेलवे न्यूज

## सियालदह मंडल को अत्याधुनिक आरपीएफ महिला बैरक का तोहफ़ा



**कोलकाता :** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की महिला कर्मियों के लिए आवास और कल्याण सुविधाओं को बेहतर बनाने के एक समर्पित प्रयास के तहत, आज नारकेलडांगा रेल कॉलोनी, सियालदह में पूर्व रेलवे महिला कल्याण संगठन (ईआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ) की अध्यक्ष श्रीमती सीमा देउस्कर द्वारा नवनिर्मित 'शहीद अश्विनी बी. वाघारे आरपीएफ महिला बैरक' का उद्घाटन किया गया. इस कार्यक्रम में पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे.इस बैरक का नाम आरपीएफ की एक बहादुर महिला कांस्टेबल स्वर्गीय अश्विनी बलिराम वाघारे के सम्मान में उनकी समर्पित सेवा के सम्मान में रखा गया है. इस पावन अवसर पर श्रीमती सीमा देउस्कर ने पूर्व रेलवे की ओर से दिवंगत कांस्टेबल की माँ का भी सम्मान किया और उनके प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया. नवनिर्मित आरपीएफ बैरक में 8 विशाल कमरे हैं, जिनमें 16 महिला आरपीएफ कर्मियों के रहने की व्यवस्था है, प्रत्येक कमरे में दो. बैरक में रहने वालों की शारीरिक फिटनेस और तंदुरुस्ती के लिए आधुनिक जिम की सुविधा उपलब्ध है. इसके अतिरिक्त, आरामदायक और स्वच्छ रहने का वातावरण सुनिश्चित करने के लिए एक सुसज्जित भोजन कक्ष, वाशिंग मशीन और वाटर प्यूरीफायर की व्यवस्था की गई है.इस शुभ कार्यक्रम के तहत, नारकेलडांगा रेल कॉलोनी स्थित 'आयुष वन' में सामूहिक पौधारोपण अभियान भी चलाया गया. श्रीमती सीमा देउस्कर मिलिंद देउस्कर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने पर्यावरणीय स्थिरता और प्राकृतिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हुए इलायची, लेमनग्रास, सर्पगंधा, अदरक, एलोवेरा, कालमेघ, ब्राह्मी, अमरूद, आम, जामुन आदि सहित विभिन्न प्रकार के आयुर्वेदिक और फलदार पौधे लगाए.इस कार्यक्रम में पूर्व रेलवे के अपर महाप्रबंधक शीलेन्द्र प्रताप सिंह, पूर्व रेलवे के महानिरीक्षक-सह-पीसीएससी/आरपीएफ अमिय नंदन सिन्हा, सियालदह के मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे के प्रमुख विभागाध्यक्ष और मंडल रेल अधिकारियों सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे. यह पहल पूर्व रेलवे की महिला कर्मचारियों के कल्याण, सुरक्षा और सशक्तिकरण के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है, साथ ही पर्यावरण संरक्षण के प्रति उसके समर्पण को भी पुष्ट करती है.

## श्रावणी मेला के दौरान मधुपुर -गया तथा मधुपुर- पटना के बीच चलेगी मेमू स्पेशल

**कोलकाता :** यात्रियों की अपेक्षित भीड़ को कम करने के लिए, रेलवे ने श्रावणी मेला के दौरान मधुपुर और गया तथा मधुपुर और पटना के बीच श्रावणी मेला मेमू विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है. यह विशेष ट्रेनें मेला अवधि के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को समायोजित करने के लिए अतिरिक्त क्षमता और लचीलापन प्रदान करेंगी.03654 गया-मधुपुर श्रावणी मेला मेमू स्पेशल गया से 17:00 बजे खुलेगी. 03653 मधुपुर-गया श्रावणी मेला मेमू स्पेशल 16 जुलाई और 10 अगस्त के बीच प्रतिदिन 02:50 बजे मधुपुर से प्रस्थान करेगी (26 ट्रिप) और उसी दिन 12:00 बजे गया पहुँचेगी. यह विशेष ट्रेन मार्ग में पूर्वी रेलवे क्षेत्राधिकार में मधुपुर और झाझा के बीच सभी स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में रुकेगी.03268 पटना-मधुपुर श्रावणी मेला मेमू स्पेशल 16 जुलाई और 9 अगस्त के बीच प्रतिदिन 23:10 बजे पटना से प्रस्थान करेगी (25 ट्रिप) और 08:35 बजे मधुपुर पहुँचेगी. अगले दिन और 03267 मधुपुर-पटना श्रावणी मेला मेमू स्पेशल दिनांक 17 जुलाई और 10 अगस्त के बीच (25 ट्रिप) प्रतिदिन मधुपुर से सुबह 08:45 बजे प्रस्थान कर उसी दिन शाम 6:30 बजे पटना पहुँचेगी. यह विशेष ट्रेन मार्ग में पूर्वी रेलवे क्षेत्राधिकार में मधुपुर और झाझा के बीच सभी स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में रुकेगी.

## रेलवे कर्मचारियों के लिए कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन प्रशिक्षण आयोजित



**कोलकाता :** रेलवे कर्मियों में आपातकालीन तैयारी और जीवन रक्षक कौशल को बढ़ाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल के तहत, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, सियालदह मंडल के तत्वावधान में आज मंथन, सियालदह में कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया. यह प्रशिक्षण विशेष रूप से स्काउट्स एवं गाइड्स, सेंट जॉन एम्बुलेंस के सदस्यों और अन्य विभागीय कर्मियों सहित गैर-चिकित्सा रेलवे कर्मचारियों के लिए आयोजित किया गया था.कार्यक्रम का उद्घाटन राजीव सक्सेना, मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम), सियालदह ने दीप प्रज्वलित करके किया. इस अवसर पर डॉ. कल्पना मंडल, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस), सियालदह और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे. अपने संबोधन में, डीआरएम ने यात्रियों और लाभार्थियों से जुड़ी चिकित्सा आपात स्थितियों के दौरान समय पर और प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के लिए अग्रिम पंक्ति के रेलवे कर्मचारियों के लिए सीपीआर प्रशिक्षण के महत्व पर ज़ोर दिया.विभिन्न विभागों के कुल 70 रेलवे कर्मचारियों ने इस कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिसमें इंटरैक्टिव सत्र और पुतलों का उपयोग करके व्यावहारिक प्रशिक्षण शामिल था. इस प्रशिक्षण का संचालन और संचालन भारतीय बाल चिकित्सा अकादमी के वरिष्ठ डॉक्टरों द्वारा किया गया, जिनमें डॉ. अरुण कुमार मांगलिक, डॉ. देबजानी गुप्ता, डॉ. नंदिनी सिन्हा रॉय, डॉ. अनिंदिता नंदी, डॉ. सायंतन साहा, वरिष्ठ डीएमओ (बाल चिकित्सा) और डॉ. चैताली पात्रा, वरिष्ठ डीएमओ (बाल चिकित्सा), बीआरएसएच शामिल थे. इस कार्यक्रम का समन्वय डॉ. संजीव चौधरी, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण), सियालदह और उनकी समर्पित टीम द्वारा किया गया. विद्युत, सिग्नल एवं दूरसंचार, और इंजीनियरिंग जैसे विभागों ने कार्यक्रम के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए अपना सहयोग प्रदान किया. प्रशिक्षण सत्र बहुत सफल रहा, जिसमें कर्मचारियों को महत्वपूर्ण जीवन रक्षक कौशल से लैस किया गया तथा यात्री सुरक्षा और कल्याण के प्रति सियालदह डिवीजन की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ किया गया.पूर्व रेलवे के महानिरीक्षक-सह-पीसीएससी/आरपीएफ अमिय नंदन सिन्हा, सियालदह के मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे के प्रमुख विभागाध्यक्ष और मंडल रेल अधिकारियों सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे. यह पहल पूर्व रेलवे की महिला कर्मचारियों के कल्याण, सुरक्षा और सशक्तिकरण के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है, साथ ही पर्यावरण संरक्षण के प्रति उसके समर्पण को भी पुष्ट करती है.

# नौकरी बहाली की मांग कर रहे शिक्षकों को नबान्न की ओर मार्च करने से रोका गया

**कोलकाताः** पश्चिम बंगाल में नौकरी बहाली की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे योग्य और बेदाग स्कूल शिक्षकों की सोमवार दोपहर उस समय पुलिस के साथ झड़प हो गई, जब उनके विरोध मार्च को राज्य सचिवालय नबान्न से कुछ किलोमीटर पहले हावड़ा मैदान के पास रोक दिया गया. शिक्षक अधिकार मंच के बैनर तले संगठित प्रदर्शनकारियों ने वर्दीधारी कर्मियों के बनाए मानव अवरोधकों को तोड़ते हुए उनके साथ धक्का-मुक्की की, जिससे मौके पर तनाव पैदा हो गया. प्रदर्शनकारी सचिवालय तक पहुंचने और अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से मिलने पर अड़े रहे. प्रदर्शनकारियों को अंततः पुलिस ने लोहे के बैरिकेड लगाकर रोक दिया, जो पहले जीटी रोड पर मलिक फाटक के पास लगाए गए थे. कानून लागू करने वाले अधिकारियों ने लाउडस्पीकर के माध्यम से प्रदर्शनकारियों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार के बल या हिंसा का सहारा न लें. प्रदर्शनकारियों को बैरिकेड को पार करने के प्रयास में पुलिस के साथ बहस और बार-बार हाथापाई करते देखा गया, जिसके कारण कभी-कभी झड़पें भी हुईं. मार्च का नेतृत्व कर रहे शिक्षकों के एक वर्ग ने दावा किया कि 20 शिक्षकों का एक प्रतिनिधिमंडल अपनी मांगों को मानने का दबाव बनाने के लिए नबान्न में मुख्य सचिव मनोज पंत से मुलाकात करेगा. प्रदर्शनकारी शिक्षक 2016 में स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) की ओर से आयोजित भर्ती परीक्षा की ओएमआर शीट प्रकाशित करने, दागी और बेदाग उम्मीदवारों की पूरी सूची प्रकाशित करने तथा बिना शर्त नौकरी पर उनकी बहाली समेत अन्य मांगों को लेकर प्रदर्शन रहे हैं. उन्होंने आधिकारिक प्रतिक्रिया के लिए मुख्यमंत्री से मुलाकात की मांग की है. नबान्न की ओर बढ़ते प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए लाठीधारी पुलिसकर्मियों और त्वरित प्रतिक्रिया बल (आरएएफ) के जवानों की एक बड़ी टुकड़ी तैनात की गई थी. उन्हें पानी की बौछार करने वाली मशीनों और ड्रोन निगरानी प्रणाली से लैस किया गया था. सचिवालय की ओर जाने वाले विभिन्न मार्गों पर लोहे के कई बैरिकेड लगाए गए



थे, जिनमें से कुछ तो 10 फुट तक ऊंचे थे. मार्च कर रहे प्रदर्शनकारियों ने उस रास्ते का उल्लंघन किया, जिससे पुलिस ने शुरू में उन्हें मार्च निकालने की अनुमति दी थी. वे अपने गंतव्य तक पहुंचने की कोशिश में जीटी रोड पर ही डटे रहे. एक प्रदर्शनकारी शिक्षक ने कहा, हम कोई परीक्षा नहीं देंगे. हमारे साथ अन्याय हुआ है और यह सरकार की जिम्मेदारी है कि वह हमें हमारे मूल पदों पर वेतन सहित बहाल करे. एक अन्य शिक्षक ने कहा, हमें बताया गया है कि मुख्य सचिव हमसे मिलने के लिए तैयार हैं, लेकिन हम चाहते हैं कि उस बैठक में मुख्यमंत्री भी शामिल हों. हम चाहते हैं कि राज्य का सर्वोच्च कार्यकारी अधिकारी हमारे सवालों का जवाब दे. उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल में 2016 की एसएससी परीक्षा के तहत शिक्षण और गैर-शिक्षण पदों पर हुई नियुक्तियों को अप्रैल 2025 में इस आधार पर रद्द कर दिया था कि बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के कारण चयन प्रक्रिया इतनी विकृत हो गई थी कि उसे सुधारा नहीं जा सकता था, जिसके कारण लगभग 26,000 नौकरियां समाप्त हो गईं. शीर्ष अदालत ने रिक्त पदों के लिए नये सिरे से चयन प्रक्रिया शुरू करने का आदेश दिया था. साथ ही राज्य सरकार और एसएससी को निर्देश दिया था कि पात्र उम्मीदवारों को नये सिरे से परीक्षा देने सहित पूरी प्रक्रिया में शुरुआती चरण से हिस्सा लेना होगा. एसएससी और राज्य सरकार, दोनों ने ही शीर्ष अदालत के समक्ष पुनर्विचार याचिकाएं दायर करने की अपनी योजना जाहिर की है, लेकिन हितधारकों ने उच्च न्यायालय में उन दागी उम्मीदवारों को भी नयी चयन प्रक्रिया में हिस्सा लेने की अनुमति देने की असफल अपील की, जिन्होंने नौकरी हासिल करने के लिए अनुचित साधनों का सहारा लिया था. एक प्रदर्शनकारी ने कहा, हम डरते नहीं हैं, क्योंकि हम सच्चाई के साथ खड़े हैं. मुख्यमंत्री लगातार दागी उम्मीदवारों के साथ खड़ी रही हैं. इसीलिए वह हमसे मिलने से कतरा रही हैं और हमें अपने कार्यालय तक पहुंचने से रोकने के लिए पुलिस बल का इस्तेमाल कर रही हैं. एक अन्य प्रदर्शनकारी शिक्षक ने कहा, इस सरकार ने अपनी ही व्यवस्था में व्याप्त भ्रष्टाचार के कारण पैदा हुए संकट को सुलझाने का कोई प्रयास नहीं किया है. अगर इस सरकार में सही राजनीतिक इच्छाशक्ति होती, तो अब तक बेदाग और योग्य शिक्षकों की सूची आधिकारिक रूप से प्रकाशित कर दी गई होती. इसके बजाय, इसने दागियों का साथ देना चुना है. यह रैली भ्रष्ट लोगों के अहंकार को चुनौती है. वहीं, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रवक्ता कुणाल घोष ने आरोप लगाया कि वामपंथी और भगवा दल ऐसे आंदोलन से राजनीतिक लाभ हासिल करने के लिए शिक्षकों को उकसा रहे हैं. घोष ने कहा, उच्चतम न्यायालय ने उनकी नौकरियां समाप्त कर दी हैं. हमारी सरकार कानूनी तौर पर इसके खिलाफ लड़ रही है. उसने प्रभावित गैर-शिक्षण कर्मचारियों को अंतरिम राहत देने की कोशिश की थी, लेकिन वामपंथी और भगवा ब्रिगेड ने अदालत में उसे नाकाम कर दिया. अब वे राजनीतिक लाभ लेने के लिए शिक्षकों को भड़का रहे हैं.

## न्यूज़ कॉर्नर

### गंगा की उफान में डूब रहे छह बच्चों के लिए फरिश्ता बने एएसआई माणिक डे



**कोलकाताः** लगातार बारिश से गंगा सहित अन्य नदियों में उफान है. मटियाबुर्ज स्थित गंगा में नहाने गए उन बच्चों की तब सांस फूल गई जब वह तेज बहाव में बहने लगे. पानी के तेज़ बहाव में संतुलन न बना पाने के कारण एक-दो नहीं बल्कि कुल छह बच्चे बहने लगे लेकिन उन्हें जिन्दगी की उम्मीद तब दिखी जब इन बच्चों के हाथ बड़ा थर्मोकोल लग गया. उक्त बच्चे इसी थर्मोकोल के साथ अपने के बहने से बचा रहे थे. लेकिन तभी मटियाबुर्ज थाने के एक एएसआई माणिक डे की नजर इन बच्चों पर पड़ी और वह इन बच्चों के लिए फरिश्ता साबित हुए. पुलिस व स्थानीय सूत्रों के अनुसार उक्त घटना दोपहर ढाई बजे मटियाबुर्ज के स्थित बिचालीघाट की है. उक्त छह नाबालिग बिचाली घाट पर नहाने गए थे. इस दौरान एएसआई माणिक डे नदी के किनारे गश्त पर थे. अचानक उनकी नजर नेताजी सुभाष डॉक के सामने छह बच्चों को बहते देखा. सभी बच्चे डर के मारे नदी में चीख रहे थे. थर्मोकोल भी किसी काम नहीं आ रहा था. एएसआई माणिक ने तुरंत लॉन्च कर्मचारियों से संपर्क किया और उनकी मदद से छह बच्चों को नदी से बाहर निकाला. बहरहाल जो भी हो लेकिन एएसआई माणिक की तत्परता से नदी में डूब रहे सभी छह बच्चों को बचाया जा सका. उपरोक्त छह नाबालिगों को वेस्ट पोर्ट पुलिस थाने लाया जाया गया. पुलिस द्वारा उनके परिवारों से संपर्क किया गया और सभी को उनके माता-पिता को सौंप दिया गया है.

### तृणमूल नेता रज्ज़ाक की हत्या में अबतक चार गिरफ्तार

**कोलकाताः** पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के भांगड़ में तृणमूल कांग्रेस नेता रज्जाक खान की हत्या के सिलसिले में पुलिस ने अबतक चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है. टीएमसी नेता और कैनिंग पूर्व से विधायक सौकत मोल्ला के करीबी सहयोगी खान (38) की गुरुवार रात चल्तबेरिया इलाके में पार्टी की एक बैठक में शामिल होने के बाद घर लौटते समय गोली मारकर हत्या कर दी गई थी. पुलिस ने बताया कि खान की हत्या के सिलसिले में रविवार को तृणमूल कांग्रेस से कथित तौर पर जुड़े एक व्यक्ति मोफज्जल मोल्ला को गिरफ्तार किया गया. पूछताछ के दौरान उसने तीन अन्य लोगों के नाम बताए, जिनकी पहचान अजहरुद्दीन मोल्ला, जहान अली खान और राजू मोल्ला के रूप में हुई है, जिन्हें रविवार देर रात बिजयगंज बाजार और चक मरीचा इलाकों में की गई छापेमारी में गिरफ्तार किया गया.

### पश्चिम बंगाल के सामाजिक-आर्थिक उपलब्धियों को नीति आयोग ने सराहाः ममता बनर्जी

**कोलकाताः** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को कहा कि नीति आयोग ने पश्चिम बंगाल की सामाजिक और आर्थिक उपलब्धियों को राष्ट्रीय स्तर पर सराहा है. उन्होंने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट में जानकारी दी है कि आयोग की हालिया रिपोर्ट में राज्य को रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता जैसे कई अहम क्षेत्रों में राष्ट्रीय औसत से बेहतर बताया गया है. मुख्यमंत्री ने इसे राज्य के सतत और समावेशी विकास के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण बताते हुए सभी नागरिकों को इस सफलता में भागीदार करार दिया.

**हरियाणा के राज्यपाल बनते ही बोले बंगाल के असीम घोष**

## जिस दिन बंगाल अपनी पुरानी गौरवशाली पहचान लौटाएगा, उसका इंतजार है



**कोलकाताः** राज्य राजनीति के एक पुराने और चर्चित चेहरे असीम घोष को हरियाणा का नया राज्यपाल नियुक्त किया गया है. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को उनकी नियुक्ति की घोषणा की. असीम घोष पश्चिम बंगाल भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं और अब वे हरियाणा के 19वें राज्यपाल के रूप में कार्यभार संभालेंगे. असीम घोष ने अपनी नियुक्ति के बाद प्रतिक्रिया देते हुए कहा, यह एक बड़ा दायित्व है. यह एक संवैधानिक पद है, और मैं पूरी निष्ठा से संविधान के अनुरूप कार्य करूंगा. मुख्यमंत्री (नायाब सिंह सैनी), उनके मंत्रिमंडल और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मिलकर हरियाणा के विकास के लिए काम करूंगा. कोशिश करूंगा कि मुख्यमंत्री को सही सुझाव दे सकूं. 38 वर्षों तक शिक्षण कार्य से जुड़े रहने के बाद असीम घोष ने लगभग 15 वर्षों तक सक्रिय राजनीति में भाग लिया. अब वे पहली बार किसी संवैधानिक पद की जिम्मेदारी निभाने जा रहे हैं. हिन्दुस्तान समाचार से विशेष बातचीत में घोष ने कहा कि वे हरियाणा जाकर मुख्यमंत्री से मिलेंगे और यह जानने का प्रयास करेंगे कि राज्य के विकास में कैसे सहयोग किया जा सकता है. उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि उनका विशेष फोकस राज्य में शिक्षा के क्षेत्र-विशेष रूप से बेटियों की शिक्षा और जनजातियों एवं अन्य पिछड़े समुदायों के उत्थान पर रहेगा. हावड़ा निवासी असीम घोष ने पश्चिम बंगाल के हालात पर चिंता जाहिर करते हुए कहा, मैं उस दिन का इंतजार कर रहा हूं जब बंगाल अपनी पुरानी गौरवशाली पहचान को पुनः प्राप्त करेगा. आज राज्य में अनेक समस्याएं हैं. एक दिन यह अंधकारमय समय जरूर समाप्त होगा. लड़कियां निडर होकर स्कूल और कॉलेज जा सकेंगी, माता-पिता को चिंता नहीं करनी पड़ेगी. जिस तरह बंगाल में एक समय उद्योग का स्वर्णिम युग था, उसे पुनः लाने के लिए शासक और विपक्ष दोनों को मिलकर प्रयास करना होगा. यह सभी की जिम्मेदारी है. असीम घोष से पहले भी पश्चिम बंगाल भाजपा के कई पूर्व अध्यक्ष राज्यपाल रह चुके हैं. विष्णुकांत शास्त्री वर्ष 1999 में हिमाचल प्रदेश और 2000 में उत्तर प्रदेश के राज्यपाल बने थे. वहीं, तथागत रॉय 2015 में त्रिपुरा और 2018 में मेघालय के राज्यपाल बनाए गए थे. अब असीम घोष इस परंपरा की अगली कड़ी बने हैं. हालांकि अभी तक उन्हें राज्यपाल पद की शपथ लेने संबंधी आधिकारिक पत्र नहीं मिला है, लेकिन उन्होंने कहा कि जैसे ही राष्ट्रपति कार्यालय से औपचारिक पत्र प्राप्त होगा, वे हरियाणा के लिए रवाना हो जाएंगे. घोष ने स्पष्ट किया कि कार्य भले ही हरियाणा में होगा, लेकिन उनका मन हमेशा बंगाल से जुड़ा रहेगा.

## एसएससी की नई भर्ती विज्ञप्ति पर सुनवाई पूरी, हाई कोर्ट ने फैसला रखा सुरक्षित

**कोलकाताः** पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) की नई भर्ती विज्ञप्ति को लेकर दायर याचिका पर सोमवार को कलकत्ता हाई कोर्ट में सुनवाई पूरी हो गई. न्यायमूर्ति सौमेन सेन और न्यायमूर्ति स्मिता दास की खंडपीठ ने राज्य सरकार, आयोग और याचिकाकर्ता अभ्यर्थियों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है. यह मामला एसएससी की उस नई विज्ञप्ति से जुड़ा है जिसे सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के उल्लंघन का आरोप लगाकर चुनौती दी गई है. याचिकाकर्ता पक्ष का आरोप है कि आयोग सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अवहेलना करते हुए नई भर्ती प्रक्रिया में योग्यता मानकों में बदलाव कर रहा है. राज्य के एडवोकेट जनरल किशोर दत्ता ने दलील दी कि यह अधिकार केवल आयोग का है कि वह किस नियम के तहत नियुक्ति प्रक्रिया अपनाए. उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने अपने किसी आदेश में यह नहीं कहा है कि नियुक्ति केवल वर्ष 2016 के नियमों के तहत ही होनी चाहिए. उन्होंने बताया कि फिलहाल आयोग के पास तीन नियम उपलब्ध हैं-2016, 2019 और 2025 के. इनमें से कोई भी नियम अपनाना आयोग का विवेकाधिकार है, बशर्ते वह छात्रों के हित में हो. एसएससी के वकील कल्याण बनर्जी ने कहा कि कोई भी व्यक्ति सीधे नियमों को चुनौती नहीं दे सकता जब तक वह स्वयं उससे प्रभावित न हो. उन्होंने कहा कि लगातार मुकदमों की वजह से वर्षों से नई भर्ती प्रक्रिया रुकी हुई है. आयोग की ओर से यह भी कहा गया कि यदि पहले की प्रक्रिया के अभ्यर्थी वाकई योग्य हैं, तो उन्हें प्रतिस्पर्धा से डरने की जरूरत नहीं. आयोग का मानना है कि उसे सबसे योग्य उम्मीदवार को चुनने का अधिकार है और केवल इस आधार पर कि किसी को न्यूनतम अंक मिले हैं, नियुक्ति पत्र देना बाध्यकारी नहीं हो सकता.

## कोई भी अन्याय बर्दाश्त नहीं करेंगेः ममता बनर्जी

**सीएम उमर अब्दुल्ला को दिया समर्थन**

**कोलकाताः** सोमवार को राज्य सचिवालय नवान्न में हुई कैबिनेट बैठक में काफी समय तक देश भर में बंगालियों के कथित अपमान को लेकर चर्चा होती रही और बैठक के बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उक्त कथित घटनाओं को बेहद दुखद करार दिया. सीएम ने स्पष्ट किया कि अन्याय हो रहा है और इसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. उन्होंने सभी से इस मुद्दे पर बुलाए गए 16 जुलाई को विशाल मार्च में शामिल होने का भी आग्रह किया. सीएम ममता बनर्जी ने उमर अब्दुल्ला का बचाव करते हुए कहा कि अगर वह श्रीनगर में शहीदों के कब्रिस्तान में श्रद्धांजलि देने जाते हैं तो इसमें क्या गलत है. पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने 1931 में डोगरा बलों द्वारा मारे गए लोगों के कब्रिस्तान में जाने से रोकने के लिए जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और उनके मंत्रियों को नजरबंद करने की आलोचना की है. उन्होंने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा कि यह किसी नागरिक के



लोकतांत्रिक अधिकारों को छीनने जैसा है. बनर्जी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, शहीदों के कब्रिस्तान में जाने में क्या गलत है? यह न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि एक नागरिक के लोकतांत्रिक अधिकार को भी छीनता है. उन्होंने आगे लिखा है, निर्वाचित मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के साथ जो हुआ वह अस्वीकार्य है. चौंकाने वाला और शर्मनाक. सीएम ममता ने आगे कहा कि, पश्चिम बंगाल में विभिन्न राज्यों के लगभग 1.5 करोड़ लोग रहते हैं. वे अलग-अलग भाषाएं बोलते हैं और उनकी खान-पान की आदतें भी अलग-अलग हैं. लेकिन बंगाल में उन्हें कोई परेशान नहीं करता. वे शांति से रहते हैं. जबकि, जबकि बंगाल के केवल 2.25 लाख लोग ही महाराष्ट्र, गुजरात, ओडिशा समेत विभिन्न राज्यों में रहते हैं. उन पर अत्याचार हो रहा है. ऐसा क्यों है? ममता बनर्जी ने यही सवाल उठाया है. ममता बनर्जी एक बार फिर 16 तारीख को पूरे राज्य में विरोध मार्च निकालने के आह्वान को दोहराया . मुख्यमंत्री ने घोषणा की है कि उस दिन राज्य के हर इलाके में विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. उन्होंने ग्राम और शहरों में आम लोगों से सड़कों पर उतरने की अपील की है. उनके अनुसार, यह कोई राजनीतिक कार्यक्रम नहीं है. यह बंगाल की जनता की गरिमा का सवाल है. सभी को इस विरोध प्रदर्शन में शामिल होना चाहिए. मुख्यमंत्री ने संदेश देते हुए कहा कि, बंगाल के लोग शांतिपूर्वक इस जुलूस में शामिल हों. अगर अन्याय हो रहा है, तो उन्हें इसके खिलाफ सड़कों पर उतरना चाहिए. इसी दिन कॉलेज स्क्वायर से डोरीना क्रॉसिंग तक एक जुलूस निकलने वाला है. यह कार्यक्रम दोपहर 1 बजे शुरू होगा. इस बीच, भाजपा ने 21 जुलाई को तृणमूल के शहीद दिवस कार्यक्रम के दिन उत्तरकन्या अभियान का आह्वान किया है. ममता बनर्जी ने आज कैबिनेट में कहा कि इस अभियान को कोई महत्व नहीं दिया जाना चाहिए.

## श्रावण के पहले सोमवार पर जलाभिषेक के साथ गूंजे हर-हर बम-बम के स्वर





**कोलकाताः** श्रावण का पवित्र महीना शुरू हो गया है. ऐसे में श्रावण के प्रथम सोमवार को महानगर कोलकाता सहित बंगाल के विभिन्न शिवालयों की रौनक देखती ही बनी. भोलेनाथ के भक्तों में गजब का उत्साह देखा गया. सुबह से ही मंदिरों में शिव भक्तों का तांता लगा हुआ रहा. महानगर कोलकाता सहित राज्य के शिवालय हर-हर बम-बम के स्वर से गूंजते रहे. हुगली जिले में स्थित तारकेश्वर मंदिर में बाबा के भक्तों की लंबी कतार देखी गई. वहीं कोलकाता के भूतनाथ मंदिर में गंगा स्नान के बाद भक्तों का तांता लगा रहा और उन्होंने बाबा भूतनाथ का जलाभिषेक किया. कोलकाता के विभिन्न शिव मंदिरों में भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक के लिए हाथ में गंगा जल से भरा पात्र और बेलपत्र लिए भक्त जयकारा लगाते हुए कतारों में अपनी बारी का इंतजार करते रहे. शिवभक्त ने कहा कि, मान्यता है कि इस समय भगवान विष्णु योग निद्रा में चले जाते हैं और पूरी दुनिया का कार्यभार भोलेनाथ संभालते हैं. इसलिए सावन में भोलेनाथ की पूजा का बहुत ज्यादा धार्मिक महत्व होता है. भोले तो भोले भाले हैं इस माह में उनसे जो भी मांगों मिल जाता है. भोले बाबा के जलाभिषेक के लिए भूकैलाश मंदिर में आई एक किशोरी ने कहा कि, भोलेनाथ की पूजा और व्रत करने से वैवाहिक जीवन सुखमय होता है, वहीं अविवाहित लड़कियों को मनचाहे वर की प्राप्ति होती है. जहां देखो वहां शिव मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ दिखाई दी. हर-हर महादेव के जयकारों के बीच मंदिर में भगवान भोलेनाथ को दूध, दही, घी, गंगाजल, शहद, पुष्प, मिष्ठान समर्पित कर धूप दीप से अर्चना की गई.

## मोदी की दुर्गापुर रैली में दिखेगा दिलीप घोष का चेहरा

**शमिक भट्टाचार्य के नेतृत्व में बदल रही बंगाल भाजपा की सियासत**

**कोलकाताः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आगामी 18 जुलाई को दुर्गापुर में होने वाली सभा को लेकर बंगाल भाजपा में सियासी हलचल तेज हो गई है. पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और कभी पार्टी के दिग्गज नेता माने जाने वाले दिलीप घोष को इस सभा के लिए औपचारिक न्योता भेजा गया है. लंबे समय से पार्टी गतिविधियों से दूर चल रहे दिलीप घोष की इस रैली में मौजूदगी को लेकर राजनीतिक विश्लेषक इसे भाजपा में बदलते समीकरणों का संकेत मान रहे हैं. सोमवार को दिलीप घोष ने इस बात की पुष्टि करते हुए कहा कि उन्हें आमंत्रण मिला है और वह निश्चित तौर पर कार्यक्रम में जाएंगे. एक समय ऐसा भी था जब उनके तृणमूल कांग्रेस में जाने की संभावनाओं पर चर्चा तेज हो गई थी. हालांकि घोष ने खुद भी इस मुद्दे पर बयान देकर उन चर्चाओं को हवा दी थी. लेकिन अब भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य के नेतृत्व में जैसे ही संगठन में बदलाव हुआ, वैसे ही घोष की पार्टी में भूमिका को लेकर पुनः चर्चा शुरू हो गई है. राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, शमिक भट्टाचार्य के अध्यक्ष बनने के बाद से ही दिलीप घोष और पार्टी नेतृत्व के बीच की दूरी कम होती दिख रही है. हाल ही में घोष ने भाजपा के सॉल्टलेक स्थित प्रदेश कार्यालय में शमिक से मुलाकात भी की थी. उसके बाद उनका सपरिवार दिल्ली दौरा भी काफी चर्चा में रहा, जिसे पार्टी में



उनकी पुनर्स्थापना के संकेत के तौर पर देखा गया. यही नहीं, दिलीप घोष को दुर्गापुर रैली में बुलाए जाने को भी इस बदलाव की कड़ी माना जा रहा है. लोकसभा चुनाव 2024 में पार्टी के निर्देश पर वे बर्धमान-दुर्गापुर सीट से उम्मीदवार बने थे, लेकिन हार का सामना करना पड़ा था. इसी को लेकर कयास लगाए जा रहे थे कि आगामी विधानसभा चुनाव 2026 से पहले क्या पार्टी उन्हें साइडलाइन कर देगी. लेकिन अब पार्टी द्वारा दिए गए इस निमंत्रण ने उन तमाम अटकलों पर विराम लगा दिया है. उल्लेखनीय है कि हाल ही में दिलीप घोष दिघा में आयोजित एक कार्यक्रम में राज्य सरकार के निमंत्रण पर पत्नी के साथ पहुंचे थे, जिससे भाजपा के अंदर कुछ नेताओं ने नाराज़गी भी जताई थी. इसके बाद उन्हें कई पार्टी कार्यक्रमों से दूर देखा गया, जिससे उनके भविष्य को लेकर संदेह और गहराया.

## लगातार बारिश और डीवीसी द्वारा जल छोड़े जाने से पश्चिम बंगाल के कई जिलों में बाढ़ का खतरा, प्रशासन सतर्क

**कोलकाताः** पश्चिम बंगाल में लगातार हो रही भारी बारिश और झारखंड से छोड़े गए पानी के कारण पश्चिम बंगाल के कई जिलों, विशेषकर पूर्व एवं पश्चिम मेदिनीपुर, झाड़ग्राम, हुगली और पूर्व बर्दवान में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए हैं. स्थिति को देखते हुए राज्य सरकार और जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है. दरअसल, झारखंड में हो रही मूसलधार बारिश के कारण दामोदर वैली कॉरपोरेशन (डीवीसी) ने बिना राज्य सरकार को जानकारी दिए ही जलाशयों से पानी छोड़ना शुरू कर दिया है. इसको लेकर राज्य सरकार ने नाराजगी जाहिर की है. राज्य के सिंचाई मंत्री मानस भुइयां ने कहा कि पिछले साल जून में मेदिनीपुर में 587.06 मिमी बारिश हुई थी, जबकि इस साल छह जुलाई तक 1126 मिमी बारिश हो चुकी है. अपने जीवन में मैंने ऐसा पहले कभी नहीं देखा. हम दोनों ओर से सैंडविच हो रहे हैं. एक तरफ भारी बारिश, दूसरी ओर डीवीसी की मनमानी. आज भी डीवीसी ने राज्य को बिना बताए 10 हजार क्यूसेक पानी छोड़ दिया. मैथन, पंचेत और दुर्गापुर बैराज मिलकर बंगाल को पूरी तरह सैंडविच बना रहे हैं. मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी स्वयं स्थिति पर नजर रख रही हैं और नियंत्रण कक्ष से नियमित निगरानी कर रही हैं.

**भारत-बांग्लादेश सीमा पर चांदी की तस्करी नाकाम**

## बीएसएफ ने 16.49 लाख के आभूषण के साथ तस्कर को पकड़ा

**कोलकाताः** भारत-बांग्लादेश सीमा पर तैनात सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए चांदी की तस्करी की कोशिश को विफल कर दिया. दक्षिण बंगाल सीमांत के अंतर्गत 143वीं वाहिनी के बिठारी सीमाचौकी पर तैनात जवानों ने 16.71 किलोग्राम चांदी के आभूषण एक मोटरसाइकिल से बरामद किए, जिनकी अनुमानित कीमत 16.49 लाख है. इस दौरान एक तस्कर को वाहन सहित रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया गया. बीएसएफ के अनुसार, जवानों को एक विश्वसनीय सूत्र से सूचना मिली थी कि बिठारी इलाके में चांदी की तस्करी होने वाली है. इस इनपुट के बाद बिठारी सीमाचौकी समेत क्षेत्र के सभी गश्ती दलों को




सतर्क कर दिया गया. इसी क्रम में 13 जुलाई को सुबह लगभग 10:55 बजे दाहरकांदा गांव की ओर से आ रही एक संदिग्ध मोटरसाइकिल को जांच के लिए रोका गया, जो हाकीमपुर की दिशा में जा रही थी. मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति के व्यवहार पर संदेह होने पर जवानों ने एक मैकेनिक को मौके पर बुलाकर वाहन की यांत्रिक जांच कराई. जांच के दौरान मोटरसाइकिल के अगले और पिछले टायर के ट्यूब में छिपाकर रखे गए 14 पैकेट चांदी के आभूषण बरामद किए गए. जवानों ने तत्परता दिखाते हुए तस्कर को मौके पर ही हिरासत में ले लिया और पूछताछ के लिए हाकीमपुर सीमाचौकी ले जाया गया. पूछताछ में तस्कर ने बताया कि उसे 13 जुलाई की सुबह बिठारी बाज़ार के बाहरी इलाके में एक व्यक्ति से ये चाँदी के पैकेट मिले थे. उसका उद्देश्य इन्हें हाकीमपुर के गोशपाड़ा गांव में रहने वाले एक अन्य व्यक्ति को सौंपना था. इस काम के लिए उसे पांच लाख का लालच दिया गया था. बीएसएफ ने जब्त चांदी, मोटरसाइकिल और गिरफ्तार तस्कर को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए संबंधित विभाग को सौंप दिया है. दक्षिण बंगाल सीमांत के जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर तस्करी रोकने के लिए बीएसएफ पूरी तरह चौकस है और किसी भी अवैध गतिविधि को सफल नहीं होने दिया जाएगा.

## पश्चिम बंगाल में सक्रिय अवसाद से राज्य में भारी बारिश की संभावना

**कोलकाताः** दक्षिण-पूर्वी गंगीय पश्चिम बंगाल पर बना कम दबाव का क्षेत्र सोमवार को अवसाद में बदल गया, जिससे राज्य के कुछ जिलों में एक या दो स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है. भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी. आईएमडी ने बताया कि मंगलवार दोपहर तक अवदाब के गंगीय पश्चिम बंगाल से होते हुए पश्चिम-उत्तरपश्चिम की ओर बढ़ने की संभावना है. आईएमडी ने दक्षिण बंगाल के सभी जिलों के एक या दो स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना जबकि दक्षिण 24 परगना, पूर्व और पश्चिम बर्धमान जिलों में मंगलवार सुबह तक अत्यधिक भारी बारिश होने का अनुमान जताया है. इसमें कहा गया कि इसके बाद बुधवार तक दक्षिण बंगाल के सभी जिलों के एक या दो स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है जबकि पुरुलिया, बांकुड़ा, पूर्वी और पश्चिमी बर्धमान, बीरभूम और मुर्शिदाबाद जिलों में भारी बारिश हो सकती है. मौसम विभाग ने कहा कि इस प्रणाली (अवदाब) के कारण उत्तर बंगाल के दार्जिलिंग, कलिम्पोंग, जलपाईगुड़ी, मालदा, दक्षिण दिनाजपुर, कूचबिहार और अलीपुरद्वार जिलों में बुधवार सुबह तक एक या दो स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना है. मौसम विभाग ने मछुआरों को सलाह दी है कि वे पश्चिम बंगाल तट और उत्तरी बंगाल की खाड़ी के आसपास समुद्र में न जाएं क्योंकि समुद्र की स्थिति बहुत खराब होने तथा हवा की रफ्तार 60 किमी प्रति घंटे तक पहुंचने की संभावना है.

**पूर्व रेलवे**

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, रेलवे स्टेशन के पास डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैः **वरिष्ठ डीईएन/3/हावड़ा। ई-निविदा सं.: 102_2025-26, कार्य का विवरण** : वरिष्ठ डीईएन/3/हावड़ा के अधीन बैण्डेल-कटवा बीबी लूप (किमी-2/00-46/00) के बीच एईएन/नबद्वीपधाम के अधीन एसएसई/पी.वे/त्रिवेणी के तहत पी.वे रखरखाव कार्य। **अनुमानित मूल्यः** रु. 1,59,50,598.05, **बयाना राशिः** रु.2,29,800/-, **समापन अवधिः** स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 12 (बारह) माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय** : दिनांक 04.08.2025 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइटः **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। ईएमडी और टीडीसी का भुगतान- बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान ई-निविदा प्रणाली के मामले में, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से उपर्युक्त वेबसाइट के जरिए स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणीः** आईआरईपीएस (ई-निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में कोई फिक्सड डिपॉजिट रिसीट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।
HWH-188/2025-26
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

आपकी वेदना, हमारी संवेदना
युवा शक्ति समाचार पत्र उठावना का विज्ञापन मात्र 1500 रुपये में प्रकाशित करता है
(साइज 12x8)
सम्पर्क :
मो. : 9831572125, 9831494084
www.yuvashakti.news.com
email: yuvashakti@hotmail.com

# संपादकीय

कामयाब होने के लिए स्वयं पर भरोसा होना चाहिए

कोलकाता | मंगलवार | 15 जुलाई 2025

## नया कानून क्यों

महाराष्ट्र विधानसभा में स्पेशल पब्लिक सिक्योरिटी बिल ध्वनिमत से पास हुआ. सीएम देवेंद्र फडणवीस ने राज्य में कानून–व्यवस्था की मजबूती के लिए इसे जरूरी बताया है. लेकिन इस बिल से जुड़े कुछ सवाल हैं, जिनके जवाब मिलने चाहिए. विपक्ष ने भी जो आशंकाएं जाहिर की हैं, उन्हें यह कहकर खारिज नहीं किया जा सकता कि विपक्ष तो विरोध करेगा ही. सीएम फडणवीस ने कहा है कि यह बिल 'अर्बन नक्सलियों' के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को लाया गया है. नक्सलवाद की समस्या से इनकार नहीं किया जा सकता, लेकिन महाराष्ट्र सरकार जिस 'अर्बन नक्सल' की बात कह रही है, उसकी कोई स्पष्ट परिभाषा नहीं बताई जा रही. यह शब्द पिछले दशक से चलन में आया है. लेकिन, इसकी स्पष्ट व्याख्या की जरूरत है, ताकि इस शब्द की आड़ में वैचारिक विरोध और असहमति की आवाज को न दबाया जा सके. विपक्ष को भी मुख्य एतराज इसी बात पर है कि बिल में लेफ्ट विंग उग्रवादी विचारधारा की कोई स्पष्ट परिभाषा नहीं है. हालांकि सीएम भरोसा दे रहे हैं कि नए कानून का उपयोग राजनीतिक प्रदर्शनकारियों और कार्यकर्ताओं के खिलाफ नहीं किया जाएगा. उन्होंने यही बात लेफ्ट पार्टियों के लिए भी कही, लेकिन इतना काफी नहीं है. किसी भी कानून में सबसे अहम है प्रावधानों की स्पष्टता, ताकि उसे लागू करने में किसी तरह की परेशानी न आए. हालांकि महाराष्ट्र इस तरह के कानून लाने वाला कोई पहला राज्य नहीं है. इससे पहले चार अन्य राज्यों में ऐसा कानून लाया जा चुका है. लेकिन इससे यह सवाल समाप्त नहीं हो जाता कि आखिर ऐसा कानून लाने की क्या जरूरत आन पड़ी है. देश में नक्सलवाद की समस्या, सरकार के ही दावों के मुताबिक, अब अपनी आखिरी सांसें गिन रही है. देश में नक्सल प्रभावित जिलों की जो संख्या एक समय 180 तक चली गई थी, वह अब 18 रह गई है. इनमें भी ज्यादा प्रभावित जिले 6 बताए जाते हैं. फडणवीस के ही मुताबिक महाराष्ट्र में केवल दो तालुकाओं में नक्सली गतिविधियां बची हैं. तो जो समस्या यों भी खत्म होने पर है, उसके लिए इतने कड़े इस नए कानून की जरूरत क्यों समझी जा रही है? महाराष्ट्र में मकोका और यूएपीए जैसे सख्त कानून पहले से हैं. ऐसे में 'अर्बन नक्सल' जैसी अस्पष्ट सोच के साथ जोड़कर इतना कड़ा कानून लाए जाने से यह आशंका मजबूत होती है कि कहीं इसका दुरुपयोग आम लोगों के असंतोष को दबाने में न किया जाने लगे. बेहतर होगा सरकार कानून लागू करने से पहले इससे जुड़ी आशंकाओं को दूर करने पर ध्यान दे.

## बिहार चुनाव में होगी मध्य प्रदेश के निषादराज सम्मेलन की गूंज



– हर्षवर्धन पाण्डेय


बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन में 12 जुलाई को आयोजित निषादराज सम्मेलन न केवल सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है बल्कि इसके गहरे सियासी मायने भी हैं. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में आयोजित इस सम्मेलन का उद्देश्य मछुआरा समुदाय को सशक्त बनाना, उनकी परंपराओं का सम्मान करना और सामाजिक सदभाव को बढ़ावा देना है. निषादराज सम्मेलन रामायण के पात्र निषादराज गुह से प्रेरित रहा, जिन्हें प्रभु श्रीराम के प्रति उनकी भक्ति और समर्पण के लिए जाना जाता है. निषादराज ने प्रभु श्रीराम, लक्ष्मण और सीता माता को गंगा पार करने में सहायता प्रदान की थी जिसे सामाजिक समरसता का बड़ा प्रतीक माना जाता है. इस तरह के बड़े सम्मेलन का आयोजन देश के हृदय प्रदेश मध्य प्रदेश की सांस्कृतिक नगरी उज्जैन में करके प्रदेश सरकार निषाद समुदाय को यह संदेश दे रही है कि वह विरासत से विकास के अपने विजन पर मजबूती के साथ काम कर रही है. मध्य प्रदेश में मछुआरा समुदाय की आबादी विशेष रूप से उज्जैन, नरसिंहपुर और होशंगाबाद में उल्लेखनीय है. यह समुदाय परंपरागत रूप से मत्स्य पालन और नदी-आधारित आजीविका पर निर्भर है. हालांकि यह समुदाय ओबीसी समुदायों जितना प्रभावशाली नहीं है फिर भी यह कई विधानसभा क्षेत्रों में जातिगत समीकरणों को प्रभावित करता दिखाई देता है. निषादराज सम्मेलन के आसरे भाजपा इस समुदाय को मुख्यधारा में लाने और उनकी आर्थिक-सामाजिक स्थिति को बेहतर करने की दिशा में अपने कदम मजबूती एक साथ प्रदेश की सियासत में बढ़ा रही है. मध्य प्रदेश आज मत्स्य उत्पादन और मछुआ समाज के सशक्तिकरण के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हो गया है. प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना और मुख्यमंत्री मछुआ कल्याण योजना जैसे नवाचारों ने हजारों मछुआरों के जीवन में नई आशा की किरण जगाई है. ड्रोन और जीपीएस प्रणाली जैसे नवाचार और योजनाएं मध्य प्रदेश को मत्स्य पालन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सधे हुए कदम हैं. मुख्यमंत्री ने 22 करोड़ 65 लाख रुपये की लागत से 453 स्मार्ट फिश पार्लर का भूमि-पूजन और इंदिरा सागर बांध में लगभग 92 करोड़ लागत से 3360 केज परियोजना का वर्चुअल भूमि-पूजन किया और कहा कि अब मछली पालन सिर्फ पारम्परिक कार्य नहीं, एक आधुनिक उद्योग है. इसमें निवेश बढ़ेगा, उत्पादन बढ़ेगा और युवाओं को रोजगार मिलेगा और सरकार मत्स्य पालन के लिए मछुआरों को अनुदान देगी. भोपाल में 40 करोड़ की लागत से अत्याधुनिक एक्वा पार्क का निर्माण किया जा रहा है. मुख्यमंत्री ने कहा कि इंदिरा सागर सहित अन्य जलाशयों में 3 लाख से अधिक केज स्थापित किए जाएंगे. प्रदेश में वर्तमान में 4.4 लाख हेक्टेयर में मछली पालन कार्य हो रहा है.वर्ष 2024-25 में प्रदेश का मछली उत्पादन 3.81 लाख मैट्रिक टन रहा. मध्य प्रदेश की सियासत में जातिगत समीकरण हमेशा से महत्वपूर्ण रहे हैं. 2018 के विधानसभा चुनाव में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वोटरों ने भाजपा को बड़ा नुकसान पहुंचाया था जिसके चलते कांग्रेस सत्ता में आई. हालांकि 2020 में ज्योतिरादित्य सिंधिया के नेतृत्व में हुए दलबदल के बाद भाजपा ने फिर से सत्ता हासिल की. वहीं 2023 के विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत के बाद पार्टी 2028 के विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव के लिए अपनी स्थिति को और मजबूत करना चाहती है. निषाद समुदाय को साधने का प्रयास इसी रणनीति का हिस्सा है. यह समुदाय एक दौर में परंपरागत रूप से कांग्रेस या अन्य क्षेत्रीय दलों के साथ जुड़ा रहा है अब बिहार ,बंगाल, उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों के चुनावों में भाजपा के लिए संजीवनी बन सकता है. निषादराज सम्मेलन से एक तीर से दो निशाने खेलने की कोशिश की गई है. पहला सम्मेलन केवल निषाद समुदाय तक सीमित नहीं है. इसका सन्देश अन्य समुदायों में भी जाएगा जिनकी संख्या प्रदेश में कम है. दूसरा यह सम्मेलन मोदी सरकार की सामाजिक समरसता और समावेशी विकास की दिशा में एक नई लकीर खींचेगा जिसकी गूंज आने वाले बिहार चुनाव में सुनाई देगी. बिहार की 243 विधानसभा सीटों में से लगभग 45 पर निषाद और मांझी जातियों का प्रभाव माना जाता है. निषादराज सम्मेलन का आयोजन मुख्यमंत्री यादव का एक बड़ा मास्टर स्ट्रोक है जो निषाद समुदाय के सशक्तिकरण के साथ-साथ बिहार में भाजपा के निषाद और मांझी वोटबैंक को मजबूत करने की एक बड़ी रणनीति का हिस्सा आने वाले दिनों में बनेगा. बिहार में भी मछुआरा समुदाय की आबादी भी आगामी चुनावों की दृष्टि से महत्वपूर्ण है. राज्य के 38 जिलों में मछुआ समुदाय विभिन्न क्षेत्रों में अपनी आजीविका के लिए मत्स्य पालन पर निर्भर है. मध्य प्रदेश में निषादराज सम्मेलन के सफल आयोजन की गूंज अब बिहार के गांवों और पंचायतों तक पहुंचना तय है. बिहार अब इस मध्य प्रदेश मॉडल को अपनाकर भविष्य में अपने मछुआरा समुदाय को सशक्त बना सकता है. ***(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)***

## डिजिटल-क्रांति से ही नकली नोटों पर नियंत्रण संभव



–ललित गर्ग

भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) द्वारा हाल ही में जारी एक चौंकाने वाली रिपोर्ट ने न केवल अर्थव्यवस्था को, बल्कि राष्ट्र की सुरक्षा और नागरिकों की जागरूकता को भी झकझोर कर रख दिया है. आरबीआई के गवर्नर द्वारा संसदीय समिति में प्रस्तुत एक रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2024-25 में 500 रूपये के लगभग 1.8 लाख नोट नकली पाए गए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 37 प्रतिशत अधिक हैं. यह संख्या किसी सामान्य अपराध की नहीं, बल्कि राष्ट्र के विरुद्ध एक षड्यंत्र की कहानी कहती है. जो यह दर्शाता है कि कालाबाजारी करने वाले राष्ट्र विरोधी तत्व देश में मुद्रा की मांग का गलत फायदा उठा रहे हैं. विडंबना यह है कि राजस्व खुफिया निदेशालय द्वारा नोट में इस्तेमाल होने वाले आयातित कागज और नकली नोट छापने में शामिल ऑपरेटरों पर लगातार कार्रवाई के बावजूद यह गंभीर समस्या बनी हुई है. यह न केवल नकली मुद्रा के बढ़ते खतरे को रेखांकित करता है, बल्कि राष्ट्रविरोधी तंत्र की सुनियोजित साजिश का भी पर्दापाश करता है. जबकि 2016 में नोटबंदी के ऐतिहासिक निर्णय के साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह स्पष्ट कर दिया था कि भ्रष्टाचार, कालेधन और नकली नोटों के खिलाफ लड़ाई उनकी प्राथमिकताओं में है. नोटबंदी केवल एक आर्थिक सुधार नहीं, बल्कि डिजिटल अर्थव्यवस्था की नींव रखने वाला साहसी एवं युगांतरकारी कदम था. आज भारत को सिर्फ बाहरी सीमाओं पर नहीं, बल्कि आर्थिक मोर्चे पर भी एक युद्ध लड़ना पड़ रहा है, नकली मुद्रा के खिलाफ, भ्रष्ट व्यवस्था के खिलाफ और राष्ट्रविरोधी मानसिकता के खिलाफ. इसमें विजय तभी संभव है, जब हम सब डिजिटल भारत के निर्माण में सहभागी बनें. नकली मुद्रा का मुद्दा केवल एक आर्थिक अपराध नहीं है. यह एक प्रकार का आर्थिक आतंकवाद है, जिसका उद्देश्य भारत की अर्थव्यवस्था को अस्थिर करना, महंगाई को बढ़ाना, काले धन को बढ़ावा देना और आतंकवाद को वित्त पोषण देना है. ये नकली नोट अधिकतर सीमापार से संचालित तंत्रों द्वारा भारत में भेजे जाते हैं, जो भारत की राजनीतिक स्थिरता, आर्थिक विकास और आंतरिक सुरक्षा को नुकसान पहुंचाना चाहते हैं. इस तरह राष्ट्र के विरुद्ध षड़यंत्र, साजिश एवं बड़े खतरों को अंजाम दिया जा रहा है. क्योंकि नकली नोट बाज़ार में असली नोटों के साथ मिलकर मुद्रा व्यवस्था को प्रभावित करते हैं. आम नागरिक अनजाने में इन्हें ले लेता है और आर्थिक नुकसान उठाता है. यह काले धन और आतंकवाद को पोषित करता है. नकली नोट सरकारी योजनाओं की निष्पक्षता और वितरण प्रणाली को भी प्रभावित करते हैं. प्रधानमंत्री मोदी की डिजिटल क्रांति न केवल नकली नोटों को नियंत्रित करने का बल्कि राष्ट्र-विरोधी तत्वों को नेस्तनाबूद करने का सशक्त माध्यम है. यह मोदी की दूरदृष्टि एवं नये भारत-विकसित भारत के विजन की विजय है, उनके ही विचारों में डिजिटल लेन-देन केवल तकनीक नहीं, यह राष्ट्र निर्माण का माध्यम है. आज के भारत की अर्थव्यवस्था एक निर्णायक दौर से गुजर रही है. डिजिटल ग्राम योजना, ई-गवर्नेंस, डिजिटल साक्षरता अभियान यानी तकनीक को गाँव और गरीब तक पहुँचाने की पहल है. एक ओर




प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश डिजिटल इंडिया की ओर तेजी से बढ़ रहा है, वहीं दूसरी ओर नकली नोटों की बाढ़ एक अदृश्य आतंकवाद बनकर देश की अर्थव्यवस्था, समाज और सुरक्षा को चुनौती दे रही है. निस्संदेह, हाल के वर्षों में, भारत ने नकली नोटों की कालाबाजारी पर अंकुश लगाने व काले धन पर रोक के लिये डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहित करने के लिये अपनी स्थिति खासी मजबूत की है. सरकार की सोच है कि काले धन पर रोक लगाने के लिए नगद लेन-देन को हतोत्साहित किया जाए. इस संकट की घड़ी में डिजिटल लेन-देन एक बड़ी राहत और समाधान बनकर उभरा है. यूपीआई, भीम मोबाइल वॉलेट्स, नेट बैंकिंग और कार्ड पेमेंट्स जैसे साधन नकली नोटों की समस्या को जड़ से समाप्त करने में सहायक हो सकते हैं. डिजिटल लेन-देन के लाभ ही लाभ है, पूर्ण पारदर्शिता यानी हर लेन-देन का डिजिटल रिकॉर्ड होता है, जिससे भ्रष्टाचार में कमी आती है. कर चोरी, हवाला, और मनी लॉन्ड्रिंग जैसी काली प्रवृत्तियाँ समाप्त होती है. नकली मुद्रा की संभावनाओं पर विराम लगता है, जिससे राष्ट्र-विरोधी तत्वों के षड़यंत्र एवं साजिशें नाकाम होती है. लेन-देन सेकंडों में पूरा होता है और उनमें सरलता भी रहती है. पासवर्ड आधारित सुरक्षा व्यवस्था से लेन-देन सुरक्षित रहता है. सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ लाभार्थियों तक पहुंचता है, पैसा सीधे उनके खातों में पहुँचता है, बिचौलियों की भूमिका समाप्त होती है. जिससे भ्रष्टाचार पर नियंत्रण होता है. प्रधानमंत्री मोदी ने हर मंच पर डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा देने की बात कही है. उन्होंने गाँव-गाँव जाकर लोगों को मोबाइल बैंकिंग, क्यूआर कोड, और कार्ड से भुगतान की शिक्षा देने की मुहिम चलाई है. इसका असर यह है कि आज भारत यूपीआई ट्रांजैक्शन में दुनिया में नंबर 1 है. डिजिटल इंडिया गरीब को ताकत देता है, मिडल क्लास को सुविधा देता है और राष्ट्र को मजबूती देता है. भारत की असली शक्ति अब डिजिटल प्रचलन बन रही है, जहाँ एक बटन से करोड़ों का ट्रांजैक्शन सुरक्षित होता है. मोदी की डिजिटल क्रांति ने भारत को इक्कीसवीं सदी की आर्थिक महाशक्ति बनने की दिशा में मजबूत आधार दे दिया है. हम सबकी जिम्मेदारी है कि इस डिजिटल युद्ध में सहभागी बनें, नकली नोटों को ना कहें, डिजिटल लेन-देन को अपनाएं. यही राष्ट्रभक्ति है, यही समय की माँग है. संदिग्ध नकदी की सूचना तुरंत संबंधित एजेंसियों को दें. नकली नोटों की पहचान करना सीखें और दूसरों को भी जागरूक करें. निश्चित ही जहाँ नकली नोट देश की आत्मा को खोखला करते हैं, वहीं डिजिटल मुद्रा राष्ट्र की नींव को मजबूत करती है. निस्संदेह, यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस यानी यूपीआई ने भारत के आर्थिक लेन-देन तंत्र में क्रांति ला दी है. भुगतान के तमाम विकल्पों ने भारतीय नागरिकों के आर्थिक व्यवहार को बहुत आसान बना दिया है. हालांकि, अभी भी ऐसे लोगों की कमी नहीं है जो डिजिटल माध्यम से लेन-देन में परहेज करते हैं. निस्संदेह, नकदी पर उनकी निर्भरता का मूल कारण डिजिटल शिक्षा का अभाव ही है. साथ-ही-साथ डिजिटल भुगतान से जुड़े घपल्ले एवं घोटाले भी है. साथ ही इसके कारणों में भ्रष्टाचार और कर चोरी की नीयत भी शामिल है. ऐसे में सरकार को डिजिटल खाई को पाटने की दिशा में रचनात्मक पहल करनी चाहिए. वहीं दूसरी आर्थिक अनियमितताएं करने वाले तत्वों से भी सख्ती से निबटा जाना चाहिए. हालांकि, दो हजार के नोट अब प्रचलन से बाहर हो चुके हैं, लेकिन उनका कानूनी आधार बना हुआ है. इस दिशा में यथाशीघ्र निर्णय लिया जाना चाहिए. इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि नकली मुद्रा के पीछे कुछ संगठित राष्ट्रविरोधी शक्तियाँ सक्रिय हैं. पाकिस्तान स्थित आईएसआई और उसके सहयोगी संगठनों पर पहले भी ऐसे आरोप लगते रहे हैं कि वे नकली भारतीय मुद्रा भारत में भेजकर आतंकवाद और अलगाववाद को आर्थिक समर्थन देते हैं. देश की सरकार ने डिजिटल इंडिया, जनधन योजना, आधार लिंकिंग, और यूपीआई जैसी क्रांतिकारी योजनाओं के ज़रिए नकदी पर निर्भरता घटाने का प्रयास किया है. लेकिन यह लड़ाई अकेली सरकार नहीं जीत सकती. नकदी रहित अर्थव्यवस्था का सरकारी महत्वाकांक्षी लक्ष्य हासिल करने के मार्ग में अभी तमाम बाधाएं विद्यमान है. यह और भी बड़ी चिंता की बात है कि नोटबंदी के आठ साल बाद भी रियल एस्टेट क्षेत्र में काले धन का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल बना हुआ है. निस्संदेह, डिजिटल युग में भी 'नकदी ही राजा है' मानने वालों को रोकने के लिये जांच और कानूनों को सख्ती से लागू करने की जरूरत है. साथ ही इस दिशा में भी गंभीरता से विचार करना चाहिए कि भारतीय अर्थव्यवस्था को कमजोर करने की कोशिश में लगी विदेशी ताकतों की नकली करेंसी के प्रसार में कितनी बड़ी भूमिका है. विगत में पाकिस्तान से ड्रग मनी व आतंकी संगठनों की मदद के लिये नकली करेंसी के उपयोग की खबरें सामने आती रही हैं. ***(लेखक, पत्रकार, स्तंभकार)***

## मानव धर्म-शास्त्र

लेखक : लक्ष्मी नारायण मीणा



मानव धर्मशास्त्र के प्रणेता
अवधूत देवी दास जी महाराज

अष्टम स्कन्ध

***जन्मत सुत रां उच्चारी । पीड़ा प्रसव विगत महतारी ।।***
***चहुँदिसि भयउ प्रकृति उछाहु । मंगल सुगन अनुकूल सबाहु ।।***

व्याख्या - जन्म लेते ही पुत्र ने रां नाम का उच्चारण किया, जिससे माता की प्रसव पीड़ा तुरन्त दूर हो गई । चारों तरफ प्रकृति में उत्साह छा गया तथा समस्त मंगलकारी सगुन होने लग गए ।

***समाचार सुनि ऋषि सब आए । देखि मुख छवि आशीष बरसाए ।।***
***बालक इहँ होइब ब्रम्ह ग्यानी । सकल ऋषि मुनि कहा बखानी ।।***

व्याख्या - समाचार सुनकर सब ऋषि आए और बालक की छवि देखकर आर्शीवाद देने लगे । सब ऋषि - मुनियों ने कहा कि यह बालक ब्रम्हज्ञानी होगा ।

## उत्तराखंड ही नहीं, देशभर में चलना चाहिए 'ऑपरेशन कालनेमि'



– डॉ. मयंक चतुर्वेदी

सनातन हिन्दू धर्म और संस्कृति पर कई तरह से प्रहार किए जा रहे है, इसके उदाहरण भी आए दिन सामने आते हैं, किंतु जिस तरह से लैंड जिहाद, लव जिहाद, थूक जिहाद जैसे किसी भी नकारात्मक जिहाद के विरोध में उत्तराखंड सरकार द्वारा एक्शन लेने के बाद ऑपरेशन 'कालनेमि' शुरू किया गया है. इसने कुछ ही दिन में यह सच्चाई सभी के सामने ला दी है कि सनातन हिन्दू धर्म को बदनाम करने के लिए जो अनेक षड्यंत्र चल रहे हैं, उनमें से एक साधूवेष धारण करना भी है. एक आस्थावन सनातनी साधु वेष को देखकर अपनी क्या प्रतिक्रिया देगा, यह किसी को आज बताने की जरूरत नहीं, किंतु बदले में उसे क्या मिलेगा, यह अहम है. ऐसे में ये तमाम छद्म वेषधारी हिन्दू आस्था पर सीधे प्रहार कर रहे हैं. वस्तुत: भारतीय शास्त्रों में देखें तो 'कालनेमि' रामायण काल का एक राक्षस था, जिसने छद्मवेश धारण कर संजीवनी लेने जा रहे हनुमानजी का रास्ता रोकने की कोशिश की थी. रामायण की सुप्रसिद्ध मायावी राक्षसनी ताड़का उसकी दादी थी व मारीच उसके पिता. 'कालनेमि' अपनी माया से किसी का भी रूप धारण कर सकता था इसलिए रावण ने उसे यह महत्वपूर्ण कार्य सौंपा कि वह किसी भी हाल में हनुमानजी को संजीवनी हिमालय ने न लाने दे, ताकि लक्ष्मणजी की बेहोशी मृत्यु में बदली जा सके. लेकिन जैसे ही हनुमानजी को 'कालनेमि' के एक साधु वेश में होने का पता चला, उन्होंने अत्यंत क्रोधित हो उसी समय 'कालनेमि' का वध कर दिया था. वर्तमान दौर में भी कई 'कालनेमि' सनातन हिन्दू धर्म को तरह-तरह से समाप्त करने का षड्यंत्र कर रहे हैं. अब हरिद्वार से पकड़े गए इन सभी इस्लामिक कालनेमियों को देखिए, जो हिन्दू साधू के वेश में सनातनधर्मियों को ठग रहे थे. मो. अहमद पुत्र रहु निवासी ग्राम बोडिंग हाउस जिला हरदोई उत्तर प्रदेश. रशीद पुत्र बपाती निवासी वार्ड नंबर 7 फूलबाग थाना नरसिंह गढ़ जिला राजगढ़. मोहम्मद इमरान पुत्र मो. इस्लाम निवासी 11 बी तिलजला थाना कड़ाया कोलकता पश्चिम बंगाल. मोहम्मद जैनउद्दीन पुत्र शेख अब्बास निवासी बेलवारी वार्ड न0 13 अंचल पलासी पखरी बिहार. मोहम्मद सलीम (पिरान कलियर, हरिद्वार). रुकन राकम उर्फ शाह आलम- बांग्लादेशी नागरिक, जिसने तिलक और जटा धारण कर रखे थे; वह खुद को शिव योगी बता रहा था. इसी तरह से अन्य अपराधी और ठग पकड़े गए हैं, जोकि हिन्दू सनातन धर्म को साधू वेश धारण कर बदनाम कर रहे थे. इस संदर्भ में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कह रहे हैं कि वर्तमान समय में भी बहुत सारे 'कालनेमि' छद्म वेष बनाकर अनेक स्थानों पर अपनी पहचान छुपाकर के धार्मिक भावनाओं को आहत करने का काम कर रहे हैं. उनका यह कृत्य सनातन को नुकसान पहुंचाता है और जो सच्चे धर्म की खोज में, पुण्य की खोज में और अपनी आत्मा के प्रकाश को प्राप्त करने के लिए भगवान की शरण में जाते हैं. देवभूमि या अन्य स्थानों पर जाते हैं. उनका किसी न किसी रूप में मार्ग भटकाने का काम ये छद्म वेषधारी ठग करते हैं. ऐसे सभी लोगों की पहचान कर उन्हें रोकने और उनकी सच्चाई उजागर करने के लिए ही हमने ये ऑपरेशन कालनेमि चलाया है. हमारी सरकार जनभावनाओं, सनातन संस्कृति की गरिमा की रक्षा और सामाजिक सौहार्द बनाये रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है. हाल ही में एक प्रकरण उत्तर प्रदेश की एटीएस के प्रयासों से भी छांगुर बाबा उर्फ मोहम्मद जलालुद्दीन का सामने आया है. उसके पास से एक किताब 'शिजर-ए-तैयबा' नाम की बरामद हुई है. जिसके बारे में कहा जा रहा है कि इस किताब का इस्तेमाल लव जिहाद और इस्लामिक कन्वर्जन के लिए किया जा रहा था. पुस्तक का मकसद कोई धार्मिक प्रचार नहीं, बल्कि विशेष एजेंडे के तहत ब्रेनवॉश करना था. पुस्तक में मुस्लिम युवकों और हिंदू युवतियों को इस्लाम के नाम पर जोड़ने और प्रेरित करने की बातें की गई हैं. यहां तक कि किताब में 'धर्मी लोगों की सेना' तक का जिक्र किया गया है, यानी ऐसे लोग जो इस्लाम के लिए अपनी जान देने को तैयार हों. साथ ही इसमें विस्तार से बताया गया है कि लोगों को इस्लाम के प्रति कैसे आकर्षित किया जाए और किस तरह धर्मांतरण की मुहिम चलाई जाए. यह किताब सोशल नेटवर्किंग और धार्मिक कार्यक्रमों के जरिए युवाओं तक पहुंचाई जाती थी, जिससे वे धीरे-धीरे कट्टरपंथी विचारधारा की ओर आकर्षित होते जाएं. 'शिजर-ए-तैयबा' की तरह ही आज यह सामने आया है कि देश भर में अनेक नामों से इसी प्रकार की किताबें चलन में हैं, जोकि ब्रेनवॉश का काम करती हैं. , दीने-तालीम के नाम पर मदरसों में क्या पढ़ाया जा रहा है, किसी भी राज्य सरकार को इसके बारे में पता नहीं है. आप सोचिए; एक छांगुर बाबा उर्फ मोहम्मद जलालुद्दीन ने क्या कर दिया! उसने हजारों गैर मुसलमानों का ब्रेनवॉश, 1500 से अधिक हिन्दू महिलाओं के साथ लव जिहाद कर इस्लाम कबूल करवाना. हर हिन्दू युवतियों को लव जिहाद में फंसाने के लिए 10 से 20 लाख रुपए तक मुस्लिम युवक को देने की व्यवस्था, कई सौ करोड़ का साम्राज्य, दो हजार से अधिक स्लीपर सेल की टीम खड़ी करना, वह भी किसलिए सिर्फ इस्लाम के लिए. भारत को गजबा-ए-हिंद बनाने के लिए. आप यह भी विचार कर सकते हैं कि यह कोई अचानक नहीं हो गया है, पिछले कई सालों से यह सब चल रहा है. छांगुर, मोहम्मद जलालुद्दीन पिछले 15 वर्षों से अवैध धर्मांतरण गिरोह चला रहा था. सोचनेवाली बात यह है कि इसका पूरा यह षड्यंत्र कितना गोपनीय रहा होगा कि पुलिस का खुफिया तंत्र एवं देश की सुरक्षा एजेंसी भी इतने सालों तक उसकी भनक नहीं लगा सकीं. गजबा-ए-हिंद की गंदी सोच सिर्फ इस बाबा छांगुर उर्फ मोहम्मद जलालुद्दीन की नहीं है, हाल ही में एनआईए राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने आईएसआईएस पुणे स्लीपर मॉड्यूल में 11 लोग गिरफ्तार किए हैं, जिसमें कि रिजवान अली (अबु सलमा / मोला) की अहम गिरफ्तारी है. ऐसे ही मोहम्मद इमरान खान, मोहम्मद यूनुस साकी पकड़ा गया. मध्य प्रदेश एवं राजस्थान में एचयूटी के आतंकवादी पकड़े गए. जिसमे मुहिसन खान (प्रमुख योजनाकार, वित्तपोषक) की गिरफ्तारी बहुत अहम है. गाज़वाएहिंद के लिए एक पीएफआई मोड्यूल का खुलासा भी हुआ है. एनआईए द्वारा बिहार, यूपी, गुजरात व केरल में कई स्थानों पर रैड की गई और कई आरोपितों के साथ संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है. कर्नाटक से तीन लश्करएतैयबा (एलईटी) सहयोगी पकड़े गए हैं. कुछ कश्मीरी युवक भी पकड़े गए हैं. आज सोचनेवाली बात यह है कि देश भर में न जानें इस तरह के कितने षड्यंत्र सनातन के विरोध में चल रहे हैं! सवाल यह है कि क्या यह ऑपरेशन जो मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के विचारों की उपज है, सिर्फ उत्तराखंड तक ही सीमित रहना चाहिए अथवा भारत के हर राज्य में इसी तरह से एक ऑपरेशन चलाया जाना चाहिए? जिसे कि उत्तराखंड की तरह ही राज्य सरकार हाथ में लेकर चलाए. वास्वत में आज इस अभियान में जैसी कार्रवाई फर्जी साधुओं और ठगी करने वालों के खिलाफ हो रही है, वह एक राज्य तक सीमित नहीं रहनी चाहिए. सनातन धर्म या किसी भी मत, पंथ, संप्रदाय के खिलाफ देश भर में कहीं भी कुछ अपराध घट रहा है तो उस पर तुरंत अंकुश लगाना आवश्यक है, इसलिए कहना होगा कि उत्तराखंड में जो पुष्कर सिंह धामी ऑपरेशन कालनेमि के जरिए कर रहे हैं, वह किसी भी रूप में सही देश के हर राज्य में किए जाने की जरूरत है. क्योंकि भारतीय संविधान सभी की सुरक्षा, मौलिकता और धर्म स्वातंत्र्य की गारंटी देता है. ***(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं)***

## आपका जन्मदिन मंगलमय हो — 15 जुलाई

आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ. आपका जन्मतिथि 15 जुलाई है. अंक ज्योतिष के अनुसार आपकी जन्मतिथि का अधिष्ठाता ग्रह शुक्र है. आपका जन्मांक वृषभ व तुला राशि के अन्तर्गत आता है. इस माह का अधिष्ठाता ग्रह चन्द्रमा है. आप चन्द्रमा एवं शुक्र ग्रह के प्रभावी के प्रभाव से युक्त रहेंगे. आप में बुद्धि व भावना का अद्भुत तालमेल रहेगा. आप अपने निर्णय को दृढ़ता से कायम रख सकने में सफल होंगे. आप हमेशा उत्तरदायित्व के बोझ से दबे रहेंगे. मार्ग निर्देशन के क्षेत्र में आप सर्वोपरि रहेंगे. तुरन्त निर्णय लेना व दूरदर्शिता आपकी सफलता में सहायक रहेगा. आप किसी की चापलूसी या झूठी प्रशंसा करना पसन्द नहीं करेंगे. आपकी स्मरण शक्ति श्रेष्ठ होगी. विपरीत परिस्थितियों में भी आप सदैव मुस्करातें रहेंगे. जनकल्याण की ओर आपका झुकाव अधिक रहेगा. आपका गृहस्थ जीवन सामान्य रहेगा. फैशन सम्बन्धित वस्तुओं पर आप अधिक व्यय करेंगे. भोग विलासिता की ओर आपका रुझान अधिक रहेगा. आपको जन सम्पर्क का लाभ प्राप्त होगा. आपके जीवन में आकस्मिक घटनाएँ घटित होंगी. अनुकूलता हेतु अपने इष्ट देवी-देवता की पूजा एवं अर्चना नियमित रूप से करें. अपने दैनिक जीवन में सफेद रंग का प्रयोग अधिकतम करें. शुक्रवार के दिन सफेद रंग की वस्तुओं का दान भी करें. याचक को निराश न करें. मुफ्त में किसी की चाह न करें. मान-मर्यादा का ख्याल रखें. सत्य एवं अहिंसा का पालन करें. परोपकारी बनें. सुख-समृद्धि के लिए रत्न या उपरत्न तथा यन्त्र विधि-विधानपूर्वक धारण करें.

**आपके लिए अनुकूल :-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| मन्त्र | ॐ शुं शुक्राय नम: | मास | फरवरी, अप्रैल एवं नवम्बर |
| व्रत | शुक्रवार | वर्ष | 6, 15, 24, 33, 42, 51, 60, 69 |
| दिन | सोमवार, मंगलवार एवं शुक्रवार | रंग | हल्का नीला एवं सफेद |
| दिनांक | 6, 15, 24 | जन्मरत्न | हीरा |
| अंक | 4, 5, 8 | उपरत्न | सफेद पुखराज |

**यंत्र**

| | | |
|---|---|---|
| 11 | 6 | 13 |
| 12 | 10 | 8 |
| 7 | 15 | 9 |

*वर्ष का महत्वपूर्ण समय – 20 अप्रैल से 21 मई, 23 सितम्बर से 20 अक्टूबर*

*हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित व अंक ज्योतिषी एवं वास्तुविद*

**विमल जैन** एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, पंचक्रोशी मार्ग, भोजूबीर, वाराणसी-221002 मो0 : 09335414722

## आपका आज का दिन 2025

**मेष** : आज रात्रि 11/58 बजे तक इच्छा की पूर्ति, अध्यात्म के प्रति रुचि, आहार-विहार में नवीनता, शेष समय निराशा-जनक, सोचे हुए कार्य अपूर्ण, गलतफहमी के शिकार.

**वृषभ** : परिश्रम के अनुरूप सफलता, मनोभिलाषित योजना पूर्ण होने की ओर, वैवाहिक जीवन सुखद, दर्शनीय स्थलों की यात्रा, उत्तरदायित्व की पूर्ति हेतु प्रयत्नशील.

**मिथुन**: कार्यों के बनने से प्रसन्नता, सुसंदेश की प्राप्ति, परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण, रचनात्मक कृत्यों की ओर रुझान, संकल्प सिद्धि का प्रयास सार्थक, लाभार्जन.

**कर्क** : आज रात्रि 11/58 बजे तक दिनमान प्रतिकूल, अधीनस्थ सहयोगी से अभाव, वाहन से भय, शेष समय अच्छा, व्यापारिक प्रगति, उच्चाधिकारियों का सहयोग.

**सिंह** : आज रात्रि 11/58 बजे तक कार्यों में सफलता, शुभ विचारों का उदय, यात्रा संतोषजनक, शेष समय अशुभ, आर्थिक पक्ष से असंतोष, यश-मान में वृद्धि.

**कन्या**: उन्नति का सुअवसर, विनियोजित धन का प्रतिफल प्राप्त, योजना साकार होने की ओर, प्रियजनों से विचार-विमर्श, राजनैतिक कृत्यों की ओर संलग्नता.

**तुला**: नवयोजना दृष्टिगत, व्यक्तिगत समस्याओं का समाधान, शिक्षा के क्षेत्र में सफलता, वैवाहिक अड़चनें समाप्त, सुख के जरूरी साधन सुलभ, आनन्द की अनुभूति.

**वृश्चिक** : आज रात्रि 11/58 बजे तक कठिनाइयाँ प्रभावी, स्वास्थ्य में व्यतिक्रम, विवाद की आशंका, हानि भी, शेष समय भाग्य के पक्ष में, प्रेम संबंधों में मधुरता, हर्ष भी.

**धनु** : आज रात्रि 11/58 बजे तक प्रगति का सुअवसर, निराशा का समापन, नवसम्पर्क उपयोगी, लाभ, शेष समय में ग्रहस्थिति भाग्य के विपरीत, पारिवारिक कलह.

**मकर**: अभीष्ट सिद्धि हेतु प्रयास, साझेदारी से लिया गया निर्णय हितकर, प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता, मान-सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न, उत्साह में वृद्धि, मन प्रसन्न.

**कुम्भ**: परिस्थितियाँ भाग्य के पक्ष में, निजी पुराने विवाद का समापन, मनो-विनोद के अवसर प्राप्त, जिम्मेदारियों को निभाने हेतु अधिक व्यय, आपकी सौहार्द.

**मीन**: आज रात्रि 11/58 बजे तक स्वास्थ्य में शिथिलता, दिनचर्या अव्यवस्थित, मित्रों से तनाव, शेष समय में निराशा का समापन, दूसरे की आश्वासनों से राहत.

**- ज्योतिषाचार्य विमल जैन, वाराणसी, मो. नं. 09335414722**

## न्यूज कॉर्नर

### जल स्रोतों को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए टास्क फोर्स की बैठक संपन्न



**धनबाद** : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभागार में जल स्रोतों के संरक्षण, अतिक्रमण की रोकथाम तथा प्रदूषण मुक्त बनाए जाने को लेकर टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई. इस दौरान उपायुक्त ने अंचलवार सभी तालाबों, नदी व जलस्त्रोत की जानकारी संबंधित अंचलाधिकारी से प्राप्त की. साथ हीं अंचलवार तालाबों एवं आस पास के सरकारी जमीनों में हो रहे अतिक्रमण की जानकारी भी अंचलाधिकारी से प्राप्त की. इस दौरान झरिया अंचल अधिकारी ने बताया कि बीसीसीएल के क्षेत्र में पूर्व में बने तालाब में अतिक्रमण हो रखा है जिसको लेकर बीसीसीएल को नोटिस भी किया गया है. वहीं राजा तालाब पर हुए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई करनी है. उपायुक्त ने कहा कि तालाब चाहे सरकारी जमीन पर हो या रैयत के जमीन पर उसे अतिक्रमण करना गैर कानूनी है. अगर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण किया जाता है तो उसे पर ठोस कार्रवाई की जाएगी.उन्होंने कहा कि जल स्रोतों तथा सरकारी भूमि का संरक्षण राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है. इस दिशा में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. उन्होंने कहा कि जिस भी तालाब की गहराई काम हो रखी है उसका गहरीकरण करना सुनिश्चित करें. साथ हीं जिस तालाब में जीर्णोद्धार की आवश्यकता है उसकी भी सूची बनाकर जिला को उपलब्ध कराएं. मौके पर नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार समेत विभिन्न अंचल के अंचल अधिकारी, सिटी मैनेजर अमनदीप कुमार मौजूद थे.

### कुएं से युवक का शव बरामद, इलाके में सनसनी



**साहिबगंज** : सोमवार की अहले सुबह एक युवक की कुएं में तैरता शव को ग्रामीणों द्वारा देखे जाने के उपरांत इलाके में सनसनी फैलते देर नहीं लगी.घटना स्थल पर ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा होने के उपरांत पुलिस को जानकारी दी गई.मृतक युवक जीरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के श्रीराम चौकी महादेवगंज तुरी टोला रौशन तुरी निवासी बताया जा रहा है.मौजूद ग्रामीणों द्वारा जीरवाबाड़ी पुलिस को खबर दिया गया.पुलिस दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर जांच में जुट गई. शव को कुएं से निकालने के उपरांत अपने कब्जे में ले लिया गया.वहीं मौके पर मौजूद श्रीराम चौकी के प्रधान मरांग मरांडी द्वारा बताया गया किकुआं में गिर जाने से रौशन तुरी का मौत हो गया है.आगे बताया कि कुएं से पानी भरने के दौरान पैर फिसलने के कारण हादसा हुआ होगा.वहीं परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है.तो इलाके में लोगों के बीच चर्चा का विषय बना है. कि यह हादसा है,या हत्या खैर जो भी बाते सामने निकलकर आए. अब पुलिसिया अनुसंधान के बाद ही पता चलेगा कि रौशन तुरी की मौत की वजह हादसा है या हत्या.खबर लिखे जाने तक पुलिस द्वारा शव को अपने कब्जे में लेकर शव का पोस्टमार्टम हेतु साहिबगंज सदर अस्पताल भेजने की प्रक्रिया में जुटे थे.

### एलबीएसएम कॉलेज में आजसू छात्र संघ का मिलन समारोह आयोजित



**जमशेदपुर** : सोमवार क़ो एलबीएसएम कॉलेज करनडीह में आजसू छात्र संघ के बैनर तले मिलन समारोह का आयोजन किया गया. जिसमें सैकड़ों छात्र-छात्राओ ने सुदेश महतो पर भरोसा व्यक्त करते हुए आजसू पार्टी का सदस्यता ग्रहण किया. जिसका नेतृत्व आजसू छात्र नेता सोनू कुमार एवं अध्यक्षता सन्नी राव ने किया. कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व प्रदेश सचिव दीपक पाण्डेय शामिल हुए जो सभी छात्र छात्राओ क़ो बधाई देते हुए पार्टी के छात्र इकाई और उसके नीति सिद्धांत से अवगत कराया. साथ ही एलबीएसएम कॉलेज टीम से सन्नी राव को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया. आज शामिल होने वाले कन्हैया प्रसाद, सन्नी राव, सोनू कुमार, सूरज कुमार, आकाश कुमार, श्रावक पाण्डेय, नीरज कुमार, सुजीत पत्रों, ममता हांसदा, सबिता मुर्मू, ईशा कुमारी, सना परवीन, अनुष्का लहा, बिंदिया बास्कें, चंपा टुडू, चंदन सरदार, रवि हांसदा, पायल कुमारी, सीमा सरदार, पूजा गौर, अंजली प्रसाद, जिया कुमारी सहित कई छात्र छात्रा हैं. अंत में धन्यवाद ज्ञापन कन्हैया कुमार ने किया

### बंगाल सफारी में भव्य रूप से मनाया गया वन महोत्सव , आने वाले चार नए शेर के शावक

**सिलीगुड़ी** : पश्चिम बंगाल की माननीय मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की विशेष पहल पर तथा ज़िलास्तरीय वन महोत्सव समिति और वन विभाग के सहयोग से सोमवार को सिलीगुड़ी स्थित बंगाल सफारी पार्क में वन महोत्सव 2025 का भव्य आयोजन किया गया. इस महोत्सव की शुरुआत विद्यार्थियों द्वारा वृक्षारोपण के माध्यम से की गई.इस अवसर पर सिलीगुड़ी के मेयर गौतम देव, पुलिस कमिश्नर सी. सुधाकर, एसजेडीए के नव-नियुक्त चेयरमैन दिलीप दुग्गड़, डिप्टी मेयर रंजन सरकार, महकमा परिषद के सभापति अरुण घोष, वन विभाग की प्रमुख वनपाल डॉ. कणा तालुकदार, बंगाल सफारी के प्रमुख मुख्य वनपाल राजेश यादव, महकमा शासक अवध सिंघल सहित कई वरिष्ठ वन अधिकारी और रेंजर उपस्थित थे.कार्यक्रम के आरंभ में मेयर गौतम देव ने एक विशेष टेबलो का उद्घाटन किया. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का ड्रीम प्रोजेक्ट, बंगाल सफारी उत्तर बंगाल का गर्व है. हर साल दूर-दूर से हजारों पर्यटक यहां आते हैं. उनकी सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए बंगाल सफारी के मुख्य द्वार के पास जल्द ही एक पुलिस चौकी स्थापित की जा रही है.मेयर गौतम देव ने बताया कि इस संबंध में सिलीगुड़ी पुलिस कमिश्नर को पहले ही आवेदन दिया गया है. पुलिस कमिश्नर ने आश्वासन दिया है कि एक अधिकारी, दो एएसआई और 5-6 कांस्टेबल की टीम के साथ पुलिस चौकी का कार्य शुरू किया जाएगा. इसके साथ-साथ सफारी पार्क के अंदर बाइक पेट्रोलिंग भी शुरू की जाएगी ताकि चोरी या स्नैचिंग जैसी घटनाओं पर नियंत्रण पाया जा सके.पूजा से पहले पर्यटकों के लिए एक और खुशखबरी है, बंगाल सफारी में जल्द ही चार नए शेर के शावक आने वाले हैं. सफारी प्रशासन ने बताया कि इन शावकों को दुर्गा पूजा के तोहफे के रूप में जल्द ही दर्शकों के लिए सार्वजनिक किया जाएगा.विशेष अवसरों पर पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ती है. ऐसे में इस साल का वन महोत्सव न केवल सुरक्षा का संदेश देता है, बल्कि पर्यावरण और हरियाली को बचाने का भी एक बड़ा संदेश लेकर आया है.

# अपराधियों ने बेगूसराय में दिन दहाड़े बरसाया अंधाधुंध गोलियां

**गोलाबारी में एक युवक की मौत दो गंभीर रूप से घायल , बैरियर वसूली कर रहे युवक को नकाबपोश बदमाशों ने मारी गोली**



**बेगूसराय(युवा शक्ति ब्यूरो)** : बिहार में एक बार फिर बदमाशों द्वारा बड़ा तांडव देखने को बेगूसराय में सोमवार को मिला है. बेगूसराय में दिनदहाड़े बदमाशों ने सोमवार की सुबह 11:30 बजे दिन में छोटी वाहनों से बैरियर की वसूली कर रहे नगर निगम के ठेकेदार समेत तीन लोगों पर गोलियों की बौछार कर दिया. इस गोलीबारी की बड़ी घटना में एक युवक की जहां मौत हो गई. वहीं दो युवक गंभीर रूप से घायल है. यह घटना लोहिया नगर थाना क्षेत्र के बाघा दुर्गा स्थान के समीप की है. घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल कायम है. बताया जाता है कि तीन बाइक पर सवार होकर छह की संख्या में आये नकाब पोश बदमाशों ने बाघा रेलवे गुमती के पास बिना कुछ समझे सीधे गोलियां ही बरसाने लगे. इसमें तीन युवक गंभीर रुप से घायल हुये. घटना की सूचना पाकर लोहिया नगर थाने की पुलिस और स्थानीय लोगों के सहयोग से तीनों गोली से घायल युवक को उठाकर आनन फानन में उसे बेगूसराय सदर अस्पताल लाया गया. जहां सदर अस्पताल पहुंचते ही नगर निगम बेगूसराय क्षेत्र संख्या- 24 के बाघा गांव निवासी स्वर्गीय छोटे महतो के 35 वर्षीय पुत्र अमित कुमार ने दम तोड़ दिया. दूसरा बाघी वार्ड नंबर- 11 गांव निवासी 24 वर्षीय प्रिंस कुमार उर्फ नींबू और तीसरा युवक मटिहानी थाना क्षेत्र के रामदीरी गांव निवासी शुभम कुमार 26 वर्ष का अभी ईलाज चल रहा है. इस गोलीबारी की घटना की जानकारी मिलते ही जिले के एसपी मनीष ,सदर डीएसपी बेगूसराय-1 सुबोध कुमार और साइबर डीएसपी इमरान अहमद के साथ कई थानों की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची. जहां घटना स्थल पर इस पूरी वारदात की सघन जांच स्वयं एसपी मनीष ने किया. घटनास्थल पर आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज को देखकर बदमाशों की पहचान पुलिस कर रही है. मृतक अमित कुमार का अपना भाई बोला मृतक अमित कुमार का अपना भाई अमन कुमार ने बताया कि पूरी प्लानिंग करके मेरे भाई की हत्या अपराधियों ने की है.मेरा भाई बाघा रेलवे गुमती के पास बैरियर की वसूली करने के लिये कभी नहीं जाता था. हमेशा उसका स्टाफ ही रहकर बैरियर की वसूली करता था. उसे घर से बुलाकर लाया गया.

वह थोड़ी देर पहले ही बाघा रेलवे गुमती पर अपने घर से पहुंचा ही था. तभी अचानक तीन बाइक पर सवार होकर 6 की संख्या में नकाबपोश आये बदमाशों ने गोलियां उसके ऊपर बरसाने लगे और गोली लगने के बाद वह गंभीर रूप से घायल होने के बाद जब उसे सदर अस्पताल लाया गया जहां उसने दम तोड़ दिया. बैरियर का ठेका नगर निगम से मेरा भाई का ही था. इसी बैरियर लेने के विवाद में उसे गोली मारी गई. मेरे पिता की हत्या बदमाशों ने 09 जून 2016 को, यानी 9 साल पहले मेरे पिता छोटे महतो की भी हत्या गोलीमारकर कर दी. इस घटना के बाद मृतक के परिजनों का हाल रो रो कर बुरा है.

### सिविल सर्जन द्वारा देर रात्रि सदर अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

**साहिबगंज** : सोमवार को सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान ने बीती रात सदर अस्पताल साहिबगंज का औचक निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर, विभिन्न वार्डों और विशेष नवजात देखभाल इकाई (एसएनसीयू) का जायजा लिया.निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि अस्पताल परिसर में पुराने आईईसी, सामग्रियों को तत्काल हटाया जाए. ड्रेसिंग रूम एवं आईपीडी, वार्ड की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए. अस्पताल के पिछे ( बैकयार्ड) में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था (लाइट) की व्यवस्था की जाए. एसएनसीयू में ट्रांसपोर्ट इन्क्यूबेटर मशीन की स्थिति के बारे में स्टाफ से जानकारी ली गई.सिविल सर्जन ने एसएनसीयू में चल रही गतिविधियों की गहन समीक्षा की और स्पष्ट निर्देश दिया कि मुस्कान प्रमाणन हेतु निर्धारित सभी मापदंडों की पूर्णता तत्काल सुनिश्चित किया जाए. उन्होंने कहा कि नवजात शिशुओं की देखभाल सर्वोच्च प्राथमिकता है और सभी चिन्हित कमियों को शीघ्र दूर किया जाए.

### उत्तर बंगाल में नहीं खुलेगा तृणमूल का खाता : शमिक भट्टाचार्य

**सिलीगुड़ी** : भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य ने उत्तर बंगाल के अपने दौरे में उत्तरकन्या अभियान का आह्वान किया. उन्होंने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को 21 जुलाई को उत्तरकन्या चलो अभियान में शामिल होने की अपील की .भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य अध्यक्ष चुने जाने के बाद पहली बार उत्तर बंगाल के दौरे पर आए हैं. सोमवार दोपहर राष्ट्रीय राजमार्ग से डुआर्स की ओर जाते समय उन्हें पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं का अभिवादन मिला. जलपाईगुड़ी के पहाड़पुर इलाके में नवनिर्मित सर्किट बेंच भवन के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग पर भाजपा के नेता और कार्यकर्ता पहले से ही इंतजार कर रहे थे. उन्हें देखकर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य ने अपनी गाड़ी रोकी और नीचे उतर गए. भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उत्तरीय और फूलों के गुलदस्ते देकर उनका स्वागत किया. उस समय भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष समीक भट्टाचार्य ने पार्टी कार्यकर्ताओं को दिए संदेश में कहा कि 21 जुलाई को उत्तरकन्या चलो

### बरौनी रिफाइनरी का निदेशक (वित्त) अनुज जैन ने किया दौरा



**बेगूसराय (युवा शक्ति ब्यूरो)** : बरौनी रिफाइनरी को 10 एवं 11 जुलाई 2025 को इंडियन ऑयल के निदेशक (वित्त) अनुज जैन की मेजबानी का सौभाग्य प्राप्त हुआ. उनके साथ कार्यकारी निदेशक (वित्त) सुब्रत चौधरी एवं कार्यकारी निदेशक (ऑप्टिमाइजेशन) हितेश शाह भी उपस्थित रहे. आगंतुक गणों का स्वागत कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख सत्य प्रकाश द्वारा, कार्यकारी निदेशक (परियोजना एवं कोर ग्रुप) संजय रायजादा तथा बरौनी रिफाइनरी की वरिष्ठ प्रबंधन टीम के साथ आत्मीयता से किया गया.अपने दौरे के दौरान श्री जैन ने बरौनी रिफाइनरी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक संवादात्मक सत्र में भाग लिया. इस अवसर पर रिफाइनरी के हालिया प्रदर्शन पर आधारित एक विस्तृत प्रस्तुति दी गई, जिसके पश्चात लागत अनुकूलन (कॉस्ट ऑप्टिमाइजेशन) पर गहन चर्चा हुई. रिफाइनरी की यात्रा पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुये श्री जैन ने आधारभूत संरचना में हुये विकास की सराहना की. उन्होंने रिफाइनरी में लागत बचत की संस्कृति विकसित करने पर बल दिया ताकि सुरक्षा एवं संचालन उत्कृष्टता से कोई समझौता किये बिना समग्र दक्षता में वृद्धि हो.

श्री जैन ने तकनीकी प्रगति को अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया तथा रिफाइनरी के लिये लाभ मार्जिन सुधार के विभिन्न उपायों का उल्लेख किया. इस भ्रमण की एक विशेष उपलब्धि रही बरौनी रिफाइनरी डायमंड जुबिली चिल्ड्रन कॉमिक बुक का लोकार्पण एवं उद्घाटन, जिसे निदेशक (वित्त) द्वारा कार्यकारी निदेशक (वित्त), कार्यकारी निदेशक (ऑप्टिमाइज़ेशन), रिफाइनरी प्रमुख एवं कार्यकारी निदेशक (परियोजना एवं कोर ग्रुप) की उपस्थिति में किया गया.

अपने दूसरे दिन के भ्रमण 11 जुलाई 2025 को श्री जैन ने 'दृष्टिपथ' - बरौनी रिफाइनरी के अनुभव केंद्र का दौरा किया, जो एक अत्याधुनिक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं रोबोट युक्त डिजिटल सुविधा है. उन्होंने इसके अभिनव डिजाइन और डिजिटल एकीकरण की सराहना की, तथा इसे पारदर्शिता, सीखने और निरंतर सुधार के प्रति रिफाइनरी की प्रतिबद्धता का प्रतीक बताया.

इसके पश्चात उन्होंने बीआर-09 एवं बिटुरॉक्स परियोजना स्थलों, इंडजेट यूनिट एवं उसके कंट्रोल रूम का भी दौरा किया. यह यात्रा बरौनी रिफाइनरी में लागत दक्षता, तकनीकी उन्नयन एवं संचालन उत्कृष्टता की रणनीतिक दिशा को और सुदृढ़ करती है,जो इंडियन ऑयल के व्यापक ऊर्जा नेतृत्व दृष्टिकोण के अनुरूप है. इसकी जानकारी मीनाक्षी ठाकुर वरिष्ठ प्रबंधक (कॉर्पोरेट संचार और कर्मचारी सेवाएं) बरौनी रिफाइनरी ने दी.

### मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के संभावित यात्रा शिलान्यास स्थल का हुआ निरीक्षण



**तेघड़ा/बेगूसराय (युवा शक्ति ब्यूरो)** : तेघड़ा विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के संभावित यात्रा एवं शिलान्यास कार्यक्रम को लेकर सोमवार को तेघड़ा के एसडीएम राकेश कुमार, पूर्व एमएलसी सह जदयू जिलाध्यक्ष रुदल राय, ऑर्थोपेडिक सर्जन सह जदयू प्रदेश राजनैतिक सलाहकार समिति सदस्य डा. प्रवीण कुमार ने तेघड़ा रेलवे स्टेशन गुमती के निकट मुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थल निरीक्षण किया. जदयू जिलाध्यक्ष रूदल राय ने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रगति यात्रा के दौरान तेघड़ा विधानसभा में विकास से संबंधित अनेक योजनाओं की घोषणा किये थे. अब उस योजना का शिलान्यास करने आयेंगे जहां से सिमरिया सहित बेगूसराय जिले के अन्य में होने वाले विकास से संबंधित कार्य का मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तेघड़ा से रिमोट दबाकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से करेंगे. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के संभावित कार्यक्रम को लेकर तेघड़ा में प्रशासनिक और राजनैतिक हलचल तेज हो गई है. इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष हीरालाल महतो, तकनीकी प्रकोष्ठ के पूर्व जिलाध्यक्ष मुकेश राय, उपाध्यक्ष पप्पू कुशवाहा,देव कुमार,मोनू पटेल, शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह भासो सहित अन्य लोगों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की संभावित यात्रा एवं शिलान्यास स्थल का निरक्षण किया.

## अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन ने लिखा इतिहास ;350 टॉपर्स को किया सम्मानित






**आसनसोल**:विद्या रत्न :मेगा एजुकेशन आइकन अवार्ड समारोह के जरिए एक मुकम्मल इतिहास रचने का काम किया है इंटरनेशनल इक्विटेबल ह्यूमन राइट्स सोशल काउंसिल ने.वैश्विक स्तर पर जनहित में कार्य कर रही इस संस्था की ओर से रविवार की शाम विद्या रत्न आइकन अवार्ड,सीजन 11 का आयोजन औद्योगिक शहर आसनसोल के रविन्द्र भवन स्थित विशाल ऑडिटोरियम में किया गया.आयोजन की शुरुआत राष्ट्रीय गीत से हुई.संस्था के सदस्यों ने राष्ट्रीय गीत गाकर समां बांध दिया.फिर आसनसोल रामकृष्ण मिशन आश्रम के सचिव सोमात्मा नन्द जी महाराज, कल्ला ईसीएल हॉस्पिटल के सीएमओ मोहम्मद फैयाज अहमद,संस्था के इंटरनेशनल चेयरमैन संजय सिन्हा आदि ने दीप जलाकर समारोह को आगे बढ़ाया.स्वागत भाषण में चेयरमैन संजय सिन्हा ने तमाम मेधावी विद्यार्थियों को बधाई दी और उनकी हौसला अफजाई की.उन्होंने कहा, ' जिंदगी में हमेशा पॉजिटिव रहो.अगर हार है तो जीत भी है.लक्ष्य निर्धारित करके आगे बढ़ेंगे तो कामयाबी निश्चित मिलेगी.'उन्होंने कहा कि, 'सबसे पहले अच्छा इंसान बने,तब तुम अच्छे डॉक्टर,इंजीनियर,पत्रकार आदि बन पाओगे.' श्री सिन्हा ने बताया कि बहुत जल्दी फ्री एजुकेशन काउंसलिंग सेंटर भी शुरू किया जाएगा.विशेष अतिथि स्वामी सोमात्मा नन्द जी महाराज,पश्चिम बर्दवान के जिला सभाधिपति विश्वनाथ बाउरी, आसनसोल नगर निगम के डिप्टी मेयर वसीमुल हक,सीएमओ मोहम्मद फैयाज अहमद,पार्षद व अधिवक्ता भोला नाथ हेला,वरिष्ठ पत्रकार संतोष श्रीवास्तव आदि ने भी अपनी बातें रखीं.ज्ञात हो कि तालियों की गड़गड़ाहट के बीच 52 स्कूलों के लगभग साढ़े तीन सौ बच्चों को विद्या रत्न आइकन अवार्ड 2025 से नवाजा गया.पत्रकार सज्जन पारीक,दिनेश पांडे,विकास चंद्र और वसीम खान को सम्मानित किया गया.साथ ही शिक्षाविद प्रोफेसर डॉक्टर आलोक सत्संगी,डॉक्टर विजय मंडल,कृष्ण कुमार यादव,प्रोफेसर राहुल श्याम, डॉक्टर अमृता भट्टाचार्य,डॉक्टर सौरदीप चटर्जी,सोमनाथ नियोगी, जय घोष, सौम्यदीपा दास,सौमिक चौधरी के अलावा आसनसोल आशीर्वाद फाउंडेशन के सौम्य साधु को विद्या रत्न आइकन अवार्ड 2025 से विभूषित किया गया.इस आयोजन में संस्था के कौशिक रॉय चौधुरी (दुर्गापुर),अमित सिंह, दीपांजना कुंडू, दीपंकर दास,संजय दास,अभिषेक दास,अंजन दे,सृजित दे,सतबीर सिंह,कौशिक रॉय चौधुरी,हीरा पाठक,शुभम शर्मा, शांतनु बिस्वास,प्रियव्रत सरकार, आशीष कुमार,आशा नाथ, पापिया मित्रा,रिंकू बाध्यकर, रूमपा नाथ, आलो नाथ,आयुषी सरकार आदि की भूमिका महत्वपूर्ण रही.

### श्रावण की पहली सोमवारी पर भक्तों ने शिवालयों में किया जलार्पण



**साहिबगंज** : पवित्र श्रावण माह की पहली सोमवारी के अवसर पर अहले सुबह से ही गंगा में आस्था की डुबकी लगाने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी. स्नान के उपरांत भक्तों ने शिवालयों में भोलेनाथ को जलार्पण किया. शहर के मुक्तेश्वरधाम बिजली सीढ़ी गंगा घाट, सकुंतला सहाय घाट, गोपालपुल घाट, चानन कबूतरखोपी घाट, सकरीगली गंगा घाट, महाराजपुर गंगा घाट, राजमहल गंगा घाट सहित विभिन्न गंगा घाटों में हजारों भक्तो ने आस्था की डुबकी लगाई.शिवगादी, मोतीनाथ धाम, मुरली स्थित बाबा धनेश्वर नाथ धाम सहित विभिन्न शिवालयों में लाखों भक्तों ने भोलेनाथ को जलाभिषेक किया. बरहेट प्रखंड क्षेत्र के शिवगादी धाम स्थित बाबा गाजेश्वरधाम, तालझारी प्रखंड क्षेत्र के मोती झरना स्थित बाबा मोतिनाथ धाम, बरहरवा बिंधवासनी मंदिर, नगर परिषद क्षेत्र के पुलिस लाइन मंदिर, जैप 9 मंदिर, डाकीनाथ मंदिर, महाकालेश्वर मंदिर, सब्जी मंडी मंदिर, गंगा घाट स्तिथ शिवालय, बड़तल्ला स्तिथ शिवालय, स्टेशन परिसर शिवालय, जीआरपी मंदिर सहित राजमहल के सूर्य देव घाट स्थित शिव मंदिर, गोदारा घाट स्थित शिव मंदिर नयाबाजार स्थित महामृत्युंजय मंदिर सहित मटियाल, कासिम बाजार, महाजन टोली, मंडई, कटघर, नौगच्छी, जामनगर, सरकंडा आदि के शिव मंदिर में दिन भर श्रद्धालुओं ने जलार्पण कर पूजा-अर्चना की. जिला के मंडरो, तीनपहाड़, बोरियो सहित विभिन्न शिवालयों में भक्तों ने भगवान भोलेनाथ को जलाभिषेक करके विधिवत रूप से पूजन किया.

## लीज होल्ड एरिया में बीसीसीएल डंप करें ओवर बर्डन : उपायुक्त



**धनबाद**: उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन की अध्यक्षता में न्यू टाउन हॉल में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई.इस अवसर पर उपायुक्त ने भारत कोकिंग कोल लिमिटेड को भू-अर्जन में नियमों का पालन करने, अपने लीज होल्ड एरिया में ओवर बर्डन डंप करने तथा कोयला खनन के बचे हुए अवैध मुहाने शीघ्र बंद करने का निर्देश दिया. उपायुक्त ने कहा कि कोयला का अवैध खनन चिंता का विषय है. जिला प्रशासन, पुलिस, बीसीसीएल एवं सीआईएसएफ को साथ मिलकर इसे रोकना है. साथ ही कहा कि जिला खनन टास्क फोर्स के लिए यहां की जनता के भविष्य को ध्यान रखते हुए पर्यावरण, सतत विकास, कार्य योजना तथा माइनिंग क्लोजर पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए काम करना है. कोयले का अवैध परिवहन रोकने के लिए उपायुक्त ने कोल ट्रेड में पंजीकृत जीएसटी संख्या की सूची लेकर सभी के पास कोल डिपो या प्लाट, है या नहीं, की जांच करने तथा अवैध कोयला लदा वाहन पकड़ते समय तिथि एवं समय का अनिवार्य रूप से उल्लेख करने का निर्देश टास्क फोर्स को दिया. बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने सभी थाना प्रभारी को भारत कोकिंग कोल लिमिटेड, सीआईएसएफ या खनन पदाधिकारी से अवैध खनन से संबंधित प्राप्त आवेदन पर उसी दिन प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया. वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि कोयले के अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन की रोकथाम के लिए बीसीसीएल को प्रशासन एवं पुलिस का पूरा सहयोग प्रदान किया जाएगा. बैठक में अपर समाहर्ता विनोद कुमार ने भूमि अधिग्रहण के नियमों से भारत कोकिंग कोल लिमिटेड को अवगत कराया. बैठक में जिला खनन पदाधिकारी रितेश राज तिग्गा ने बताया कि इस वर्ष जनवरी से जून तक कोयला के अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध 58 कांड दर्ज किए हैं. जिसमें 68 लोगों की गिरफ्तारी हुई है. जबकि 890 टन कोयला तथा 7 हाइवा सहित 17 वाहन जब्त किए हैं. वहीं लघु खनिज से संबंधित अवैध खनन के 26 मामले दर्ज किए हैं.

इसमें 9 प्राथमिकी दर्ज हुई है.

33 वाहन जब्त किए हैं और लगभग 9.55 लाख रुपए का जुर्माना जेएमएमसी रूल 2004 के तहत वसूला गया है. बैठक में बीसीसीएल के निदेशक (मानव संसाधन) मुरली कृष्ण रमैया ने बताया कि कोयले के अवैध खनन को रोकने के लिए बीसीसीएल के सभी क्षेत्रों में सीआईएसएफ द्वारा ड्रोन सर्विलांस से निगरानी की जा रही है. सभी माइनिंग एरिया में अवैध मुहाने बंद कर उसकी डोजरिंग की गई है.

अवैध खनन के हॉटस्पॉट चिन्हित कर लगातार कार्रवाई जारी है. कोयला परिवहन में लगे सभी वाहनों में आरएफआईडी व व्हीकल ट्रेकिंग सिस्टम है एवं माइनिंग क्षेत्र के प्रवेश एवं निकास द्वार पर बूम बैरियर लगाए गए हैं. बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी विकास पालीवाल, सिटी एसपी कपिल चौधरी, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, सीआईएसएफ कमांडेंट प्रदीप विश्वकर्मा आशुतोष चौबे, डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर नौशाद आलम, एसडीपीओ सिंदरी आशुतोष सत्यम, एसडीपीओ बाघमारा पुरुषोत्तम कुमार सिंह, एसडीपीओ निरसा रजत मणिक बाखला, सभी अंचल के अंचल अधिकारी, सभी थाना प्रभारी मौजूद थे.

## न्यूज कॉर्नर

### सड़क हादसे में सात वर्षीय बच्ची समेत दो लोगों की मौत

**बलिया:** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में सोमवार की सुबह सड़क हादसे में सात वर्षीय बच्ची और एक महिला की मौत हो गयी जबकि दो अन्य गंभीर रूप से से घायल हो गए. पुलिस ने यह जानकारी दी. पुलिस के अनुसार जिले के सहतवार-बांसडीह मार्ग पर सोमवार की सुबह एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल सड़क पार कर रही एक महिला से टकराकर अनियंत्रित होकर पलट गई. इस हादसे में सड़क पार कर रही पूनम (30) और मोटरसाइकिल सवार परी (सात) की मौत हो गई जबकि मोटरसाइकिल चला रहे परी के पिता और उसकी मां गंभीर रूप से घायल हो गए. पुलिस ने बताया कि रेवती थाना क्षेत्र के तुलसी छपरा गांव निवासी कन्हैया यादव अपनी बेटी परी व पत्नी के साथ मोटरसाइकिल से बलिया की ओर जा रहे थे, तभी रघुनाथपुर गांव के समीप पूनम मुख्य सड़क को पार कर रहीं थी. तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने पूनम को टक्कर मार दी और अनियंत्रित होकर पलट गई. इस हादसे में पूनम व मोटरसाइकिल पर सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. आस-पास के लोगों ने सभी घायलों को जिला अस्पताल पंहुचाया, जहां चिकित्सकों ने पूनम और परी को मृत घोषित कर दिया. गंभीर रूप से घायल मोटरसाइकिल सवार कन्हैया व उसकी पत्नी को मऊ के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है.

### नालंदा में डूबने से वृद्ध महिला की मौत

**नालंदा, (बिहारशरीफ):** जिले में पावापुरी सहायक थाना क्षेत्र अंतर्गत बजरंगी बीघा के पास पंचाने नदी में सोमवार सुबह एक वृद्ध महिला की डूबने से मौत हो गई. मृतका की पहचान बजरंगी बीघा निवासी दुलार मांझी की पत्नी 55 वर्षीय गिरानी देवी के रूप में की गई है. घटना के संबंध में बताया जाता है कि गिरानी देवी सुबह शौच के लिए पंचाने नदी की ओर गई थीं. उनके पति दुलार मांझी ने बताया कि नदी के किनारे हाथ पैर धोने के क्रम में पैर फिसल गया जिससे वह गहरे पानी में गिर गईं और डूब गईं. जब काफी देर तक वह घर नहीं लौटीं तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की. खोजबीन के दौरान उनका शव नदी में मिला. शव बरामद होने के बाद घटना की जानकारी स्थानीय पावापुरी सहायक थाना को दी गई.सूचना पर थानाध्यक्ष कुमार गौरव सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, बिहारशरीफ भेज दिया. पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है.

### फ्रांस में बिहार फाउंडेशन का नया चैप्टर गठित, शिलांग चैप्टर पर भी सहमति : सम्राट चौधरी

**पटना:** बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि फ्रांस में बिहार फाउंडेशन का नया चैप्टर गठित किया गया है, जो फ्रांस में रहने वाले प्रवासी बिहारियों के सहयोग से राज्य के सर्वांगीण विकास में एक नई शुरुआत का संकेत है. इस का उद्देश्य स्वास्थ्य, शिक्षा, व्यापार, संस्कृति और पर्यटन जैसे विविध क्षेत्रों में बिहार से जुड़ी परियोजनाओं को गति देना है. सम्राट चौधरी ने सोमवार को यहां कहा कि फ्रांस के साथ अपने देश के पूर्वोत्तर भाग से जुड़े रहने के लिए शिलांग में भी बिहार फाउंडेशन चैप्टर के गठन पर सहमति दी गई है. उन्होंने बताया कि फ्रांस में वर्षों से कार्यरत 'बिहार स्पंदन' नामक संगठन इस दिशा में पहले से ही सांस्कृतिक एवं व्यावसायिक गतिविधियों में सक्रिय रहा है. होली, दिवाली, छठ जैसे पर्वों के साथ-साथ ये संस्था ने निवेश फोरम जैसे आयोजनों में भी सक्रिय भूमिका निभाती है. उन्होंने कहा कि फ्रांस चैप्टर से अब तक 16 प्रवासी बिहारियों का पंजीकरण 'बिहार फाउंडेशन' की वेबसाइट पर किया गया है. बिहार सरकार इसे प्रवासी जुड़ाव और वैश्विक साझेदारी की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मान रही है. उन्होंने बिहार फाउंडेशन के शिलांग चैप्टर के गठन पर भी सहमति दी है. उन्होंने कहा कि इस चैप्टर के गठन से शिलांग में निवासरत बिहार मूल के नागरिकों, छात्रों, व्यापारियों एवं सांस्कृतिप्रेमियों को एक साझा मंच मिलेगा जहाँ वे अपने गृह राज्य से जुड़ी गतिविधियों में सहयोग कर सकेंगे.

### ओमप्रकाश राजभर को मिली धमकी मामले में पुलिस ने शुरू की जांच

**बलिया:** उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर को जान से मारने की धमकी मिली है. इस मामले में कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है. पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने सोमवार शाम को इसकी पुष्टि करते हुए कि सुभासपा के महासचिव अरुण राजभर ने एक्स पर पोस्ट के जरिए लाइव आकर आरोप लगाया था कि करणी सेना बलिया नाम की फेसबुक आईडी से सुभासपा प्रमुख व कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर को गोली मारने की धमकी दी गई है. कहा कि ओमप्रकाश राजभर यूपी और बिहार समेत अन्य राज्यों में गरीबों की आवाज बन रहे हैं. इसे देखकर विरोधी हताश और निराश हैं. अरुण राजभर ने करणी सेना बलिया के संचालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग डीजीपी और एसपी से की है. साथ ही ओमप्रकाश राजभर के लिए जेड प्लस सुरक्षा की मांग भी की. हालांकि, इस मामले में करणी सेना बलिया के जिलाध्यक्ष कमलेश सिंह ने मीडिया के सामने आकर अपने ऊपर लग रहे आरोपों पर सफाई दी है. उन्होंने कहा कि मैं दो फेसबुक आईडी चलाता हूं, जिनसे इस प्रकार की कोई धमकी नहीं दी गई है. यह सब ओमप्रकाश राजभर द्वारा अपनी सुरक्षा बढ़वाने के लिए किया गया है. एसपी ने सोमवार को बताया कि सोशल मीडिया पर दी गई धमकी को लेकर शहर कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है. इसकी जांच करने के निर्देश साइबर को दिए गए हैं. जांच के उपरांत मामले में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी.

### पुलिस की सभा में पानी मांगने पर एजेंसी कर्मी ने दारोगा का सिर फोड़ा,सदर अस्पताल में भर्ती



**सहरसा:** ये गाड़ी पर बैठे घायल दरोगा करमन कुमार हैं. इनका सिर फोड़ दिया गया था. इनका गुनाह था कि इन्होंने उमस और तपती धूप में सोमवार को स्थानीय स्टेडियम में सैकड़ो पुलिस कर्मी की उपस्थिति में प्यास लगने पर एक बोतल पानी मांग ली थी, जिस पर होमगार्ड बहाली प्रक्रिया में टेक्निकल सपोर्ट देने वाले एजेंसी इन्फो क्लेव के कर्मी भड़क गए. कर्मी ने गुस्से में आपा खो दिया और एएसआई साहब को पीट डाला, जिसमें उनका सिर फूट गया. अब उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा जा रहा था. इन दिनों जिले में होमगार्ड की बहाली प्रक्रिया आयोजित की जा रही है. डीएम और एसपी के निर्देश एवं देखरेख में पूरी प्रक्रिया आयोजित हो रही है. हालांकि होमगार्ड के कमांडेंट पूरी प्रक्रिया का नेतृत्व कर रहे हैं. प्रक्रिया कई दिन और चलेगी, जहां रजिस्ट्रेशन काउंटर पर तैनात पूरी प्रक्रिया में टेक्निकल सपोर्ट दे रहे एजेंसी इन्फो क्लेव के कर्मी अपनी प्यास बुझाने के लिए पानी की बोतल लेकर काम कर रहे थे. उनके सामने ही वेटिंग एरिया में जॉइंट ऑर्डर के तहत एएसआई की तैनाती की गई थी. दोनों की बैठकी आमने-सामने ही थी.इस दौरान एएसआई अरमान कुमार को प्यास लगी. उन्होंने बताया कि सामने की काउंटर पर बैठे कर्मी जिनका वे नाम नहीं जानते. बैठे हुए थे. प्यास लगी थी. पानी मांगा था. नहीं दिया. तो बोले- अरे, एक बोतल पानी तो दे दो, प्यास लगी है. जिस पर वे गुस्से में आकर सिर फोड़ दिया है. होमगार्ड बहाली में ड्यूटी लगी हुई थी. होमगार्ड कमांडेंट संदीप कुमार ने बताया कि इसे आप मारपीट नहीं कहेंगे. असल में, यहां जो रजिस्ट्रेशन काउंटर के सामने वेटिंग एरिया है. वहां जॉइंट ऑर्डर के तहत एएसआई तैनात थे और जिस एजेंसी से हम लोग काम करा रहे हैं. इन्फो क्लेव एजेंसी है, जो यहां सारा टेक्निकल सपोर्ट, इस जांच परीक्षा में दे रहा है. उसका एक कर्मी भी उस रजिस्ट्रेशन काउंटर पर तैनात था. उन्होंने आगे बताया कि एएसआई ने पानी मांगा. इस पर विवाद हुआ और इन दोनों में झड़प हो गई. इस कारण, एएसआई को चोट लग गई है. जिसकी तुरंत सूचना डीएम और एसपी को दिया गया था. इस पर कमेटी गठित होगी और घटना की जांच होगी. दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी.अब सैकड़ो पुलिस की उपस्थिति में हुई उक्त घटना को लेकर कई तरह के सवाल शहर भर में चर्चा का विषय बना रहा. जितनी मुंह, उतनी बातें, कहीं, और सुनी जा रही थी.

# पूर्णिया में सब्जी दुकान से भारी मात्रा में हथियार और कारतूस बरामद, जेल से छूटने के बाद खोली थी दुकान

## एके-47 का ब्रिज ब्लॉक और 440 जिन्दा कारतूस बरामद

**पूर्णिया:** पूर्णिया शहर के वार्ड 18 स्थित सुधांशु नगर की एक सब्जी दुकान से पुलिस ने एक पिस्टल, एके-47 का ब्रिज ब्लॉक और 440 जिन्दा कारतूस बरामद किया है. दो महीने पहले जेल से छूटने के बाद दो हथियार तस्कर ने मिलकर यह सब्जी दुकान खोली थी. इनमें से एक कुणाल कुमार 36 वर्ष साकिन सुधांशु नगर, वार्ड नं 18, थाना केहाट, पूर्णिया को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. जबकि उसके दूसरे साथी की तलाश पुलिस कर रही है. पुलिस ने दूसरे अपराधी का नाम अभी गुप्त रखा है. इस मामले को लेकर सोमवार को प्रेस कांफ्रेंस में एसपी स्वीटी सहरावत ने बताया कि गिरफ्तार अपराधी कुणाल कुमार दो महीने पहले बेल पर जेल से बाहर आया है. बेल पर छूटने के बाद उसने सुधांशु नगर में एक सब्जी की दुकान खोली. इस सब्जी दुकान में उसका एक सहयोगी भी था जिससे उसकी मुलाकात बेउर जेल में एक साल पहले हुई थी. दोनों मिलकर यह सब्जी दुकान चला रहे थे. 13 जुलाई को केहाट थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि सुधांशु नगर स्थित कुणाल कुमार जो पूर्व में एक हथियार तस्कर रहा है, वह अपनी सब्जी दुकान के आड़ में अवैध हथियार का खरीद-बिक्री करता है. सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस अधीक्षक ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-01 के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया. छापामारी दल जब सुधांशु नगर स्थित सब्जी दुकान के पास पहुंची तो उक्त सब्जी का दुकान बंद पाया गया. एसपी स्वीटी सहरावत ने बताया कि हथियार की खरीद-बिक्री का यह मामला दूसरे स्टेट से जुड़े होने की पूरी स्थिति लग रही है. उन्होंने बताया कि प्रारंभिक छानबीन में यह बात सामने आयी है कि सिक्यूरिटी गार्डों के काम में लगे लोगों से हथियार व कारतूस की खरीद-बिक्री का तार जुड़ा है. इसका दायरा दूसरे स्टेट तक भी जाता लग रहा है. ऐसे में गिरफ्तार कुणाल कुमार को रिमांड पर लेकर फिर गहन पूछताछ की जायेगी. उन्होंने बताया कि पटना और मुंगेर जिला का भी यह आपराधिक मामलों में शामिल रहा है. इसका सहयोगी अभी फरार है जिसे पकड़ने के लिए पुलिस संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है. गौरतलब है कि हथियार तस्कर कुणाल कुमार की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी दल में पुनि उदय कुमार, थानाध्यक्ष केहाट थाना,सअनि मनोहर कुमार, केहाट थाना, सअनि मनोज कुमार सिंह, केहाट थाना, बीसैप दिनेश कुमार मंडल, केहाट थाना, बीसैप संजीव कुमार, केहाट थाना, एसटीएफ टीम पूर्णिया शामिल रहे.



# एकतरफा मोहब्बत नहीं हो सकती... बिहार चुनाव में इंडिया ब्लॉक से जुड़ने से ओवैसी ने किया इनकार



**पटना:** एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने सोमवार को आगामी बिहार विधानसभा चुनावों से पहले इंडिया ब्लॉक के साथ किसी भी गठबंधन की संभावना से इनकार किया और राज्य में तीसरा मोर्चा बनाने के लिए समर्थन दोहराया. एक सार्वजनिक कार्यक्रम में बोलते हुए, ओवैसी ने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्षी गठबंधन में शामिल होने का कोई सवाल ही नहीं उठता और उन्होंने विरोधी दलों पर हाशिए पर पड़ी आवाज़ों को दबाने के लिए उनकी पार्टी को निशाना बनाने का आरोप लगाया. एएनआई के अनुसार, ओवैसी ने कहा कि एकतरफ़ा प्यार नहीं चलेगा... बिहार के लोगों को समझना चाहिए कि हम पर लगाए गए आरोप झूठ पर आधारित हैं. वे नहीं चाहते कि गरीबों और उत्पीड़ितों का कोई नेता उभरे. ओवैसी ने आरोप लगाया कि उनके राजनीतिक विरोधी चाहते हैं कि बिहार के लोग उनके अधीन रहें. उन्होंने कहा कि वे चाहते हैं कि बिहार के लोग उनके गुलाम बने रहें... हम अपना चुनाव अच्छे से लड़ेंगे. भाजपा नीत एनडीए और इंडिया ब्लॉक दोनों के राजनीतिक विकल्प के विचार का समर्थन करते हुए हैदराबाद के सांसद ने कहा कि एआईएमआईएम बिहार में तीसरा मोर्चा बनाने के पक्ष में है. ओवैसी ने आगे कहा कि हमारी बिहार इकाई के अध्यक्ष अख्तरुल ईमान ने कहा है कि हमें तीसरा मोर्चा बनाने की कोशिश करनी चाहिए. यह हमारी तरफ से एक प्रयास था. अब सब कुछ बिहार की जनता के सामने है. इस महीने की शुरुआत में, बिहार में एआईएमआईएम के इकलौते विधायक अख्तरुल ईमान ने राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव को एक पत्र लिखकर महागठबंधन में शामिल होने की माँग की थी, जिसमें वर्तमान में राजद, कांग्रेस और वामपंथी दल शामिल हैं.

# बिहार बना 'क्राइम कैपिटल ऑफ इंडिया', कुर्सी बचा रहे सीएम, राहुल का नीतीश सरकार पर निशाना

**नयी दिल्ली/पटना:** बिहार में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर सियासत तेज हो गई है. वहीं, विपक्ष बिहार में कानून व्यवस्था और मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण को लेकर एनडीए सरकार पर लगातार हमला बोल रहा है. इन सबके बीच कानून व्यवस्था को लेकर राहुल गांधी ने भी सरकार पर निशाना साधा है. राहुल ने एक्स पर लिखा कि बिहार बना 'क्राइम कैपिटल ऑफ इंडिया' - हर गली में डर, हर घर में बेचैनी! बेरोज़गार युवाओं को हत्यारा बना रहा है गुंडा राज. नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए राहुल ने आगे लिखा कि सीएम कुर्सी बचा रहे हैं, बीजेपी मंत्री कमीशन कमा रहे हैं. मैं फिर दोहरा रहा हूं- इस बार वोट सिर्फ सरकार बदलने का नहीं, बिहार को बचाने का है. व्यापारियों, राजनेताओं, वकीलों, शिक्षकों और आम नागरिकों को निशाना बनाकर एक के बाद एक अंजाम दी जा रहीं हत्या की घटनाओं ने बिहार की कानून-व्यवस्था को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा कर दी हैं. पुलिस ने इन घटनाओं के लिए अवैध हथियारों और गोला बारूद की व्यापक उपलब्धता को जिम्मेदार ठहराया है. पिछले 10 दिन में, व्यवसायी गोपाल खेमका, भाजपा नेता सुरेंद्र कुमार, 60 वर्षीय एक महिला, एक दुकानदार, एक वकील और एक शिक्षक सहित कई लोगों की हत्याओं ने चुनाव से पहले बिहार को दहला दिया है. राज्य अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एससीआरबी) के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, राज्य में जनवरी से जून के बीच हर महीने औसतन 229 हत्याओं के साथ 1,376 हत्या के मामले दर्ज किए गए, जबकि 2024 में यह संख्या 2,786 और 2023 में 2,863 थी. वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के अनुसार, अवैध रूप से निर्मित या बिना वैध लाइसेंस के खरीदे गए आग्नेयास्त्रों के प्रसार और कारतूसों व गोला-बारूद की अनियंत्रित उपलब्धता ने हाल में हिंसक अपराधों में तेज़ी ला दी है. राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों के अनुसार, बिहार लगातार हिंसक अपराधों, जिनमें आग्नेयास्त्रों से जुड़े अपराध भी शामिल हैं, के मामले में शीर्ष पांच राज्यों में शामिल रहा है. एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार, राज्य 2017, 2018, 2020 और 2022 में हिंसक अपराध दर में दूसरे स्थान पर रहा है. पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने कहा, ज़्यादातर हत्याओं के पीछे जमीन विवाद और संपत्ति के मामले मुख्य कारण हैं. ऐसे मामलों में पुलिस की भूमिका सीमित होती है और यह अपराध होने के बाद शुरू होती है. अपराध का पता लगाने में हमारे बल ने 100 प्रतिशत की दर हासिल कर ली है.

# मुख्तार अंसारी गैंग के शार्प शूटर शाहरुख पठान का एनकाउंटर ; मेरठ एसटीएफ ने मुजफ्फरनगर में किया ढेर

**■ शाहरुख पर दर्ज थे 12 से अधिक मुकदमे ■ पुलिस महानिदेशक ने 50 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था**



**मुजफ्फरनगर:** मेरठ एसटीएफ ने मुख्तार अंसारी गैंग के शार्प शूटर शाहरुख पठान को एनकाउंटर में ढेर कर दिया है. शाहरुख मुजफ्फरनगर का रहने वाला था. मुठभेड़ सोमवार सुबह छपार थाना क्षेत्र के रोहाना मार्ग पर हुई है, जिसमें घटनास्थल से एक कार, पिस्टल और भारी मात्रा में कारतूस बरामद हुए. एसटीएफ को इनपुट मिला था कि शूटर शाहरुख पठान मुजफ्फरनगर में मौजूद है. इसके बाद टीम ने घेराबंदी की. खुद को घिरा देख शाहरुख ने कार से ही फायरिंग शुरू कर दी. एसटीएफ की जवाबी कार्रवाई में शाहरुख मारा गया. इस मुठभेड़ के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है. शाहरुख पर लूट, हत्या और गैंगस्टर एक्ट के 12 से अधिक गंभीर मामले दर्ज थे. करीब डेढ़ साल से वह फरार चल रहा था. शाहरुख सुपारी लेकर हत्या करने से लेकर अन्य संघीन वारदातों को अंजाम देता था. वह संजीव जीवा गैंग का भी सदस्य था. आसिफ को मुजफ्फरनगर रेलवे स्टेशन पर गोलियों से भूना था: शाहरुख ने 2015 में बिजनौर जेल से पेशी पर आए आसिफ जायदा नामक बंदी को मुजफ्फरनगर रेलवे स्टेशन पर गोलियों से भून दिया था. इसके बाद शाहरुख कोर्ट में पेश होकर जेल चला गया था और पुलिस की कस्टडी से फरार हो गया था. शाहरुख ने फरार होने के बाद 2017 में हरिद्वार में कंबल व्यापारी गोल्डी की हत्या कर दी थी. उसी साल उसने आसिफ जायदा मर्डर केस में गवाह रहे आसिफ के पिता की भी हत्या कर दी. इस वारदात के बाद उस पर 50 हजार का इनाम घोषित किया गया था. गोल्डी मर्डर केस में मिली थी उम्र कैद की सजा: बाद में गिरफ्तार होकर वह जेल गया और गोल्डी मर्डर केस में उम्रकैद की सजा हो गई. करीब छह महीने पहले शाहरुख जमानत पर जेल से बाहर आया और फिर से गवाहों को धमकाने और हत्या की कोशिशों में जुट गया था. संभल जिले के बनियाठेर में उस पर हत्या के प्रयास और धमकी देने का मामला दर्ज हुआ था, जिसमें वह वांछित चल रहा था. सोमवार यानी 14 जुलाई को एसटीएफ फील्ड यूनिट मेरठ को उसकी लोकेशन मुदफ्फरनगर के छपार थाना क्षेत्र में मिली. घेराबंदी के दौरान शाहरुख ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी. जवाबी कार्रवाई में शाहरुख को गोली लगी और वह घायल हो गया. पुलिस ने उसे गिरफ्तार करके घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया. जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. शाहरुख अपराधी बनने से पहले साइकिल पंचर की दुकान चलाता था और इसके बाद वह चोरियां करने लगा. कई चोरी की घटनाओं के बाद भी जब पुलिस उसे गिरफ्तार नहीं कर सकी तो वह बड़ी घटनाओं को अंजाम देने लगा और इसी तरह वह जीवा गैंग की नजर में आया और फिर उसके लिए काम करने लगा. लखनऊ में एसएसपी एसटीएफ सुशील धुले ने मीडिया को बताया कि शाहरुख पठान पर तीन हत्या, गैंगस्टर, रंगदारी समेत दर्जनों मुकदमे दर्ज थे. जेल में उसकी मुलाकात संजीव जीवा से हुई थी जिसके बाद वह उसके साथ मिलकर काम करने लगा. जांच में यह भी बात सामने आई है कि उसके तार मुख्तार अंसारी गैंग से भी जुड़े हुए थे. हालांकि मुख्तार अंसारी गैंग के लिए उसने कोई वारदात की या नहीं इसकी अभी पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन संजीव जीवा के लिए उसने काम किया. एसएसपी एसटीएफ ने बताया कि शाहरुख पठान के पिता जरीफ हैं. बचपन में ही इसके फूफा अमीर आजम ने संतान न होने के कारण शाहरुख को गोद ले लिया था. तभी से वह अपने फूफा के साथ रहने लगा था. इसका फूफा मुजफ्फरनगर में एक साइकिल पंचर की दुकान चलाता था. आजम भी वहीं बैठता था.

# उप्र में विद्यालयों के विलय का आदेश शिक्षा के अधिकार के खिलाफ : प्रियंका गांधी



**नई दिल्ली/लखनऊ :** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोमवार को आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश में सैकड़ों सरकारी विद्यालयों के विलय का आदेश शिक्षा के अधिकार, दलित, पिछड़े, आदिवासी, अल्पसंख्यक, गरीब और वंचित तबकों के खिलाफ है. राज्य सरकार का कहना है कि इस कदम का मकसद स्कूलों के 'विलय' या उन्हें 'बंद' करना नहीं है, बल्कि यह विद्यार्थियों की कम संख्या वाले संस्थानों में संसाधनों के बेहतर उपयोग के उद्देश्य से उन्हें जोड़ने की कवायद है. प्रियंका गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, ''उत्तर प्रदेश सरकार विलय के नाम पर करीब 5,000 सरकारी स्कूलों को बंद करने जा रही है. शिक्षक संगठनों के मुताबिक, सरकार की मंशा लगभग 27,000 स्कूलों को बंद करने की है.'' उन्होंने कहा कि संप्रग सरकार देश में शिक्षा का अधिकार कानून लाई थी, जिसके तहत हर गांव में स्कूल की व्यवस्था की गई थी ताकि गरीब परिवार के बच्चों के लिए शिक्षा सुलभ हो सके. कांग्रेस नेता ने सवाल किया, ''अगर स्कूल घर से दूर हुए तो छोटे बच्चे, खासकर लड़कियां कई किलोमीटर पैदल चलकर स्कूल कैसे पहुंचेंगी? जाहिर है कि उनकी पढ़ाई छूट जाएगी. बच्चों से यह अधिकार क्यों छीना जा रहा है?'' प्रियंका गांधी ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार का यह आदेश शिक्षा के अधिकार के खिलाफ तो है ही, दलित, पिछड़े, आदिवासी, अल्पसंख्यक, गरीब और वंचित तबकों के भी खिलाफ है.

# सोनभद्र में नाबालिग से दुष्कर्म मामले में दोषी को 20 वर्ष की सजा

**सोनभद्र:** करीब साढ़े चार वर्ष पूर्व शादी का झांसा देकर नाबालिग के साथ कई बार बलात्कार किए जाने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट अमित वीर सिंह की अदालत ने सोमवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी सुरेश को 20 वर्ष की कठोर कैद एवं 10 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई. अर्थदंड अदा न करने पर एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी. जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित की जाएगी. वहीं अर्थदंड की धनराशि में से आठ हजार रूपये पीड़िता को मिलेगी. अभियोजन पक्ष के मुताबिक जुगैल थाना क्षेत्र स्थित एक गांव निवासी पीड़िता ने जुगैल थाने में 13 मार्च 2021 को दी तहरीर में आरोप लगाया था कि जुगैल थाना क्षेत्र के खरहरा टोला गौरघट्टी गांव निवासी सुरेश पुत्र वीरन करीब एक साल से उसे शादी का झांसा देकर कई बार बलात्कार करता रहा. उसने अपने नाना से ख़रीदवाकर उसे मोबाइल फोन दिया था. जब भी वह उसे जहां बुलाता था वह आ जाती थी और वह उसके साथ बलात्कार करता था. अब वह दूसरी शादी करने की धमकी दे रहा है. 7 मार्च 2021 को उसने यह धमकी दिया कि तुम रास्ते से हट जाओ, नहीं तो हत्या कर दूंगा. इस घटना को कई लोगों ने देखा है. इस तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर पुलिस ने मामले की विवेचना शुरू कर दिया और पर्याप्त सबूत मिलने पर कोर्ट में सुरेश के विरूद्ध चार्जशीट विवेचक ने दाखिल किया था. मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, आठ गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी सुरेश को 20 वर्ष की कठोर कैद एवं 10 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई. अर्थदंड न देने पर एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी. वही अर्थदंड की धनराशि में से 8 हजार रूपये पीड़िता को मिलेगी.

# मुख्यमंत्री योगी ने कांवड़ यात्रा में विघ्न डालने वालों से सख्ती से निपटने के निर्देश दिए

## श्रावण मास में कांवड़ यात्रा के सुचारु संचालन हेतु मुख्यमंत्री ने की उच्चस्तरीय बैठक



**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांवड़ यात्रा में विघ्न डालने वालों से सख्ती से निपटने के निर्देश दिए हैं. उन्होंने कहा है कि ऐसे लोगों के खिलाफ तत्काल कठोर कार्रवाई की जाए. श्रावण मास के दौरान उत्तर प्रदेश में संचालित हो रही कांवड़ यात्रा की तैयारियों और व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को एक उच्चस्तरीय बैठक की. बैठक में उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि यह पवित्र यात्रा पूरी तरह शांतिपूर्ण, सुरक्षित और श्रद्धामय वातावरण में सम्पन्न हो. इसके लिए शासन-प्रशासन पूरी सजगता, संवेदनशीलता और सक्रियता से कार्य करे. मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है. उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि यात्रा मार्गों पर साफ-सफाई, चिकित्सा, पेयजल, भोजनालय, विश्रामालय और शौचालयों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए. महिला श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए उन्होंने विशेष निर्देश दिए कि महिला कांवड़ियों की सुरक्षा और सुविधा के पुख्ता इंतजाम हों तथा महिला पुलिस बल की प्रभावी तैनाती की जाए. मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर वहां ड्रोन कैमरों और सीसीटीवी के माध्यम से 24 घंटे निगरानी की जाए. खुफिया तंत्र को पूरी सक्रियता से कार्य करने के निर्देश दिए, ताकि किसी भी प्रकार की घुसपैठ या अराजकता की कोशिश को समय रहते रोका जा सके. उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि यात्रा मार्गों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से जरूरी सूचनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाए और शिव भजनों का प्रसारण सुनिश्चित हो, जिससे श्रद्धालु भावनात्मक और आध्यात्मिक रूप से जुड़ाव महसूस करें. मुख्यमंत्री योगी ने श्रद्धालुओं के स्वागत हेतु प्रमुख अवसरों पर हेलिकॉप्टर से पुष्पवर्षा कराने की व्यवस्था करने को कहा. उन्होंने निर्देश दिए कि सभी प्रमुख स्थलों पर चिकित्सा शिविर, प्राथमिक उपचार केंद्र और एम्बुलेंस सेवाएं पूरी तरह सक्रिय रहें, ताकि किसी भी आपात स्थिति से तत्काल निपटा जा सके. खाद्य पदार्थों की शुद्धता को लेकर मुख्यमंत्री ने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन तथा स्थानीय प्रशासन को निर्देशित किया कि वे खानपान सामग्री की गुणवत्ता और शुद्धता की नियमित जांच सुनिश्चित करें. मुख्यमंत्री योगी ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धा, मर्यादा और अनुशासन का पालन करें. सभी शिवभक्त पवित्र नदियों से जल लेकर भोलेनाथ का जलाभिषेक करें और इस दौरान प्रशासन से पूर्ण सहयोग बनाए रखें. राज्य सरकार श्रद्धालुओं की सेवा, सुविधा और सुरक्षा हेतु पूर्णतः प्रतिबद्ध है.

# मुख्यमंत्री ने पौधारोपण कर राज्यस्तरीय 'वन महोत्सव-2025' का किया शुभारंभ



**पटना:** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 1 अणे मार्ग परिसर में आम का पौधारोपण कर पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय 'वन महोत्सव-2025' का शुभारंभ किया. इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील की है कि सभी लोग अपने परिसर एवं आसपास पौधारोपण कर इस अभियान में अपना अहम योगदान दें. वर्ष 1950 से हर वर्ष देश में वन महोत्सव का आयोजन किया जाता रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य वनों का संरक्षण, पौधोरोपण करना और लोगों को वृक्षों के प्रति जागरूक करना है. वित्तीय वर्ष 2025-26 में 5 करोड़ पौधों का रोपण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है और इस वृक्षारोपण अभियान की पूरी तैयारी कर ली गयी है. इस अभियान के दौरान आज से अगले 3 माह तक पूरे राज्य में बड़े पैमाने पर पौधारोपण किया जायेगा. इसके अन्तर्गत वन विभाग के साथ ग्रामीण विकास विभाग, जीविका समूह, उद्यान विभाग, विभिन्न संस्थाओं, विभागों, गैर सरकारी संस्थानों एवं विभिन्न सामाजिक क्लबों के द्वारा पौधारोपण कराया जा रहा है. मुख्यमंत्री की अग्रसोच तथा हरित आवरण में वृद्धि के उद्देश्य से वर्ष 2012 में हरियाली मिशन की शुरूआत कर बड़े पैमाने पर राज्य भर में मिशन मोड में पौधारोपण कार्य किया गया, जिसके फलस्वरूप राज्य का हरित आवरण 15.05 प्रतिशत हो गया. हरित आवरण को वर्ष 2028 तक बढ़ाकर 17 प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा गया है. मुख्यमंत्री के पहल पर वर्ष 2019 से जल-जीवन-हरियाली अभियान की शुरूआत की गई. इस अभियान के तहत पौधारोपण, जल संरक्षण एवं पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जनमानस को जागरूक कर उन्हें पौधारोपण में शामिल करने तथा कृषि वानिकी के माध्यम से किसानों की आमदनी में वृद्धि का लक्ष्य रखा गया है. साथ ही जीविका दीदियों एवं जंगल से सटे गांवों में लोगों को फलदार पौधे निःशुल्क उपलब्ध कराये जा रहे हैं.

## न्यूज़ कॉर्नर

### आयकर विभाग का फर्जी कर कटौती मामले में 200 से अधिक ठिकानों पर छापा

**नई दिल्ली:** आयकर विभाग ने सोमवार को देशभर में उन 200 से ज़्यादा ठिकानों पर छापेमारी की है, जिन्होंने कथित तौर पर करदाताओं को राजनीतिक चंदे, ट्यूशन फीस और चिकित्सा व्यय सहित विभिन्न मदों में फर्जी कटौती का दावा करने में मदद की. आयकर विभाग ने इस तलाशी अभियान में फर्जी कर कटौती में मदद करने के आरोपितों और संस्थाओं को निशाना बनाया है. आयकर विभाग की ये कार्रवाई तब हुई, जब उन्हें धारा 80-जीजीसी के तहत कई बिचौलियों के कई फर्जी बिल मिले हैं. आयकर अधिनियम की इस धारा में करदाताओं को राजनीतिक दलों या किसी चुनावी ट्रस्ट को दिए गए दान पर कटौती का प्रावधान है.आयकर विभाग फर्जी चिकित्सा व्यय और ट्यूशन फीस की कटौती के संबंध में तलाशी ले रहा है. ऐसी शिकायतें मिली थीं कि कई बिचौलिए नियमित रूप से फर्जी बिलों पर कटौती का दावा कर रहे थे. ये फर्जी बिल बिचौलियों को पांच से 10 फीसदी तक के कमीशन पर दिए जाते थे. ये कर चोर मुख्य रूप से राजधानी शहरों से हैं, जहां लोग नियमित रूप से ट्यूशन फीस और चिकित्सा व्यय पर तथा राजनीतिक चंदे के माध्यम से धोखाधड़ी से कटौती का दावा कर रहे हैं.

### एनएसई ने मासिक बिजली वायदा अनुबंध शुरू किया

**नयी दिल्ली:** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एनएसई) ने सोमवार को मासिक बिजली वायदा अनुबंध शुरू किए. इससे बिजली खरीदारों, विक्रेताओं, व्यापारियों और खुदरा कारोबारियों को मूल्य जोखिमों का प्रबंधन करने में मदद मिलेगी.अनुबंधों में दोपहर दो बजे तक 4,000 से अधिक लॉट के लिए कारोबार हुआ था, जो 20 करोड़ यूनिट से अधिक बिजली के बराबर है.एक्सचेंज ने बयान में कहा कि कुल कारोबार की मात्रा 87.36 करोड़ को पार कर गई, जिसका औसत मूल्य 4,368 रुपये प्रति मेगावाट घंटा (मेगावाट-घंटा) दर्ज किया गया.बयान के मुताबिक, ''पहला कारोबार 4,430 रुपये प्रति मेगावाट घंटा पर खुला, और खबर लिखे जाने तक कीमत 4,364 रुपये प्रति मेगावाट घंटा के आसपास थी. इससे बिजली उत्पादकों, वितरण कंपनियों, बड़े औद्योगिक उपभोक्ताओं और बाजार मध्यस्थों सहित प्रतिभागियों की अच्छी भागीदारी का पता चलता है.''एक्सचेंज के अनुसार, यह पेशकश प्रतिभागियों को बिजली की कीमतों में उतार-चढ़ाव से बचाव, दीर्घकालिक बिजली योजना का समर्थन और देश के व्यापक ऊर्जा रूपांतरण लक्ष्यों में योगदान करने के लिए एक पारदर्शी, जोखिम प्रबंधित मंच देती है.

### 'ग्रो' की पेशेवर कारोबारियों के लिए समर्पित कारोबारी मंच लाने की योजना

**नयी दिल्ली:** शेयर ब्रोकिंग कंपनी 'ग्रो' अनुभवी और पेशेवर शेयर कारोबारियों के लिए खासतौर पर विकसित एक नया कारोबारी टर्मिनल पेश करने की योजना बना रही है.इस नए टर्मिनल को '915' नाम दिया गया है जो भारत का ऐसा पहला ट्रेडिंग सिस्टम है जो किसी विशेष उपयोगकर्ता या समूह की अत्यंत विशिष्ट और उन्नत ज़रूरतों को पूरा करने के लिए बनाया गया है.बाजार से जुड़े सूत्रों ने कहा, ''नया मंच अधिक संख्या में सौदे करने वाले कारोबारियों की ज़रूरतें पूरी करेगा और इसे 'ग्रो' ऐप से अलग पेश किया जाएगा.'' इसके तहत, कारोबारी अपनी विशिष्ट कारोबार शैलियों और डेटा संसाधनों के आधार पर अपने अनूठे डैशबोर्ड का अनुकूलन कर सकेंगे.हालांकि, कंपनी ने इसकी पेशकश को लेकर पूछे गए सवालों का जवाब नहीं दिया. लेकिन उद्योग के जानकारों का मानना है कि ग्रो का लक्ष्य 'पेशेवर' और पूर्णकालिक शेयर कारोबारियों के साथ अपनी भागीदारी को मजबूत करना है.नया कारोबार टर्मिनल खासतौर पर उन लोगों के लिए होगा जो उच्च प्रदर्शन, उन्नत टूल और पूरी तरह से अनुकूलन-योग्य कारोबारी कार्यक्षेत्र चाहते हैं.

### हीरो मोटोकॉर्प 2025-26 की दूसरी तिमाही में जर्मनी, फ्रांस, स्पेन, ब्रिटेन के बाजार में उतरेगी

**नयी दिल्ली:** दोपहिया वाहन बनाने वाली कंपनी हीरो मोटोकॉर्प तेजी से वैश्विक विस्तार कर रही है और उसकी योजना 2025-26 की दूसरी तिमाही में जर्मनी, फ्रांस, स्पेन और ब्रिटेन के बाजार में अपनी उपस्थिति बढ़ाने की है. कंपनी के चेयरमैन पवन मुंजाल ने यह बात कही है. मुंजाल ने कंपनी की 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट में शेयरधारकों को संबोधित करते हुए कहा कि हीरो मोटोकॉर्प ''भविष्य में निवेश कर रही है - भारत और उससे आगे.''उन्होंने आगे कहा कि कंपनी अपने मंच, जिसमें 'स्टार्टअप के लिए हीरो' पहल भी शामिल है, के जरिये अगली पीढ़ी के उद्यमियों को प्रोत्साहन दे रही है और उन्हें अनुसंधान एवं विकास की सुविधा तथा बाजार तक पहुंच दे रही है.मुंजाल ने कहा कि 2024-25 में कंपनी ने 'इलेक्ट्रिक परिवहन' में अपनी अग्रणी स्थिति को और मजबूत किया है.''उन्होंने कहा, ''एक साहसिक वैश्विक विस्तार योजना के तहत हीरो मोटोकॉर्प वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में जर्मनी, फ्रांस, स्पेन और ब्रिटेन में अपनी उपस्थिति का विस्तार करेगी.''

### ओला इलेक्ट्रिक का राजस्व अप्रैल-जून तिमाही में 35.5 प्रतिशत बढ़कर 828 करोड़ रुपये

**नयी दिल्ली:** इलेक्ट्रिक दोपहिया विनिर्माता ओला इलेक्ट्रिक का राजस्व तिमाही आधार पर अप्रैल-जून में 35.5 प्रतिशत बढ़कर 828 करोड़ रुपये हो गया. जनवरी-मार्च तिमाही में यह 611 करोड़ रुपये रहा था. कंपनी ने सोमवार को बयान में कहा, वित्त वर्ष 2025-26 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में कुल 68,192 वाहनों की आपूर्ति की जबकि वित्तवर्ष 2024-25 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में 51,375 इकाइयों की आपूर्ति की थी. यह तिमाही आधार पर 32.7 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है.इसमें कहा गया कि एकीकृत परिचालन व्यय अब 150 करोड़ रुपये प्रति माह है और वित्त वर्ष 2025-26 तक इसे घटाकर 130 करोड़ रुपये प्रति माह करने का लक्ष्य है.ओला इलेक्ट्रिक ने कहा कि उसे चालू वित्त वर्ष में 3,25,000 से 3,75,000 वाहन बेचने और 4,200-4700 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित करने की उम्मीद है.कंपनी ने कहा कि उसे 3 उत्पाद खंड के लिए दूसरी तिमाही से शुरू होने वाले उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) लाभों के साथ सकल मुनाफा 35-40 प्रतिशत तक बढ़ने का अनुमान है. कंपनी को समूचे वर्ष में कर पूर्व आय के पांच प्रतिशत से अधिक रहने की उम्मीद है.

### चीन का निर्यात जून में 5.8 प्रतिशत बढ़ा

**बीजिंग:** चीन के निर्यात में अमेरिकी शुल्क से राहत के बाद जून में तेजी आई. सोमवार को जारी सीमा शुल्क आंकड़ों के अनुसार, निर्यात में सालाना आधार पर 5.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई. मई में इसमें 4.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी.आंकड़ों के अनुसार आयात में भी सुधार हुआ और इस साल पहली बार इसमें वृद्धि दर्ज की गई जो जून में यह 1.1 प्रतिशत बढ़ा.अमेरिका को निर्यात में 16 प्रतिशत की गिरावट आई, लेकिन यह मई में दर्ज की गई 34.5 प्रतिशत की गिरावट के आधे से भी कम है.अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के चीन से आयात पर 245 प्रतिशत तक का शुल्क लगाने और चीन के जवाब में भारी आयात शुल्क लगाने के बाद दोनों पक्ष बातचीत के लिए समय देने हेतु शुल्क वापस लेने पर सहमत हुए. दोनों पक्षों के बीच प्रारंभिक बातचीत में अभी तक कोई खास प्रगति नहीं हुई है.इस बीच, ट्रंप प्रशासन ने चीन से आयात पर शुल्क में 35 प्रतिशत की वृद्धि कर दी है. अमेरिका और चीन ने फिलहाल टाले गए उच्च शुल्क को वापस लागू करने की समय सीमा 12 अगस्त तय की है.

### कमजोर डॉलर, वैश्विक जोखिम के चलते अगले सप्ताह सोने में रह सकती है तेजी: विश्लेषक

**नयी दिल्ली:** वैश्विक जोखिम से बचने की प्रवृत्ति, अमेरिकी डॉलर सूचकांक में लगातार कमजोरी और व्यापार संबंधी घटनाक्रमों के चलते आने वाले सप्ताह में सोने की कीमतों में मजबूती रहने की संभावना है.विश्लेषकों का कहना है कि निवेशक अमेरिकी उपभोक्ता मूल्य मुद्रास्फीति (सीपीआई) और खुदरा बिक्री के आंकड़ों पर कड़ी नज़र रखेंगे, जिससे सर्राफा कीमतों को और दिशा मिल सकती है.एलकेपी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक, जिंस एवं मुद्रा, उपाध्यक्ष जतीन त्रिवेदी ने कहा कि आने वाले हफ्ते में सोने के मजबूत कारोबार की उम्मीद है, बशर्ते यह एमसीएक्स पर 97,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर से ऊपर बना रहे. त्रिवेदी ने कहा, व्यापार शुल्कों को लेकर नए सिरे से चिंता और डॉलर सूचकांक में लगातार कमजोरी वैश्विक जोखिम से बचने की प्रवृत्ति को बढ़ा रही है, जिससे निवेशक जोखिम भरी संपत्तियों से हटकर सुरक्षित निवेश जैसे सर्राफा साधनों की ओर रुझान बढ़ रहा है.

# लगातार चौथे कारोबारी दिन गिरा स्टॉक मार्केट, बावजूद निवेशकों को 96 हजार करोड़ का मुनाफा

## सेंसेक्स 0.30 प्रतिशत और निफ्टी 0.27 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए

**नई दिल्ली:** घरेलू शेयर बाजार आज लगातार चौथे कारोबारी दिन गिरावट का शिकार हो गया, लेकिन निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 96 हजार करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया. आज की कारोबार की सपाट स्तर पर शुरुआत हुई थी. बाजार खुलते ही बिकवाली शुरू हो जाने के कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में गिरावट आ गई. खरीदारों ने बीच-बीच में लिवाली का जोर बनाने की कोशिश भी की, लेकिन शेयर बाजार लगभग पूरे दिन लाल निशान में ही कारोबार करता रहा. पूरे दिन हुई खरीद बिक्री के बाद सेंसेक्स 0.30 प्रतिशत और निफ्टी 0.27 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए.
आज दिन भर के कारोबार के दौरान फार्मास्यूटिकल, रियल्टी और पीएसयू बैंक सेक्टर के शेयरों में लगातार खरीदारी होती रही. इसी तरह ऑटोमोबाइल, कंज्यूमर ड्यूरेबल, एफएमसीजी, ऑयल एंड गैस और मेटल इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहे. दूसरी ओर आईटी, कैपिटल गुड्स, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और टेक सेक्टर के शेयरों में लगातार बिकवाली होती रही. बेंचमार्क इंडेक्स में कमजोरी आने के बावजूद ब्रॉडर मार्केट में आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.67 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ. इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.57 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया.
आज शेयर बाजार में आई कमजोरी के बावजूद मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में हुई खरीदारी के कारण स्टॉक



मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब एक लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई. बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 457.65 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया. पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 456.69 लाख करोड़ रुपये था. इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 96 हजार करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया.
आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,340 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई. इनमें 2,063 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,123 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 154 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए. एनएसई में आज 2,673 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई. इनमें से 1,318 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,355 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए. इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 10 शेयर बढ़त के साथ और 20 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए. जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 22 शेयर हरे निशान में और 28 शेयर लाल निशान में बंद हुए.
कारोबार की शुरुआत होते ही बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण ये सूचकांक गिर कर लाल निशान में आ गया. लगातार हो रही बिकवाली के कारण दोपहर 1 बजे के थोड़ी देर बाद सेंसेक्स 490.09 अंक की कमजोरी के साथ 82,010.38 अंक तक गिर गया. इस गिरावट के बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बनाने की कोशिश की, जिसकी वजह से इस सूचकांक की स्थिति में सुधार होने लगा. दिन के दूसरे सत्र में हुई खरीदारी के कारण सेंसेक्स निचले स्तर से 240 अंक से अधिक की रिकवरी करके 247.01 अंक की कमजोरी के साथ 82,253.46 अंक के स्तर पर बंद हुआ.
सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 0.35 अंक की सांकेतिक कमजोरी के साथ 25,149.50 अंक के सपाट स्तर से कारोबार की शुरुआत की. बाजार खुलते ही कुछ क्षण के लिए ये सूचकांक उछल कर हरे निशान में 25,151.10 अंक तक आया, लेकिन इसके बाद बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण इसने दोबारा लाल निशान में गोता लगा दिया. लगातार हो रही बिकवाली की वजह से निफ्टी 147.90 अंक टूट कर 25,001.95 अंक के स्तर तक गिर गया. ₹

## खुदरा महंगाई दर जून में घटकर 77 महीने के निचले स्तर 2.10 फीसदी पर



**नई दिल्ली:** थोक महंगाई के बाद खुदरा महंगाई दर में भारी गिरावट आई है. उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा महंगाई दर जून महीने में घटकर 77 महीने के निचले स्तर 2.10 फीसदी पर आ गई है. मई में यह 2.82 फीसदी और जून, 2024 में 5.08 फीसदी के स्तर पर थी. राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने सोमवार को जारी आंकड़ों के आधार पर बताया कि सब्जियों, दालों, मांस और दूध सहित खाद्य पदार्थों की कीमतों में नरमी से सीपीआई पर आधारित खुदरा महंगाई दर जून महीने में घटकर 2.10 फीसदी पर आ गई, जो 77 महीने का निचला स्तर है. मई में यह 2.82 फीसदी और अप्रैल में 3.16 फीसदी रही थी, जबकि जून, 2024 में यह 5.08 फीसदी के स्तर पर थी.
राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के मुताबिक मई की तुलना में जून में खुदरा महंगाई दर में 72 आधार अंकों की गिरावट है. यह जनवरी, 2019 के बाद सालाना आधार पर सबसे कम महंगाई दर है. इससे पहले जनवरी, 2019 में खुदरा महंगाई दर 1.97 फीसदी की सबसे न्यूनतम दर दर्ज की गई थी. एनएसओ ने कहा कि जून महीने में खुदरा महंगाई दर में उल्लेखनीय गिरावट मुख्य रूप से अनुकूल आधार प्रभाव और सब्जियों, दालों और उत्पादों, मांस और मछली, अनाज और अन्य उत्पादों, चीनी और मिष्ठान्न, दूध और उत्पादों और मसालों की कीमतों में नरमी के कारण कारण है.रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने 4 से 6 जून तक हुई आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति की तीन दिवसीय द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा बैठक में चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए खुदरा महंगाई दर का अनुमान चार फीसदी से घटाकर 3.7 फीसदी कर दिया था. आरबीआई ने अप्रैल-जून तिमाही के लिए महंगाई दर के अनुमान को 3.6 फीसदी से घटाकर 2.9 फीसदी कर दिया है.

## स्टॉक मार्केट में ट्रैवल फूड सर्विसेज की प्रीमियम एंट्री, लिस्टिंग के बाद शेयरों में गिरावट




**नई दिल्ली:** एयरपोर्ट्स और हाईवे पर ट्रैवल क्विक सर्विस रेस्टोरेंट्स चलाने वाली कंपनी ट्रैवल फूड सर्विसेज के शेयरों ने आज मामूली प्रीमियम के साथ स्टॉक मार्केट में एंट्री की. लिस्टिंग के बाद बिकवाली का दबाव भी बना, जिसकी वजह से इन शेयरों में गिरावट आ गई. आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 1,100 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे.
आज बीएसई पर इसकी लिस्टिंग 1,126.20 रुपये के स्तर पर और एनएसई पर 1,125 रुपये के स्तर पर हुई. इस तरह कंपनी के आईपीओ निवेशकों को करीब 2.25 प्रतिशत का लिस्टिंग गेन मिला था. हालांकि लिस्टिंग के बाद बिकवाली शुरू हो जाने के कारण कुछ ही देर में कंपनी के शेयर गिर कर इश्यू प्राइस से नीचे चले गए. पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे ये शेयर 1,091.50 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहे थे. इस तरह अभी तक के कारोबार में कंपनी के आईपीओ निवेशकों को 0.77 प्रतिशत का नुकसान हो चुका है.
ट्रैवल फूड सर्विसेज का 2,000 करोड़ रुपये का आईपीओ 7 से 9 जुलाई के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था. इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से एवरेज रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 3.03 गुना सब्सक्राइब हो सका था. इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 8.10 गुना सब्सक्राइब हुआ था. इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 1.67 गुना सब्सक्रिप्शन आया था. इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 0.73 गुना और एम्पलॉयीज के लिए रिजर्व पोर्शन 1.81 गुना सब्सक्राइब हुआ था. इस आईपीओ के तहत एक रुपये फेस वैल्यू वाले 1,81,81,818 शेयर ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिये बेचे गए हैं.
कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो प्रॉस्पेक्टस में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है.

## भारतीय दल वॉशिंगटन पहुंचा, सोमवार से शुरू होगी व्यापार वार्ता: अधिकारी

**नयी दिल्ली:** वाणिज्य मंत्रालय का दल प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर एक और दौर की वार्ता के लिए वॉशिंगटन पहुंच गया है. यह वार्ता सोमवार को शुरू होने वाली है. एक अधिकारी ने यह जानकारी दी. भारत के मुख्य वार्ताकार एवं वाणिज्य विभाग में विशेष सचिव राजेश अग्रवाल बुधवार को दल का हिस्सा बनेंगे. चार दिन की यह वार्ता बृहस्पतिवार को संपन्न होगी.अधिकारी ने बताया कि प्रस्तावित बीटीए के लिए भारत के उप-मुख्य वार्ताकार बीटीए के पहले चरण पर बातचीत के लिए वॉशिंगटन पहुंच गए हैं.कृषि और दुग्ध उत्पादों पर शुल्क में रियायत की अमेरिकी मांग पर भारत ने अपना रुख कड़ा कर लिया है. दुग्ध क्षेत्र में मुक्त व्यापार समझौते में भारत ने अबतक अपने किसी भी व्यापारिक साझेदार को कोई शुल्क रियायत नहीं दी है.यह यात्रा इस दृष्टि से महत्वपूर्ण है क्योंकि अमेरिका ने अतिरिक्त आयात शुल्क (भारत के मामले में यह 26 प्रतिशत है) को एक अगस्त तक टाल दिया है.भारत, इस्पात तथा एल्युमीनियम (50 प्रतिशत) और मोटर वाहन (25 प्रतिशत) क्षेत्रों पर शुल्क में ढील की भी मांग कर रहा है. भारत ने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के मानदंडों के तहत इनके विरुद्ध जवाबी शुल्क लगाने का अपना अधिकार भी सुरक्षित रखा है.
दोनों देश प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के पहले चरण के लिए बातचीत इस साल सितंबर-अक्टूबर तक पूरी करना चाहते हैं. ₹इससे पहले वे एक अंतरिम व्यापार समझौते को आकार देने के प्रयास कर रहे हैं.चालू वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-मई की अवधि में अमेरिका को भारत का वस्तु निर्यात 21.78 प्रतिशत बढ़कर 17.25 अरब डॉलर हो गया, जबकि आयात 25.8 प्रतिशत बढ़कर 8.87 अरब डॉलर रहा.

## नये वैश्विक व्यापार परिदृश्य का स्वरूप तय कर रहा भारत: अरविंद विरमानी

**नई दिल्ली:** नीति आयोग के सदस्य डॉ. अरविंद विरमानी ने सोमवार को कहा कि भारत न सिर्फ वैश्विक अर्थव्यवस्था में अपनी स्थित मजबूत कर रहा है, बल्कि उसे नया स्वरूप देने में अहम भूमिका निभा रहा है. डॉ. विरमानी ने नई दिल्ली में वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) के लिए ट्रेड वॉच क्वार्टरली प्रकाशन का तीसरा संस्करण जारी करने के अवसर पर यह बात कही. डॉ. विरमानी ने अपने संबोधन में नवीनतम व्यापार गतिशीलता को गहन विश्लेषणात्मक गहराई के साथ प्रस्तुत करने वाले एक व्यापक व्यापार प्रकाशन के लिए पूरी टीम को बधाई दी.
वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही के लिए ट्रेड वॉच क्वार्टरली का नवीनतम संस्करण जारी करते हुए उन्होंने कहा कि भारत की उभरती हुई व्यापार भागीदारी, बढ़ती प्रतिस्पर्धा, नवाचार और संयुक्त राज्य अमेरिका जैसे प्रमुख बाजारों में अपनी उपस्थिति को मजबूत करने के रणनीतिक प्रयासों द्वारा संचालित अर्थव्यवस्था की गहन प्रगति को दर्शाती है, जो अमेरिकी व्यापार नीति में हाल के बदलावों के अनुरूप है.
डॉ. विरमानी ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि ऐसे समय में जब भू-राजनीतिक बदलावों, तकनीकी परिवर्तन और नीतिगत अनिश्चितता के कारण वैश्विक व्यापार का स्वरूप बदल रहा है. उन्होंने कहा कि यह संस्करण नीति निर्माताओं, उद्योग और शिक्षा जगत के लिए एक मूल्यवान संसाधन के रूप में कार्य करता है. यह समग्र व्यापार सुगमता को बढ़ाने और वैश्विक बाजारों में मज़बूत भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए दूरदर्शी सुझाव प्रदान करता है. उन्होंने कहा कि ट्रेड वॉच क्वार्टरली का नवीनतम संस्करण भारत के व्यापारिक और सेवा व्यापार का समय पर और डेटा-समृद्ध विश्लेषण प्रदान करता है. इसके साथ ही विकसित हो रही अमेरिकी व्यापार नीतियों और भारत के लिए उनके निहितार्थों की गहन पड़ताल करता है. इस तिमाही के लिए भारत की व्यापार स्थिति का व्यापक विश्लेषण प्रस्तुत करने के अलावा इस संस्करण का विषयगत खंड अमेरिकी टैरिफ संरचनाओं में हालिया बदलावों पर केंद्रित है, जो अंतरराष्ट्रीय व्यापार के पुनर्गठन और भारत की निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता पर इसके प्रभावों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करता है.

## सर्राफा बाजार में चमका सोना, चांदी में बदलाव नहीं

**नई दिल्ली:** घरेलू सर्राफा बाजार में आज सोने की कीमत में तेजी नजर आ रही है. वहीं चांदी के भाव में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है. कीमत में तेजी आने के कारण आज देश के कई सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना एक बार फिर 1,00,000 रुपये के स्तर पर पहुंच गया है. वहीं कुछ राज्यों के सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 99,880 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है. इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 91,550 रुपये से लेकर 91,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है. चांदी के भाव में भी बदलाव नहीं होने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज भी 1,15,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है.



दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,00,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 91,700 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है. वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 99,880 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 91,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है. इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 99,900 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,600 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है. इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 99,880 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 91,550 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है. कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 99,880 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 91,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है.
लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,00,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 91,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है. पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 91,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है. जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,00,000 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 91,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है.
देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोना के भाव में तेजी आई है. इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 99,880 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है. इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 91,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है.

## चीन, अन्य देशों पर शुल्क में वृद्धि से भारत को अमेरिकी निर्यात में मिलेगा प्रतिस्पर्धी लाभ: रिपोर्ट

**नयी दिल्ली:** डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के चीन, कनाडा और मेक्सिको सहित अन्य देशों पर उच्च शुल्क लगाए जाने के बाद, अमेरिका को भारतीय निर्यात और अधिक प्रतिस्पर्धी हो जाएगा. नीति आयोग ने सोमवार को एक रिपोर्ट में यह कहा है.आयोग ने व्यापार पर अपनी तिमाही रिपोर्ट के तीसरे संस्करण में कहा कि उत्पादों की संख्या और अमेरिकी बाजार के आकार, दोनों के संदर्भ में, अमेरिकी बाजारों में भारत के लिए महत्वपूर्ण अवसर होंगे.
आयोग ने कहा, ''भारत को शीर्ष 30 श्रेणियों (एचएस यानी हार्मोनाइज्ड प्रणाली दो स्तर) में से 22 में प्रतिस्पर्धी लाभ मिलने की उम्मीद है. इन वस्तुओं का बाजार 2,285.2 अरब डॉलर का है.
रिपोर्ट के मुताबिक, चीन, कनाडा और मेक्सिको इन श्रेणियों में अमेरिका के प्रमुख निर्यातक हैं, इसलिए इन देशों पर क्रमशः 30 प्रतिशत, 35 प्रतिशत और 25 प्रतिशत का उच्च शुल्क भारत की प्रतिस्पर्धी क्षमता को बढ़ाएगा.आयोग ने कहा कि भारत की प्रतिस्पर्धी क्षमता 30 में से छह श्रेणियों में अपरिवर्तित रहेगी. यह अमेरिका को किए जाने वाले निर्यात का 32.8 प्रतिशत और अमेरिका के कुल आयात का 26 प्रतिशत है. मूल्य के हिसाब से यह 26.5 अरब डॉलर है.आयोग ने कहा कि एचएस-दो स्तर पर छह उत्पाद श्रेणियों के लिए, भारत को उच्च औसत शुल्क (एक से तीन प्रतिशत के बीच) का सामना करना पड़ रहा है, जिसपर अमेरिका के साथ बातचीत की जा सकती है.
रिपोर्ट कहती है, ''78 उत्पादों में भारत को प्रतिस्पर्धी लाभ मिलने की उम्मीद है. ये भारत के निर्यात में 52 प्रतिशत और कुल अमेरिकी आयात में 26 प्रतिशत हिस्सेदारी रखते हैं.''एचएस-4 स्तर पर शीर्ष 100 उत्पादों में से 17 उत्पादों (जो अमेरिका को भारत के निर्यात का 28 प्रतिशत हिस्सा हैं) के लिए, आयोग ने कहा कि शुल्क अंतर में कोई बदलाव नहीं होने के कारण भारत का प्रतिस्पर्धी लाभ अपरिवर्तित बना हुआ है.आयोग ने यह भी कहा कि भारत को 1,265 अरब अमेरिकी डॉलर के बाजार में चीन, कनाडा और मेक्सिको की तुलना में उच्च शुल्क अंतर वाले क्षेत्रों खनिज और ईंधन, परिधान, इलेक्ट्रॉनिक्स, प्लास्टिक, फर्नीचर और समुद्री खाद्य पदार्थों में लाभ होगा.''इस बीच, प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर एक और दौर की वार्ता के लिए भारतीय वाणिज्य मंत्रालय का एक दल अमेरिका पहुंच गया है. यह बातचीत सोमवार से शुरू हो रही है.भारत के मुख्य वार्ताकार और वाणिज्य विभाग में विशेष सचिव राजेश अग्रवाल बुधवार को दल में शामिल होंगे. चार दिवसीय वार्ता बृहस्पतिवार को संपन्न होगी.यह यात्रा इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि दोनों पक्षों को कृषि और वाहन जैसे क्षेत्रों में मुद्दों का समाधान करना है. यह इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि अमेरिका ने भारत सहित कई देशों पर अतिरिक्त शुल्क लगाने की समयसीमा एक अगस्त तक के लिए बढ़ा दी है.

## स्टॉक मार्केट में स्मार्टेन पावर की जोरदार एंट्री, प्रीमियम लिस्टिंग के बाद लगा अपर सर्किट

**नई दिल्ली:** पावर बैकअप और सोलर प्रोडक्ट्स बनाने वाली कंपनी स्मार्टेन पावर सिस्टम्स के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में जबरदस्त एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को खुश कर दिया. आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 100 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे. आज एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर 44 प्रतिशत लिस्टिंग गेन के साथ इसकी एंट्री 144 रुपये के स्तर पर हुई. लिस्टिंग के बाद लिवाली शुरू हो जाने के कारण कुछ ही देर में कंपनी के शेयर उछल कर 151.20 रुपये के अपर सर्किट लेवल पर आ गए.
स्मार्टेन पावर सिस्टम्स का 50 करोड़ रुपये का आईपीओ 7 से 9 जुलाई के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था. इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से अच्छा रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 5.51 गुना सब्सक्राइब हुआ था. इसमें रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 4.66 गुना सब्सक्राइब हुआ था. इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 9,99,600 शेयर ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिये बेचे गए हैं. इसके अलावा शेष नए शेयर जारी किए गए हैं. आईपीओ में नए शेयरों के जरिये जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी अपनी बैट्री मैन्युफैक्चरिंग यूनिट की प्रोडक्शन लाइन की खरीदारी करने, पुराने कर्ज चुकाने, वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी.

## दिलीप पीरामल, उनका परिवार वीआईपी इंडस्ट्रीज में बेचेगा अपनी 32 प्रतिशत हिस्सेदारी

**नयी दिल्ली:** बैग, सूटके, ट्रोली बैग, ब्रीफकेस आदि बनाने वाली वीआईपी इंडस्ट्रीज के प्रवर्तक दिलीप पीरामल और उनका परिवार कंपनी में अपनी 32 प्रतिशत तक हिस्सेदारी वैकल्पिक परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनी मल्टीपल्स को बेचेंगे. मल्टीपल्स कंसोर्टियम द्वारा भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के अधिग्रहण नियमों के अनुसार, इस कदम से खुले बाजार से 26 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने के लिए खुली पेशकश भी शुरू हो जाएगी.दोनों कंपनियों द्वारा जारी संयुक्त बयान के अनुसार, दिलीप पीरामल और उनके परिवार ने कंपनी में 32 प्रतिशत तक हिस्सेदारी बेचने के लिए मल्टीपल्स कंसोर्टियम के साथ एक निर्णायक समझौता किया है.बयान में कहा गया है, '' लेनदेन पूरा होने पर कंपनी का नियंत्रण मल्टीपल्स प्राइवेट इक्विटी को हस्तांतरित कर दिया जाएगा, जबकि दिलीप पीरामल और उनका परिवार कंपनी में शेयरधारक बने रहेंगे.''
इसमें कहा गया कि दिलीप पीरामल वीआईपी इंडस्ट्रीज के मानद चेयरमैन होंगे.वीआईपी इंडस्ट्रीज ने अलग से शेयर बाजार को दी सूचना में मल्टीपल्स कंसोर्टियम की ओर से कंपनी के सार्वजनिक शेयरधारकों से 3.70 करोड़ शेयर खरीदने के लिए खुले प्रस्ताव के बारे में भी जानकारी दी.
कंपनी सूचना के अनुसार, ''खुला प्रस्ताव 388 रुपये प्रति शेयर की कीमत पर लाया जाएगा जिसे सेबी (एसएएसटी) विनियमनों के नियम 8(2) के तहत निर्धारित किया गया है.''इस घटनाक्रम पर टिप्पणी करते हुए वीआईपी के चेयरमैन दिलीप पीरामल ने मल्टीपल्स कंसोर्टियम का कंपनी में ''रणनीतिक साझेदार'' के रूप में स्वागत किया.उन्होंने कहा, '' यह कंपनी की मजबूत विरासत को पुनर्जीवित करने और भारतीय 'लगेज' (बैग आदि) बाजार में अपनी पकड़ फिर से मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जहां कंपनी हाल के वर्षों में संघर्ष करती रही है.''मल्टीपल्स अल्टरनेट एसेट मैनेजमेंट की संस्थापक, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी सीईओ रेणुका रामनाथ ने कहा, '' मल्टीपल्स.. वीआईपी के बहुत मजबूत व्यवसाय के स्वामित्व परिवर्तन का नेतृत्व करने और अपनी समृद्ध विरासत को आगे बढ़ाने एवं विकास के अगले चरण की ओर बढ़ने को लेकर उत्साहित है. '' वीआईपी इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 6,481.78 करोड़ रुपये है.
कंपनी की इस क्षेत्र की सैमसोनाइट और सफारी इंडस्ट्रीज के साथ कड़ी प्रतिस्पर्धा है.कंपनी के पास एरिस्टोक्रेट, वीआईपी, कार्लटन, स्काईबैग्स और कैप्रिस जैसे ब्रांड हैं. इसकी वित्त वर्ष 2023-24 में 'ब्रांडेड लगेज' बाजार में 50 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी थी. हालांकि, अब कंपनी को प्रतिद्वंद्वियों से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है और इसकी बाजार हिस्सेदारी धीरे-धीरे कम हो रही है.वित्त वर्ष 2024-25 में वीआईपी इंडस्ट्रीज का राजस्व 2,169.66 करोड़ रुपये था.कंपनी की स्थापना 1971 में की गई थी. वीआईपी इंडस्ट्रीज एशिया की सबसे बड़ी और दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी लगेज विनिर्माता कंपनी है. इसका मुख्यालय मुंबई में है. 45 देशों में इसके 10,000 से अधिक बिक्री केंद्र हैं.

# जडेजा के अर्धशतक के बावजूद 22 रन से हारा भारत

**लंदन :** रविंद्र जडेजा के नाबाद जुझारू अर्धशतक के बावजूद भारत को यहां लार्ड्स में तीसरे क्रिकेट टेस्ट के पांचवें और अंतिम दिन सोमवार को यहां 22 रन से हार का सामना करना पड़ा जिससे इंग्लैंड ने पांच मैच की श्रृंखला में 2-1 की बढ़त बना ली. स्पिनर शोएब बशीर (छह रन पर एक विकेट) ने मोहम्मद सिराज (04) को बोल्ड करके इंग्लैंड को जीत दिलाई. इंग्लैंड के 193 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत चार साल बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी कर रहे जोफ्रा आर्चर (55 रन पर तीन विकेट), कप्तान बेन स्टोक्स (48 रन पर तीन विकेट) और ब्राइडन कार्स (30 रन पर दो विकेट) की तूफानी गेंदबाजी के सामने 74.5 ओवर में 170 रन पर आउट हो गया. क्रिस वोक्स (21 रन पर एक विकेट) ने भी एक विकेट चटकाया. आर्चर ने अपना पिछला टेस्ट फरवरी 2021 में अहमदाबाद में भारत के खिलाफ ही खेला था.

लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने 82 रन तक सात विकेट गंवा दिए थे लेकिन जडेजा (नाबाद 61 रन, 181 गेंद, चार चौके, एक छक्का) ने नितीश कुमार रेड्डी (13) के साथ आठवें विकेट के लिए 91 गेंद में 30, जसप्रीत बुमराह (05) के साथ नौवें विकेट के लिए 132 गेंद में 35 और सिराज के साथ अंतिम विकेट के लिए 80 गेंद में 23 रन की साझेदारी करके अप्रत्याशित जीत की उम्मीद जगाई थी लेकिन टीम को हार से नहीं बचा पाए. श्रृंखला का चौथा टेस्ट मैनचेस्टर में 23 जुलाई से खेला जाएगा.

इंग्लैंड ने पहला टेस्ट पांच विकेट से जीता था जिसके बाद भारत ने जोरदार वापसी करते हुए बर्मिंघम में दूसरा टेस्ट 336 रन से अपने नाम करके श्रृंखला बराबर की थी. भारत ने दिन की शुरुआत चार विकेट पर 58 रन से की. टीम को तेजी से टूटती और असमान उछाल वाली पिच पर 135 रन की और जरूरत थी. भारत को 1932 के बाद से इस प्रतिष्ठित मैदान पर अपनी चौथी जीत के लिए बल्लेबाजों से आक्रामक प्रदर्शन की जरूरत थी लेकिन ऐसा नहीं हो सका. पहले घंटे के अंदर ऋषभ पंत (12 गेंद पर नौ रन), लोकेश राहुल (58 गेंद पर 39 रन) और वाशिंगटन सुंदर (चार गेंद पर शून्य) के आउट होने से भारत की



हार लगभग तय नजर आने लगी थी. जडेजा और रेड्डी ने हालांकि आठवें विकेट के लिए 30 रन जोड़कर विकेटों के पतझड़ पर विराम लगाया लेकिन वोक्स ने लंच से पहले की अंतिम गेंद पर रेड्डी को विकेटकीपर जेम्स स्मिथ के हाथों कैच करा दिया. भारत को राहुल और पंत की जोड़ी से काफी उम्मीदें थी लेकिन ये दोनों 18 गेंद के भीतर आउट हो गए. पंत को पहले दिन विकेटकीपिंग करते हुए बाएं हाथ की तर्जनी अंगुली में चोट लगी थी और वह आर्चर की तूफानी गेंदबाजी के सामने असहज दिखे. गेंद के बल्ले पर लगने के बाद उन्हें दर्द हो रहा था. पंत ने बारबडोस में जन्मे इस गेंदबाज की गेंद पर फ्लिक और एक हाथ से ड्राइव लगाकर दो चौकों से अंतर पैदा करने की कोशिश की लेकिन आर्चर ने सीधी गेंद पर इस विकेटकीपर बल्लेबाज का ऑफ स्टंप उखाड़ दिया जो पूरी तरह से फिट नहीं थे. आर्चर ने इसके बाद पवेलियन लौट रहे पंत से कुछ कहा. अब सभी की नजरें राहुल पर टिकी थी लेकिन पंत के आउट होने के तीन ओवर के भीतर वह भी पवेलियन लौट गए.

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने नर्सरी एंड से शानदार गेंदबाजी की और फॉर्म में चल रहे राहुल को पगबाधा किया. स्टोक्स की अपील को मैदानी अंपायर ने नकार दिया था लेकिन डीआरएस लेने पर अंपायर को अपना फैसला बदलना पड़ा. इंग्लैंड की दूसरी पारी को चार विकेट चटकाकर जल्दी समेटने में अहम भूमिका निभाने वाले वाशिंगटन सुंदर खाता खोले बिना आर्चर की गेंद पर उन्हीं को वापस कैच दे बैठे जिससे भारत का स्कोर सात विकेट पर 82 रन हो गया. जडेजा और रेड्डी ने विकेटों के पतन पर कुछ देर के लिए विराम लगाया लेकिन वोक्स ने इस साझेदारी को तोड़ दिया.

लंच के बाद जडेजा और बुमराह ने पारी को आगे बढ़ाया. बुमराह ने आर्चर की गेंद को पुल करके चौके के साथ खाता खोला. अंपायर ने वोक्स की गेंद पर 26 रन के स्कोर पर जडेजा को पगबाधा आउट दिया लेकिन डीआरएस लेने पर फैसला बदलना पड़ा क्योंकि गेंद जब पैड से टकराई जो विकेट की लाइन में नहीं थी. जडेजा ने अगली गेंद पर छक्का जड़कर दबाव कम किया. जडेजा और बुमराह ने 22 ओवर तक इंग्लैंड के गेंदबाजों को सफलता से महरूम रखा. स्टोक्स ने बुमराह को आउट करके इस साझेदारी को तोड़ा जो उनकी गेंद को पुल करने की कोशिश में स्थानापन्न खिलाड़ी सैम कुक को कैच दे बैठे. बुमराह ने 54 गेंद का सामना किया जिसमें से 52 गेंद खाली खेली. जडेजा ने स्टोक्स पर लगातार दो चौकों के साथ 150 गेंद में लगातार चौथा अर्धशतक पूरा किया. सिराज कुछ परेशानी के बावजूद चाय तक अपना विकेट बचाने में सफल रहे. भारत ने लंच और चाय के बीच 30.3 ओवर में 51 रन जोड़े और इस दौरान बुमराह का विकेट गंवाया. चाय के बाद हालांकि सिराज बशीर की गेंद को विकेटों पर खेल गए जिससे इंग्लैंड ने जीत हासिल की.

## हरमैन और ब्रेविस की आक्रामक पारियों से दक्षिण अफ्रीका ने जिम्बाब्वे को हराया



**हरारे :** पदार्पण कर रहे रुबिन हरमैन और डेवाल्ड ब्रेविस की शानदार पारियों से दक्षिण अफ्रीका ने खराब शुरुआत से उबरते हुए त्रिकोणीय श्रृंखला के पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय में सोमवार को यहां जिम्बाब्वे को पांच विकेट से शिकस्त दी. जीत के लिए 142 रन का पीछा करते समय दक्षिण अफ्रीका ने 38 रन तक तीन विकेट गंवा दिये थे लेकिन 28 साल के हरमैन ने 37 गेंद में 45 रन की पारी खेलने के अलावा ब्रेविस के साथ 37 गेंद में 72 रन की साझेदारी कर टीम की मैच में वापसी करायी. ब्रेविस ने 17 गेंद की ताबड़तोड़ पारी में पांच छक्कों की मदद से 41 रन जड़े जिससे दक्षिण अफ्रीका ने 15.5 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया. पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद कप्तान सिकंदर रजा की 54 रन की नाबाद पारी के बावजूद जिम्बाब्वे की टीम छह विकेट पर 141 रन ही बना सकी.

दक्षिण अफ्रीका के लिए जॉर्ज लिंडे ने 10 रन देकर तीन विकेट लिये जबकि लुंगी एनगिडी और नांद्रे बर्गर को एक-एक सफलता मिली. इन तीनों तेज गेंदबाजों ने जिम्बाब्वे के बल्लेबाजों को तेजी से रन बनाने का मौका नहीं दिया लेकिन रजा और रयान बर्ल (29) ने आखिरी ओवरों में तेजी से रन बनाकर टीम के स्कोर को 140 रन के पार पहुंचाया. दक्षिण अफ्रीका के सामने अब बुधवार को अगले मैच में न्यूजीलैंड की चुनौती होगी. लक्ष्य का पीछा करते समय दक्षिण अफ्रीका को रिचर्ड एन्गारवा (35 रन पर तीन विकेट) ने अपने शुरुआती दो ओवरों में दो झटके दिये. इस गेंदबाज ने पारी की पहली गेंद पर पदार्पण कर रहे लुआन-ड्रे प्रिटोरियस को खाता खोले बगैर चलता करने के बाद रीजा हेंड्रिक्स (11) को बोल्ड किया. कप्तान रासी वान डेर डुसेन (16) भी दो छक्के जड़ने के बावजूद बड़े स्कोर से कमाल करने में विफल रहे. हरमैन और ब्रेविस ने हालांकि इसके बाद आक्रामक साझेदारी कर मैच में दक्षिण अफ्रीका की मजबूत वापसी करायी. कोर्बिन बोश ने 15 गेंद में 23 रन की नाबाद पारी खेलकर टीम को लक्ष्य के पार पहुंचाया.

## अल्काराज़ पर जीत ने विंबलडन खिताब को खास बना दिया: सिनर



**लंदनः** यनिक सिनर हर हाल में विंबलडन का खिताब जीतना चाहते थे फिर चाहे फाइनल में उनका प्रतिद्वंद्वी कोई भी हो, लेकिन अब उन्होंने स्वीकार किया है कि कार्लोस अल्काराज़ पर जीत ने इसे खास बना दिया है. विश्व के नंबर एक खिलाड़ी सिनर ने रविवार को यहां फाइनल में पिछले दो बार के विजेता अल्काराज के खिलाफ 4-6, 6-4, 6-4, 6-4 से जीत हासिल करके पहली बार विंबलडन चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया. सिनर ने मैच के बाद कहा, यह निश्चित तौर पर काफी मायने रखता है क्योंकि जब आप किसी के खिलाफ कई बार हार जाते हैं, तो यह आसान नहीं होता है. सिनर इससे पहले अल्काराज़ के खिलाफ लगातार पांच मैच हार चुके थे और उनके लिए पिछले महीने फ्रेंच ओपन के फाइनल में खेले गए मैच से ज़्यादा निराशाजनक कुछ नहीं था. सिनर ने उस मैच में दो सेट की बढ़त हासिल की, फिर तीन चैंपियनशिप प्वाइंट हासिल किए लेकिन आखिर में पांच घंटे 29 मिनट तक चले मैच में पांच सेटों में हार गए. सिनर ने कहा, मैं कार्लोस को हमेशा अपना आदर्श मानता हूं, क्योंकि आज भी मुझे लगा कि वह कुछ चीज़ें मुझसे बेहतर कर रहा है. इसलिए हम इस पर काम करेंगे और खुद को तैयार करेंगे, क्योंकि हमारा फिर से आमना सामना होगा. अल्काराज़ ने कहा कि उन दोनों के बीच प्रतिद्वंद्विता टेनिस के लिए अच्छी है. उन्होंने कहा, मैं उनके साथ इस प्रतिद्वंद्विता को लेकर वाकई बहुत खुश हूं. यह हमारे लिए और टेनिस के लिए बहुत अच्छा है. जब भी हम एक-दूसरे के खिलाफ खेलते हैं, तो हमारे खेल का स्तर वास्तव में काफी ऊंचा होता है. मुझे नहीं लगता कि कोई भी (अन्य खिलाड़ी) एक-दूसरे के खिलाफ खेलते हुए उस स्तर पर खेलेंगे जैसा हम एक-दूसरे का सामना करते समय खेलते हैं.

# सात्विक-चिराग खिताब की तलाश में

**नई दिल्लीः** भारत के शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी जापान ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट में खिताब जीतने के इरादे से कोर्ट में उतरेंगे. यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट मंगलवार से जापान में शुरू हो रहा है, जहां भारतीय दल को इन खिलाड़ियों से काफी उम्मीदें हैं. वर्तमान में दुनिया की नंबर 15 रैंकिंग पर काबिज सात्विक-चिराग की जोड़ी इस सीजन में तीन सेमीफाइनल में पहुंच चुकी हैं. इसके अलावा उन्होंने पिछले महीने इंडोनेशिया ओपन के क्वार्टरफाइनल में भी जगह बनाई थी. हालांकि, जनवरी में मलेशिया और इंडिया ओपन के सेमीफाइनल के बाद सात्विक की सेहत और चिराग की पीठ की चोट के कारण उन्हें कुछ सप्ताह खेल से दूर रहना पड़ा. अब पूरी तरह फिट होकर लौटे इस जोड़ी ने सिंगापुर ओपन में सेमीफाइनल और इंडोनेशिया में क्वार्टरफाइनल तक का सफर तय किया. टूर्नामेंट की शुरुआत में उनका मुकाबला कोरिया के कांग मिन ह्यूक और की डोंग जू की जोड़ी से होगा. एकल वर्ग में भारत की पीवी सिंधु और लक्ष्य सेन भी टूर्नामेंट में उतर रहे हैं और दोनों के लिए यह टूर्नामेंट फॉर्म में वापसी का मौका है. लक्ष्य सेन, जो वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 18वें स्थान पर हैं, इस वर्ष कई बार पहले ही दौर में हार का सामना कर चुके हैं. उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन ऑल इंग्लैंड ओपन के क्वार्टरफाइनल तक का रहा है. पीठ की चोट से परेशान रहने के बावजूद उन्होंने इंडोनेशिया में शी यु ची के खिलाफ कड़े मुकाबले में अच्छी फॉर्म के संकेत दिए. वह अपने अभियान की शुरुआत चीन के वांग झेंग ज़िंग के खिलाफ करेंगे.

वहीं, पीवी सिंधु के लिए 2025 अब तक चुनौतीपूर्ण रहा है. वह चार बार पहले दौर और तीन बार दूसरे दौर में हार चुकी हैं. भारत ओपन में जनवरी में क्वार्टरफाइनल तक पहुंचना उनका इस साल का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है. हैमस्ट्रिंग की चोट से उबरने के बाद सिंधु पिछले छह महीनों से

**जापान ओपन बैडमिंटन**




### सिंधु और लक्ष्य को फॉर्म में वापसी की उम्मीद

इंडोनेशियाई कोच इरवान्स्या आदि प्रतामा की देखरेख में ट्रेनिंग कर रही हैं. वह टूर्नामेंट में कोरिया की सिम यू जिन के खिलाफ उतरेंगी.

भारत की युवा खिलाड़ी उन्नति हुड्डा, जिन्होंने इस साल ताइपे ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाई थी, जापान ओपन के पहले दौर में थाईलैंड की सातवीं वरीय पोर्नपावी चोचुवोंग से भिड़ेंगी. अनुपमा उपाध्याय का मुकाबला पहले दौर में भारत की ही रक्षिता रामराज से होगा. पुरुष युगल में हरिहरन अमसाकरुनन और रुबन कुमार रेथिनासबापति की जोड़ी कोरिया के तीसरी वरीय किम वोन हो और सियो सेउंग जे के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगी. महिला युगल में भारत की ओर से कविप्रिया सेल्वम-सिमरन सिंघी और पांडा बहनें - रुतपर्णा और स्वेतपर्णा भी चुनौती पेश करेंगी.


## न्यूज़ कॉर्नर

### विश्व कप में दिव्या-हम्पी अंतिम-16 में



**नई दिल्लीः** महिला ग्रैंडमास्टर दिव्या देशमुख और ग्रैंडमास्टर बनने वाली देश की पहली महिला खिलाड़ी कोनेरू हम्पी ने जॉर्जिया के बातुमी में जारी विपरीत अंदाज में फिडे महिला विश्व कप शतरंज टूर्नामेंट के अंतिम-16 में जगह बनाई. दिव्या को अंतिम 16 में पहुंचने के लिए आधा अंक की जरूरत थी जो उन्होंने सर्बिया की टेओडोरा इंजाक के खिलाफ ड्रॉ खेल कर हासिल कर लिया लेकिन हम्पी को पोलैंड की कुलोन क्लॉडिया को हराने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी.भारत की जहां दो खिलाड़ियों ने अंतिम 16 में अपनी जगह पक्की कर ली है वहीं तीन अन्य भारतीय खिलाड़ी डी हरिका, वंतिका अग्रवाल और आर वैशाली भी अंतिम-16 में जगह बना सकती हैं, लेकिन यह सब टाईब्रेकर में उनके प्रदर्शन पर निर्भर करेगा. ग्रैंडमास्टर हरिका ने यूनान की त्सोलाकिडोउ स्टावरौला के साथ लगातार ड्रॉ खेलकर खुद को प्री-क्वार्टर फाइनल की दौड़ में बनाए रखा, जबकि वंतिका रूस की कैटरीना लागनो पर पहले दौर की जीत के बाद दूसरे दौर में हार गई जिससे स्कोर बराबर हो गया. इस प्रतियोगिता में विजेता को 50,000 अमेरिकी डॉलर की इनामी राशि मिलेगी. इसके अलावा शीर्ष तीन में रहने वाली खिलाड़ी अगले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करेंगी.

### गोल्फ में अदिति 28वें स्थान पर रहीं



**नई दिल्लीः** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक अंतिम दौर में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई और दो ओवर 73 का स्कोर बनाकर फ्रांस के ऐक्स-लेस-बेन्स में खेले गए अमुंडी एवियन चैंपियनशिप में संयुक्त 28वें स्थान पर रहीं. अदिति का कुल स्कोर अंडर 279 रहा. वह शीर्ष 10 खिलाड़ियों में जगह नहीं बना सकी लेकिन इस प्रतियोगिता में उन्होंने अपना दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया. वह एक साल पहले इस प्रतियोगिता में संयुक्त 17वें स्थान पर रही थीं. अदिति ने लगातार नौ पार के साथ शुरुआत की और फिर लगातार चार बोगी कीं, जिससे शीर्ष 10 में जगह बनाने की उनकी उम्मीदें धूमिल हो गईं. उन्होंने 17वें और 18वें होल पर बर्डी लगाकर वापसी की, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी. इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली दूसरी भारतीय खिलाड़ी दीक्षा डागर कट में जगह नहीं बना पाई थी. ऑस्ट्रेलिया की ग्रेस किम ने एवियन रिसोर्ट गोल्फ क्लब में प्लेऑफ में विश्व की दूसरे नंबर की खिलाड़ी जीनो थिटिकुल को हराकर अपना पहला मेजर खिताब जीता.

### यूरोपीय दौरे पर गई इंडिया 'ए' पुरुष हॉकी टीम ने चार में से तीन मुकाबले जीते

**नई दिल्लीः** यूरोपीय दौरे पर गई इंडिया 'ए' पुरुष हॉकी टीम ने शानदार शुरुआत करते हुए अब तक खेले गए चार में से तीन मुकाबले जीत लिए हैं. कप्तान संजय की अगुवाई में टीम ने आक्रामकता और अनुशासन का बेहतरीन मिश्रण दिखाया है. अब टीम की नजर दौरे के अगले चरण में इंग्लैंड, बेल्जियम और नीदरलैंड्स जैसी मजबूत टीमों के खिलाफ निरंतरता बनाए रखने पर है. टीम ने आयरलैंड और फ्रांस के खिलाफ बेहतरीन जीत दर्ज की और अब आने वाले कड़े मुकाबलों के लिए पूरी तरह तैयार है. टीम के प्रदर्शन पर कोच शिवेंद्र सिंह ने कहा,यूरोपीय दौरे की शुरुआत बेहतरीन रही है. खिलाड़ियों ने जोश और समझदारी के साथ प्रदर्शन किया है. अभी तक नीदरलैंड्स में खेलने का अनुभव सकारात्मक रहा है और हम पर्दे के पीछे कड़ी मेहनत कर रहे हैं ताकि यही प्रदर्शन जारी रहे. उन्होंने कहा, हमारी ट्रेनिंग योजनाएं और प्लेयर कॉम्बिनेशन मैदान पर काम कर रहे हैं, जिससे टीम को आत्मविश्वास मिला है. खिलाड़ी रणनीति को अच्छी तरह लागू कर रहे हैं और परिपक्वता दिखा रहे हैं. उम्मीद है कि आने वाले मुकाबलों में भी वे यही तीव्रता बनाए रखेंगे. कप्तान संजय ने भी टीम की तैयारी पर विश्वास जताते हुए कहा, हम इस दौरे में अच्छा कर रहे हैं और हर मैच को एक सीख के रूप में ले रहे हैं.

## एशियाई चैंपियन 100 मीटर बाधा दौड़ धाविका ज्योति याराजी के घुटने की सर्जरी हुई

**नई दिल्लीः** एशियाई चैंपियन और राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक 100 मीटर बाधा दौड़ की एथलीट ज्योति याराजी के घुटने की सर्जरी सफल रही है. इस सर्जरी के कारण वह सितंबर में होने वाली विश्व चैंपियनशिप से बाहर हो जाएंगी और साथ ही मौजूदा सत्र का उनके लिए अंत हो जाएगा. पच्चीस साल की याराजी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर बताया कि शुक्रवार को उनके दाहिने घुटने के एसीएल (एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट) की सर्जरी हुई. यह सर्जरी जाने-माने सर्जन डॉ. दिनशॉ पारदीवाला ने की.

याराजी ने इंस्टाग्राम पर लिखा, सभी को नमस्कार, मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि इस शुक्रवार को डॉ. दिनशॉ पारदीवाला ने मेरे दाहिने घुटने के एसीएल की सर्जरी की जो सफल रही. पिछले कुछ हफ्ते मेरे लिए मुश्किल रहे हैं क्योंकि इस चोट ने मुझे वह सब करने से रोक दिया है जो मुझे सबसे अधिक पसंद है. एसीएल की सर्जरी से उबरने में आमतौर पर कम से कम छह महीने लगते हैं. इसका



मतलब है कि याराजी तोक्यो विश्व चैंपियनशिप (13-21 सितंबर) से बाहर हो जाएंगी और अगले साल ही वापसी कर पाएंगी. अपने करियर में चोटों से परेशान रही इस एथलीट ने कहा, हालांकि, अपने परिवार, दोस्तों, टॉप्स की टीमों, साइ, महासंघ और कोच जेम्स हिलियर और आप सभी के सहयोग से मैं इसे सहजता से ले रही हूं और जल्द ही वापसी की उम्मीद कर रही हूं. मेरे एक मजबूत रूप की यात्रा अब शुरू होती है और मैं जल्द ही वापसी करने के लिए अपना शत प्रतिशत और उससे भी अधिक देने वाली हूं.

एशियाई खेलों की रजत पदक विजेता याराजी ने इस महीने की शुरुआत में घोषणा की थी कि प्रशिक्षण के दौरान उन्हें घुटने में चोट लग गई थी. उनके कोच जेम्स हिलियर ने पीटीआई को बताया था कि चोट काफी गंभीर थी. चोट लगने से पहले याराजी के विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने की अच्छी संभावना थी. हालांकि उन्होंने 12.73 सेकेंड के सीधे क्वालीफिकेशन समय को हासिल नहीं किया था. मई में एशियाई चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने के दौरान उनके 12.96 सेकेंड के प्रयास ने उन्हें उन एथलीटों में शामिल कर दिया था जो विश्व रैंकिंग कोटा के माध्यम से विश्व चैंपियनशिप में जगह बना सकते हैं.

एथलीट विश्व चैंपियनशिप के लिए दो तरीकों से क्वालीफाई कर सकते हैं - क्वालीफिकेशन स्तर हासिल करके सीधे प्रवेश या विश्व रैंकिंग कोटा के माध्यम से. क्वालीफिकेशन की समय-सीमा 24 अगस्त तक है. याराजी ने 2024 पेरिस ओलंपिक के बाद फिनलैंड में ट्रेनिंग के दौरान कूल्हे में चोट लगने के बाद मौजूदा सत्र में वापसी की थी.

## चेल्सी ने पीएसजी को हराकर जीता फीफा क्लब वर्ल्ड कप 2025 का खिताब

**ईस्ट रदरफोर्ड :** कोल पामर के दो गोल और एक शानदार असिस्ट की बदौलत चेल्सी ने सोमवार (भारतीय समयानुसार) फीफा क्लब वर्ल्ड कप 2025 के फाइनल में पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) को 3-0 से हराकर नया इतिहास रच दिया. यह पहली बार है जब 32 टीमों के इस नए प्रारूप में क्लब वर्ल्ड कप खेला गया और चेल्सी इसका पहला विजेता बना. यूईएफए चैंपियंस लीग जीतने के बाद अमेरिका पहुंची पीएसजी इस मुकाबले की प्रबल दावेदार मानी जा रही थी, खासकर सेमीफाइनल में रियल मैड्रिड को 4-0 से हराने के बाद. लेकिन फाइनल में चेल्सी ने पहले हाफ में ही 3-0 की बढ़त बना ली, जिससे मैच पूरी तरह एकतरफा हो गया.

मैच के 22वें मिनट में मॉलो गुस्टो की सहायता से कोल पामर ने पहला गोल किया. 30वें मिनट में पामर ने एक बार फिर गेंद को गोल में डालकर स्कोर 2-0 कर दिया. फिर 43वें मिनट में पामर ने शानदार पास देकर जोआओ पेड्रो को गोल कराया और स्कोर 3-0 कर दिया. जोआओ पेड्रो, जिन्हें टूर्नामेंट के दौरान ब्राइटन से साइन किया गया था, सेमीफाइनल में भी फ्लुमिनेंस के खिलाफ दो गोल कर चुके थे. फाइनल में उन्होंने भी अपनी चमक बिखेरी.

पीएसजी की टीम, जो इससे पहले अपने पिछले आठ मैचों में सिर्फ एक गोल खा चुकी थी, चेल्सी के सामने पूरी तरह बिखर गई. मैच के अंत में जोआओ नेवेस को मार्क कुकुरेला के बाल खींचने पर वीएआर रिव्यू के बाद लाल कार्ड



दिखाया गया. यह जीत चेल्सी के लिए बेहद खास रही, क्योंकि इस सीजन में उसने यूईएफए कांफ्रेंस लीग भी जीती और प्रीमियर लीग में चौथे स्थान पर रही. क्लब को इस जीत के साथ करीब 125 मिलियन अमेरिकी डॉलर की इनामी राशि भी मिलेगी.81,118 दर्शकों की मौजूदगी में खेले गए इस मुकाबले में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और फर्स्ट लेडी मेलानिया ट्रम्प भी मौजूद रहे. फाइनल में पहली बार हाफ-टाइम शो का आयोजन किया गया, जिसने मुकाबले को सुपर बाउल जैसा अनुभव दिया. भले ही पीएसजी इस खिताब को नहीं जीत पाई, लेकिन चैंपियंस लीग और फ्रेंच लीग-कप डबल जीतना उसके सीजन की बड़ी उपलब्धि रही. अब लुइस एनरिक की टीम एक महीने के विश्राम के बाद यूईएफए सुपर कप में टोटनहम हॉटस्पर के खिलाफ भिड़ेगी.

## भारत के पूर्व तेज गेंदबाज वरुण आरोन बने सनराइजर्स हैदराबाद के गेंदबाज कोच

**हैदराबादः** भारतीय टीम के पूर्व तेज गेंदबाज वरुण आरोन को सनराइजर्स हैदराबाद ने 2026 के आईपीएल सत्र के लिए सोमवार को अपना गेंदबाजी कोच नियुक्त किया. आरोन न्यूजीलैंड के बाएं हाथ के पूर्व तेज गेंदबाज जेम्स फ्रैंकलिन की जगह लेंगे. सनराइजर्स ने अपने 'एक्स' पर लिखा, हमारे कोचिंग स्टाफ में एक शानदार इजाफा. वरुण आरोन का हमारे नये गेंदबाजी कोच के रूप में स्वागत है. आरोन ने 2011 और 2015 के बीच भारत के लिए नौ टेस्ट और उतने ही वनडे खेले थे.

पैंतीस साल के आरोन ने अपना आखिरी प्रतिस्पर्धी मैच इसी साल पांच जनवरी को जयपुर में गोवा के खिलाफ झारखंड के लिए विजय हजारे ट्रॉफी का खेल था. झारखंड के इस 50 ओवर के घरेलू टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण में पहुंचने में विफल रहने पर उन्होंने संन्यास की घोषणा कर दी थी. उन्होंने पिछले साल चेन्नई में एमआरएफ पेस फाउंडेशन में



आस्ट्रेलिया के दिग्गज ग्लेन मैकग्राथ के साथ एक कोच के रूप में कुछ समय के लिए काम किया था.

आरोन करियर की शुरुआत में एक युवा तेज गेंदबाज के रूप में अपनी पहचान बनाई थी जो 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार को पार करने में सक्षम था. भारतीय क्रिकेट के शीर्ष अधिकारियों ने उस समय आरोन और उभरते हुए एक अन्य तेज गेंदबाज उमेश यादव पर बहुत अधिक ध्यान दिया था. उमेश ने देश के लिए 50 से अधिक टेस्ट खेले तो वहीं लगातार चोटिल होने के कारण आरोन का करियर परवान नहीं चढ़ सका. आरोन ने संन्यास के बाद टेलीविजन पर क्रिकेट विशेषज्ञ के तौर पर काम करना शुरू किया है.

# राष्ट्रीय खेल शासन विधेयक मानसून सत्र में पेश किया जाएगा: मांडविया

**नई दिल्लीः** खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने सोमवार को कहा कि राष्ट्रीय खेल शासन विधेयक 21 जुलाई से शुरू हो रहे संसद के मानसून सत्र के दौरान पेश किया जाएगा. मांडविया ने युवा मामलों के विभाग की नशा के खिलाफ पहल शुरू करने के लिए आयोजित कार्यक्रम के इतर मीडिया से बातचीत में सरकार के इस रुख को भी दोहराया कि बहुपक्षीय खेल आयोजनों के लिए पाकिस्तान के खिलाड़ियों को भारत आने से नहीं रोका जाएगा. मांडविया ने कहा, आगामी सत्र के दौरान यह विधेयक संसद में पेश किया जाएगा. मैं कुछ दिनों में इससे जुड़े और विवरण दूंगा. यह विधेयक देश के खेल प्रशासकों के लिए अधिक जवाबदेही सुनिश्चित करना चाहता है, जिसमें एक नियामक बोर्ड का प्रावधान होगा. इस बोर्ड के पास राष्ट्रीय खेल संघों (एनएसएफ) को मान्यता देने और सुशासन से संबंधित प्रावधानों के पालन के आधार पर उन्हें धन आवंटित करने की शक्ति होगी. यह बोर्ड उच्चतम शासन, वित्तीय और नैतिक मानकों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए भी जिम्मेदार होगा. इसके साथ ही मसौदा खेल विधेयक में शासन में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए आचार आयोगों और विवाद समाधान आयोगों की स्थापना का प्रस्ताव है.

नियामक बोर्ड के गठन को लेकर हालांकि विवाद चल रहा है और भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने भी इसका विरोध किया है. आईओए का मानना है कि नियामक बोर्ड के गठन से एनएफएस के लिए नोडल निकाय के रूप में उसकी स्थिति को कमजोर करेगा. मांडविया ने सरकार के



इस रुख को फिर से दोहराया है कि अप्रैल में पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच संबंधों में आई गिरावट के बावजूद भारत में अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों में पाकिस्तान की भागीदारी को रोका नहीं जाएगा. अगले महीने होने वाला पुरुषों का एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट (बिहार), नवंबर-दिसंबर में होने वाला एफआईएच जूनियर विश्व कप (तमिलनाडु) और सितंबर-अक्टूबर में होने वाला जूनियर निशानेबाजी विश्व कप (नयी दिल्ली) प्रमुख खेल आयोजन हैं जिनमें पाकिस्तान के खिलाड़ियों की भागीदारी अपेक्षित है. खेल मंत्री ने कहा, हमारा रुख स्पष्ट है. हमें किसी भी अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजन में पाकिस्तान के साथ खेलने में कोई समस्या नहीं है, चाहे वह क्रिकेट हो, हॉकी हो या कोई अन्य खेल. लेकिन जब द्विपक्षीय मुकाबलों की बात आती है तो सरकार के रुख के बारे में सभी को पता है. पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) ने भारत में होने वाले दो टूर्नामेंटों में अपनी भागीदारी के लिए अपनी सरकार से मंजूरी मांगी है अभी हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि उसे मंजूरी मिली है या नहीं. मांडविया ने कहा, हमने पाकिस्तान को बता दिया है कि हम उन्हें एशिया कप और जूनियर हॉकी विश्व कप टूर्नामेंट के लिए वीजा देंगे. अब यह उनकी सरकार पर निर्भर करता है कि वे टीमें भेजते हैं या नहीं. हमें कोई समस्या नहीं है. उन्होंने कहा, दोनों अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट हैं और भाग लेने वाली हर टीम के साथ समान व्यवहार किया जाएगा.

एशिया कप 27 अगस्त से सात सितंबर तक राजगीर में आयोजित किया जाएगा, जबकि जूनियर विश्व कप 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक निर्धारित है. पाकिस्तान को अनुमति देने का सरकार का निर्णय ओलंपिक चार्टर पर आधारित है जो राजनीतिक कारणों से किसी देश के खिलाड़ी की भागीदारी से इनकार को प्रतिबंधित करता है. यह मेजबान देश के लिए भविष्य में मेजबानी अधिकारों के निलंबन का कारण बन सकता है. भारत वर्तमान में 2036 ओलंपिक खेल और 2030 राष्ट्रमंडल खेल की मेजबानी की दौड़ में है.

## न्यूज कॉर्नर

### पानीपत में कपड़ा मिल मालिक के साथ 60 लाख रुपए की धोखाधड़ी

**पानीपत:** पानीपत के समालखा स्थित एक कपड़ा फैक्ट्री में लाखों के घोटाले का मामला सामने आया है. जिसमें सोनीपत के महावीर जैन ने अपने पार्टनर पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया है. जिसकी शिकायत थाना समालखा में महावीर जैन द्वारा दर्ज कराई है. पुलिस द्वारा शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है. जानकारी के अनुसार महावीर जैन ने 2023 में समालखा के गांव गढ़ी छाज्जू में पारस जीपर नाम से एक कपड़ा फैक्ट्री शुरू की थी. उन्होंने सूरत सिंह को 33 प्रतिशत हिस्सेदारी दी थी. समझौते के मुताबिक फैक्ट्री की पूरी लागत जैन को वहन करनी थी. सूरत सिंह को फैक्ट्री के रख-रखाव की जिम्मेदारी दी गई थी. 11 जुलाई 2023 को दोनों के बीच पार्टनरशिप डीड तैयार हुई.जैन ने सूरत सिंह को त्यागी स्कूल ड्रेस के नाम पर 50 लाख रुपए नकद दिए. सूरत सिंह ने हर महीने 2 लाख रुपए लाभांश देने का वादा किया था. जैन का आरोप है कि सूरत सिंह ने आज तक कोई राशि लाभांश के रूप में नहीं दी. जबकि फैक्ट्री से स्कूल ड्रेस का माल लगातार भेजा जा रहा था. जब बैंक स्टेटमेंट की जांच की, तो फर्म के सीए ने 59 लाख 47 हजार 502 रुपए के घोटाले का खुलासा किया. जब जैन ने इस बारे में पूछताछ की, तो सूरत सिंह ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी. तब महावीर जैन ने पुलिस अधीक्षक पानीपत को शिकायत दी, उनके आदेश पर समालखा डीएसपी ने जांच की. इसके बाद सोमवार को सूरत सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी और जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज किया गया है.

### नूंह में बारिश से तीन मकान ढहे, बच्चे की मौत, 19 घायल

**नूंह:** नूंह के गांव बिरसिका में बारिश ने जमकर कहर बरसाया. बारिश से एक ही परिवार के तीन मकान भरभरा कर ढह गए. मकान के मलबे के नीचे दबने से एक बच्चे की मौत हो गई जबकि 19 लोग घायल हो गए. मृतक बच्चे की पहचान आठ वर्षीय सिफान पुत्र तालीम के रूप में हुई है.

जानकारी के अनुसार नूंह में क्षेत्र में बीती रात से बारिश हो रही है. बारिश के कारण रविवार रात में एक ही परिवार के तीन मकान गिर गए. मकान के मलबे के नीचे परिवार के 19 लोग दब गए औरएक आठ वर्षीय बच्चे सिफान की मौत हो गई. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुची. आस पास के लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है. घायलों में सिहान और मुबीना की हालत गंभीर बनी हुई है जिन्हें रोहतक पीजीआई रेफर किया गया है. तीन अन्य लोगों का इलाज शहीद हसन खान मेवाती मेडिकल कॉलेज नल्हड़ में चल रहा है.

### पानीपत में महिला व बच्चे की मौत, परिजनों ने निजी अस्पताल पर लगाए आरोप

**पानीपत:** पानीपत के एक निजी अस्पताल में डॉक्टर की कथित लापरवाही से गर्भवती महिला व उसकी कोख में पल रहे बच्चे की जान चली गई. महिला के परिजनों ने निजी अस्पताल पर लापरवाही के आरोप लगाए है. जानकारी के अनुसार शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती नौ महीने की गर्भवती महिला की इलाज के दौरान गर्भाशय की नस फूल गई. इतना ही नहीं, उसके गर्भ में पल रहे बच्चे ने भी दम तोड़ दिया. पुलिस व सीएमओ को दी शिकायत में गांव रसलापुर निवासी मृतका के पति शहजाद ने बताया कि वह चार बेटियों का पिता है. उसकी 34 वर्षीय पत्नी अविधा 9 माह की गर्भवती थी. जिसका एक निजी अस्पताल से इलाज चल रहा था.वह 9 जुलाई की सुबह पत्नी को लेकर जिंदल अस्पताल गया. जहां डॉक्टरों ने गर्भाशय की नस फूलने के बारे में बताया. डॉक्टरों ने 12 जुलाई को उसे छुट्टी दे दी थी. छुट्टी के दौरान कहा था कि अब महिला ठीक है. 14 जुलाई को फिर उसकी तबीयत बिगड़ी. उसे तुरंत सिविल अस्पताल लाया गया. जहां चेकअप के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. पुलिस ने परिजनों के बयानों के आधार पर पोस्टमॉर्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया.मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.विजय मलिक ने बताया कि मृतक महिला के परिजनों ने अस्पताल के खिलाफ शिकायत दी है. शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है. अगर जांच में अस्पताल की त्रुटि पाई जाती है तो अस्पताल के खिलाफ कानूनी कार्रवाई होगी. दूसरी ओर डॉ जिंदल ने बताया कि मृतक महिला के फेफड़े खराब थे और उसे सांस लेने में भी दिक्कत थी. इसलिए हमने इलाज करने से मना कर दिया था और उसको पीजीआई रोहतक रैफर के लिए बोला था.

### कोकराझार के पाखरिगुरी में पुत्र ने की पिता की हत्या

**कोकराझार (असम):** कोकराझार जिले के देवरगांव अंतर्गत पाखरिगुरी इलाके में आज एक पिता की उसके पुत्र ने निर्मम तरीके से हत्या कर दी. इस घटना को लेकर इलाके में सनसनी व्याप्त है. मृत व्यक्ति की पहचान अनिल नार्जारी के रूप में की गई है. स्थानीय सूत्रों के अनुसार, अनिल नार्जारी आज दिन के लगभग 4 बजे अपने घर पर सो रहे थे. इसी दौरान उनके बेटे शिविशुला नार्जारी ने कुल्हाड़ी से हमला कर अपने पिता की बेरहमी से हत्या कर दी. हालांकि, हत्या के पीछे का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है, लेकिन स्थानीय लोगों का कहना है कि पिता-पुत्र के बीच कुछ मानसिक तनाव चल रहा था.घटना की सूचना मिलते ही कोकराझार पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है. पुलिस ने आरोपित पुत्र को गिरफ्तार कर थाने ले गई है.

### करोड़ो की धोखाधड़ी का आरोपित अंतरराज्यीय साइबर ठग गिरफ्तार

**कोंडागां:** जिले के फरसगांव थाना पुलिस ने एक अंतरराज्यीय साइबर ठग खिलेन्द्र कश्यप को आज सोमवार को गिरफ्तार किया है, जो ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यमों से करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी की वारदात को अंजाम दे चुका है. आरोपित स्वयं को विदेशी मल्टीनेशनल कंपनियों से जुड़ा हुआ कारोबारी बताकर लोगों को महंगे बंगले, उच्च लाभ और विदेशी निवेश का झांसा देता था. आरोपित ने सेना के जवानों और आम नागरिकों को अपने जाल में फंसाकर मोटी रकम की ठगी की है. पुलिस द्वारा की गई तलाशी में दो मोबाइल फोन, एक एप्पल लैपटॉप, एक एप्पल आईपैड, दो एटीएम कार्ड और 1500 रुपये नगद जब्त किए गए हैं. पुलिस ने आरोपित गिरफ्तार कर आज जेल दाखिल कर दिया है.

### नलबाड़ी जेल में कैदी ने की आत्महत्या, सुरक्षा पर सवाल

**नलबाड़ी (असम):** नलबाड़ी जिला कारागार में सोमवार को एक चौंकाने वाली घटना सामने आई. जेल परिसर के अंदर एक सजायाफ्ता कैदी का शव बरामद किया गया. मृतक कैदी की पहचान सत्येन्द्र महापात्र के रूप में हुई है, जो आजीवन कारावास की सजा काट रहा था. सूत्रों के अनुसार, सत्येन्द्र महापात्र ने जेल के स्नानागार (बाथरूम) में गमछे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली. वह 2015 से जेल में बंद था और उस पर हत्या का आरोप था. बताया जा रहा है कि वह लंबे समय से मानसिक तनाव से गुजर रहा था. मृतक कैदी नलबाड़ी के पास स्थित बाक्सा जिले के दलगांव इलाके का निवासी था. हालांकि, जेल जैसे संरक्षित परिसर में आत्महत्या करने की घटना ने जेल प्रबंधन की सुरक्षा व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं. कैसे एक कैदी को आत्महत्या करने का अवसर मिला - यह फिलहाल जांच का विषय बना हुआ है.जेल प्रशासन ने मामले की सूचना पुलिस और मजिस्ट्रेट को दे दी है. शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है और घटना की जांच शुरू कर दी गई है.

### डिगबोई में ऑयल टैंकर में भीषण विस्फोट, दो घायल

**डिब्रूगढ़ (असम):** असम के डिगबोई के रामनगर इलाके में सोमवार को एक ऑयल टैंकर में भीषण विस्फोट हो गया, जिसमें दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए. घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है. स्थानीय पुलिस के अनुसार हादसा उस समय हुआ जब स्थानीय गैराज में टैंकर की वेल्डिंग मरम्मत का कार्य चल रहा था. वेल्डिंग के दौरान एएस-07 सी 5132 नंबर वाले टैंकर में अचानक तेज धमाका हुआ. इस हादसे में चालक सुनील बोरा (51) और मैकेनिक उमेश सिंह (46) को गंभीर चोटें आई हैं, खासकर उनके चेहरे और शरीर पर गहरे चोट लगे.विस्फोट के समय मौके पर मौजूद अन्य श्रमिक बाल-बाल बच गए. प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि अत्यधिक ज्वलनशील टैंकर पर सुरक्षा मानकों की गंभीर अनदेखी और अनधिकृत मरम्मत कार्य के चलते यह दुर्घटना हुई. यह वाहन लखीमपुर जिले के दोयमुख से संबंधित है.घटना की सूचना मिलते ही डिगबोई पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार करवाने के बाद बेहतर इलाज के लिए डिब्रूगढ़ के अस्पताल में भर्ती करवाया है. पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है.

# जयशंकर ने की चीनी विदेश मंत्री वांग यी से वार्ता

**बीजिंग:** भारत ने चीन के साथ द्विपक्षीय संबंधों में सकारात्मक प्रगति बनाये रखना दोनों देशों की साझा की जिम्मेदारी बताते हुए आज आशा व्यक्त की कि शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति को दृढ़ता से बरकरार रखा जाएगा.विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने यहां अपने चीनी समकक्ष वांग यी से द्विपक्षीय बैठक की जिसमें दोनों नेताओं ने आपसी मुद्दों और वैश्विक एवं क्षेत्रीय मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया और इस बात पर भी जोर दिया कि भारत एवं चीन को पारस्परिक रूप से लाभकारी सहयोग को बढ़ावा देने तथा प्रतिबंधात्मक व्यापार उपायों और बाधाओं से बचने की जरूरत है.डॉ जयशंकर ने अपने शुरुआती वक्तव्य में द्विपक्षीय संबंधों में हालिया सकारात्मक प्रगति को बनाए रखने और सीमावर्ती मुद्दों के समाधान की आवश्यकता पर बल दिया. उन्होंने कहा कि यह आवश्यक है कि हम अपने संबंधों के प्रति एक दूरदर्शी दृष्टिकोण अपनाएँ और रणनीतिक संचार को नियमित करें. इस स्थिर और रचनात्मक संबंधों से ही विश्व को लाभ मिलेगा. साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि यह तभी संभव है जब पारस्परिक तौर पर सम्मान, हित और संवेदनशीलता बनायी रखी जाये.

विदेश मंत्रालय की ओर से जयशंकर के उद्घाटन वक्तव्य को जारी किया गया है. वे शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए चीन पहुंचे हैं. उन्होंने चीन को एससीओ की अध्यक्षता संभालने पर शुभकामनाएं दीं और कहा कि भारत उनकी अध्यक्षता में रचनात्मक परिणाम सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है.

उन्होंने कहा कि कज़ान में 2024 में दोनों देशों के नेताओं की मुलाकात के बाद संबंधों में सकारात्मक गति आई है, जिसे बनाए रखना दोनों पक्षों की जिम्मेदारी है. हाल के महीनों में दोनों देशों के बीच रणनीतिक संवाद बढ़ा है और भविष्य में यह नियमित रूप से एक-दूसरे के देशों में होना चाहिए.



उन्होंने कहा, हमारे द्विपक्षीय संबंधों के लिए यह आवश्यक है कि हम अपने संबंधों के प्रति दूरदर्शी दृष्टिकोण अपनाएँ. अक्टूबर 2024 में कज़ान में हमारे नेताओं की बैठक के बाद से, भारत-चीन संबंध धीरे-धीरे सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रहे हैं. हमारी ज़िम्मेदारी इस गति को बनाए रखना है. उन्होंने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और स्थिरता द्विपक्षीय विश्वास और संबंधों के विकास की मूल आधारशिला है. अब सीमा से जुड़े अन्य पहलुओं पर भी ध्यान देना आवश्यक है, जिनमें तनाव कम करना शामिल है.

डॉ जयशंकर ने एससीओ के संदर्भ में आतंकवाद के प्रति शून्य सहनशीलता या आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति पर बल देते हुए कहा, आज की हमारी बैठक में वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान शामिल होगा. कल, हम एससीओ के प्रारूप में बैठक करेंगे, जिसका प्राथमिक उद्देश्य आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद का मुकाबला करना है. यह एक साझा चिंता का विषय है और भारत आशा करता है कि आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता की नीति को दृढ़ता से बरकरार रखा जाएगा. विदेश मंत्री के रूप में, आप लंबे समय से हमारे समग्र द्विपक्षीय संबंधों के लिए ज़िम्मेदार रहे हैं. मुझे इस गहन परिवर्तन के दौर में हमारे संबंधों की स्थिति पर इस गहन चर्चा से प्रसन्नता हो रही है. मैं विचारों के रचनात्मक और दूरदर्शी आदान-प्रदान की आशा करता हूँ. हाल ही में चीन में एससीओ रक्षा मंत्रियों की बैठक में आतंकवाद के मुद्दे को लेकर पाकिस्तानी पक्ष के आग्रह पर चीन के समर्थन के कारण संयुक्त वक्तव्य पर भारत ने विरोध जताया था और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के दस्तावेज़ पर हस्ताक्षर नहीं करने के कारण संयुक्त वक्तव्य जारी नहीं हो सका था.डॉ जयशंकर ने कहा कि इस वर्ष भारत और चीन के बीच कूटनीतिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ मनाई जा रही है. उन्होंने कैलाश मानसरोवर यात्रा को फिर से शुरू करने में सहयोग के लिए चीन का आभार व्यक्त किया. उन्होंने व्यापार प्रतिबंधों से बचने और जन संपर्क को सामान्य बनाने की आवश्यकता जताते हुए कहा, आज दुनिया के पड़ोसी देशों और प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के साथ, हमारे संबंधों के विविध पहलू और आयाम हैं. हमारे लोगों के बीच आदान-प्रदान को सामान्य बनाने की दिशा में उठाए गए कदम निश्चित रूप से पारस्परिक रूप से लाभकारी सहयोग को बढ़ावा दे सकते हैं. इस संदर्भ में यह भी आवश्यक है कि प्रतिबंधात्मक व्यापार उपायों और बाधाओं से बचा जाए.

उल्लेखनीय है कि भारत और चीन के बीच 2020 से सीमा विवाद के चलते संबंधों में तनाव रहा है. हाल के महीनों में सैन्य और कूटनीतिक वार्ताओं के माध्यम से दोनों पक्षों ने कुछ क्षेत्रों में तनाव घटाने में प्रगति की है.

### केरल उच्च न्यायालय से बाबा रामदेव को बड़ी राहत, सात आपराधिक मामलों में आगे की कार्यवाही पर रोक

**एर्नाकुलम:** केरल उच्च न्यायालय ने योग गुरु रामदेव, पतंजलि के प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण और दिव्य फार्मेसी के खिलाफ दर्ज सात आपराधिक मामलों में आगे की कार्यवाही पर रोक लगा दी है. औषधि एवं चमत्कारिक उपचार (आपत्तिजनक विज्ञापन) अधिनियम के तहत दर्ज इन शिकायतों में भ्रामक चिकित्सा विज्ञापनों के प्रसार का आरोप लगाया गया है.

केरल उच्च न्यायालय ने बाबा रामदेव, पतंजलि आयुर्वेद के प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण और दिव्य फार्मेसी के खिलाफ औषधि एवं चमत्कारिक उपचार (आपत्तिजनक विज्ञापन) अधिनियम के तहत दर्ज आपराधिक मामलों में आगे की कार्यवाही पर रोक लगा दी है. ये मामले औषधि एवं चमत्कारिक उपचार (आपत्तिजनक विज्ञापन) अधिनियम के तहत दर्ज किए गए थे, जिनमें भ्रामक चिकित्सा विज्ञापनों के प्रचार का आरोप लगाया गया था. न्यायमूर्ति वीजी अरुण ने आरोपितों द्वारा प्रस्तुत सात आपराधिक विविध याचिकाओं पर विचार करते हुए अंतरिम रोक जारी की.

### यह एक आज़ाद देश है लेकिन उन्हें लगता है कि हम उनके गुलाम हैं-उमर अब्दुल्ला

**श्रीनगर:** प्रतिबंधों के कारण श्रीनगर स्थित मज़ार-ए-शुहादा पर राजनीतिक नेताओं के जाने पर रोक लगने के एक दिन बाद जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस (जेकेएनसी) के अध्यक्ष डॉ. फारूक अब्दुल्ला, मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और अन्य वरिष्ठ नेताओं ने 13 जुलाई, 1931 के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने और प्रार्थना करने के लिए मज़ार-ए-शुहादा स्थल का दौरा किया और उन्हें श्रद्धांजलि दी.उमर अब्दुल्ला ने प्रतिबंधों के क़ानूनी आधार पर सवाल उठाए. उन्होंने पूछा कि आज उन्होंने हमें किस क़ानून के तहत रोकने की कोशिश की. वे कहते हैं कि यह एक आज़ाद देश है लेकिन उन्हें लगता है कि हम उनके गुलाम हैं. हम किसी के गुलाम नहीं हैं. अगर हम नौकर हैं तो हम यहाँ के लोगों के नौकर हैं.उन्होंने सोमवार को कहा कि उन्होंने मज़ार जाने से पहले अधिकारियों को सूचित नहीं किया. उन्होंने कहा कि उन्हें बताए बिना मैं कार में बैठ गया और उन्होंने आज भी हमें रोकने की कोशिश की. उन्होंने आगे कहा कि उनका रास्ता रोकने के लिए नवाता चौक पर सीआरपीएफ़ का एक बंकर और पुलिस की गाड़ी खड़ी कर दी गई थी.उन्होंने कहा कि मज़ार-ए-शुहादा की यात्रा अंततः सफल रही.

### मिज़ोरम के मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से मुलाकात में विकास के मुद्दों पर की चर्चा



**नई दिल्ली:** मिज़ोरम के मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने सोमवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार मुलाकात की. प्रधानमंत्री कार्यालय ने दोनों नेताओं की मुलाकात की तस्वीरें एक्स पर साझा करते हुए यह जानकारी दी. मुख्यमंत्री कार्यालय ने बताया कि इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के साथ राज्य के प्रमुख विकास मुद्दों और योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की.

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने मिज़ोरम की भौगोलिक और सामाजिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार से अधिक वित्तीय सहायता, सड़कों और कनेक्टिविटी इंफ्रास्ट्रक्चर, स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, और शिक्षा प्रणाली के सशक्तिकरण जैसी आवश्यकताओं पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया.मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को राज्य में चल रही विभिन्न केंद्रीय योजनाओं की प्रगति से भी अवगत कराया और उनके सफल क्रियान्वयन के लिए केंद्र से सहयोग की मांग की. उन्होंने यह भी प्रस्तावित किया कि मिज़ोरम की सीमा सुरक्षा और उत्तर-पूर्वी राज्यों के साथ सहयोग को और मज़बूत किया जाए.

प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री की बातों को गंभीरता से सुना और उन्हें केंद्र की ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया. उन्होंने मिज़ोरम को भारत के उत्तर-पूर्व में एक रणनीतिक और सांस्कृतिक रूप से महत्वपूर्ण राज्य बताया और कहा कि केंद्र सरकार पूर्वोत्तर के समावेशी विकास के लिए प्रतिबद्ध है.

### उद्धव ठाकरे का अपने ही जमीनी कार्यकर्ताओं से संपर्क नहीं : बावनकुले

**मुंबई:** महाराष्ट्र के राजस्व मंत्री और भाजपा नेता चंद्रशेखर बावनकुले ने सोमवार को मुंबई में कहा कि शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे का जमीनी कार्यकर्ताओं से संपर्क नहीं है. इसी वजह से शिवसेना यूबीटी के कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हो रहे हैं.मुंबई स्थित प्रदेश कार्यालय में आज कोंकण के चार पूर्व पार्षद भाजपा में शामिल हो गए. इस अवसर पर चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि भाजपा किसी भी नेता और कार्यकर्ता को किसी तरह का प्रलोभन नहीं देती अथवा दबाव भी नहीं डालती. भाजपा जमीनी स्तर के कायकर्ताओं का हमेशा सम्मान करती है, इसी वजह से अन्य पार्टियों, खासकर शिवसेना (यूबीटी) के कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हो रहे हैं.

### सोशल मीडिया पर बढ़ती विभाजनकारी प्रवृत्तियों पर रोक लगनी चाहिए : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि नागरिकों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की कीमत समझनी चाहिए और इस स्वतंत्रता के साथ-साथ स्व-नियंत्रण और संयम का पालन करना चाहिए. जस्टिस बीवी नागरत्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि सोशल मीडिया पर बढ़ती विभाजनकारी प्रवृत्तियों पर रोक लगाई जानी चाहिए. कोर्ट ने साफ किया कि वो सेंसरशिप की बात नहीं कर रहा है, बल्कि चाहता है कि लोग खुद से जिम्मेदारी निभाएं और अपनी बातों में संयम बरतें. कोर्ट ने कहा कि कोई नहीं चाहता की सरकारें इस तरह के मामलों में हस्तक्षेप करें. इसलिए जरुरी है कि लोग खुद जिम्मेदारी लें और सोशल मीडिया या दूसरे प्लेटफार्म्स पर ऐसा कुछ नहीं कहें, जिससे समाज में तनाव फैले. नागरिकों के बीच भाईचारे की भावना बनाए रखने की जरुरत है. आज के समय में जब अलगाववादी विचार तेजी से फैल रहे हैं, तो नागरिकों को सोच-समझकर बोलना चाहिए.दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक और उकसाने वाली पोस्ट को लेकर चिंता जताने वाली याचिका पर सुनवाई कर रहा है.

### दिल्ली सरकार 'पर्यटन एवं विरासत फेलोशिप' कार्यक्रम शुरू कर रही है : रेखा गुप्ता

#### 40 युवाओं को हर महीने 50 हजार रुपये मिलेंगे

**नई दिल्ली:** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि राजधानी की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत के प्रचार-प्रसार और संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दिल्ली सरकार 'पर्यटन एवं विरासत फेलोशिप' कार्यक्रम शुरू कर रही है. उन्होंने सोमवार को एक विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि इस कार्यक्रम के तहत 40 युवाओं को फेलोशिप के लिए चुना जाएगा और उन्हें हर महीने 50 हजार रुपये भी मिलेंगे.



मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार की यह पहल आत्मनिर्भर भारत के विजन के अनुरूप है, जो देश की आंतरिक क्षमताओं और पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों को बढ़ावा देती है और बाहरी सलाहकारों पर निर्भरता कम करती है. यह फेलोशिप उन युवाओं के लिए एक मंच के रूप में भी कार्य करेगी जो सरकारी परियोजनाओं से सीधे जुड़कर दिल्ली को एक जीवंत, समावेशी और विश्वस्तरीय पर्यटन गंतव्य के रूप में स्थापित करने में योगदान देना चाहते हैं.

मुख्यमंत्री ने बताया कि यह कार्यक्रम दिल्ली पर्यटन व परिवहन विकास निगम (डीटीटीडीसी)) द्वारा चलाया जाएगा. इसका उद्देश्य युवाओं, शोधकर्ताओं और पर्यटन क्षेत्र में रुचि रखने वाले पेशेवरों को दिल्ली की समृद्ध विरासत से जोड़ना और पर्यटन के क्षेत्र में संस्थागत क्षमता को मजबूत करना है. ये युवा विरासत भ्रमण, मार्गदर्शित पर्यटन यात्राएं, डिजिटल व प्रचार सामग्री निर्माण, पर्यटन प्रचार, कार्यक्रम प्रबंधन, दिल्ली हाट, गार्डन ऑफ फाइव सेंसिस, पर्यटन सूचना केंद्रों का संचालन, फिल्म शूटिंग समन्वय और एमआईसीई बैठके, प्रोत्साहन, सम्मेलन और प्रदर्शनियां जैसी गतिविधियों में योगदान देंगे.

इस कार्यक्रम के तहत चयनित युवाओं को हर महीने 50,000 रुपये का वजीफा दिया जाएगा और एक वर्ष की अवधि पूर्ण होने पर प्रमाणपत्र भी मिलेगा. इस प्रोग्राम में हिस्सा लेने वाले युवा आवेदक की उम्र 35 वर्ष से कम होनी चाहिए. इसके अलावा न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता स्नातक डिग्री या समकक्ष होगी. वैसे पर्यटन में डिग्री/स्नातकोत्तर को प्राथमिकता दी जाएगी. आवेदक को पर्यटन या संबंधित क्षेत्र में कम से कम एक वर्ष का औपचारिक अनुभव होना चाहिए. साथ ही हिंदी और अंग्रेजी भाषा में दक्षता तथा डिजिटल कौशल आवश्यक हैं.

### हरियाणा के पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने की दीपेंद्र हुड्डा से मुलाकात, सियासी चर्चाएं शुरू

**रोहतक:** हरियाणा के पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने सोमवार को राज्य सभा सांसद दीपेंद्र हुडा के आवास पर जाकर उनसे मुलाकात की. दीपेंद्र हुडा और दुष्यंत चौटाला के बीच हुई मुलाकात ने प्रदेश में नई राजनीतिक चर्चाओं को जन्म दे दिया है. दीपेंद्र से मुलाकात के बाद दुष्यंत चौटाला ने शहीद लोकेंद्र सिंधु के आवास पर जाकर सांत्वना प्रकट की. सोमवार शाम को हरियाणा के पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला डी पार्क समीप सांसद दीपेंद्र हुडा आवास पर पहुंचे और उनसे मुलाकात की. करीब आधे घंटे से अधिक समय तक दोनों के बीच चर्चा हुई, जिसके कई राजनीतिक मायने निकाले जा रहे है. यह भी बताया जा रहा है कि पिछले दिनों पूर्व सीएम हुडा की भाभी का भी निधन हो गया था, उस वक्त हरियाणा के पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला सांत्वना देने नहीं आ पाए थे. इसके बाद पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने शहीद लोकेंद्र सिंधु के आवास पर जाकर परिजनों से मुलाकात की और सांत्वना प्रकट की.



इसके बाद सांसद दीपेन्द्र हुड्डा राजस्थान के चुरू में बीते दिनों हुए दुर्भाग्यपूर्ण लड़ाकू विमान हादसे में शहीद हुए भारतीय वायुसेना के जाँबाज स्क्वाड्रन लीडर लोकेंद्र सिंह सिंधू के रोहतक स्थित निवास पर पहुँचे और श्रद्धांजलि अर्पित की. इस दौरान दीपेन्द्र हुड्डा ने शोकाकुल परिवारजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया. दुख की इस घड़ी में हम सब शहीद के परिवार के साथ एकजुट हैं. दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि शहीद स्कॉड्रन लीडर लोकेंद्र सिंधु जांबाज अधिकारी थे, उन्होंने अपनी जान की परवाह किये बिना लोगों की जान बचाने को प्राथमिकता दी और अपने प्राणों को न्यौछावर कर सर्वोच्च बलिदान दे दिया. सम्पूर्ण राष्ट्र उनके अद्वितीय पराक्रम, साहस एवं त्याग का सदैव ऋणी

## सुडोकू–87

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | 2 | | 4 | 7 | | 3 |
| | 3 | | 8 | 7 | 5 | 2 | | |
| | | | | 1 | 3 | | 5 | |
| | | 5 | | 6 | | | 1 | |
| | | | 4 | | 9 | | | |
| | 6 | | | 5 | | 8 | | |
| | 9 | | 5 | 2 | | | | |
| | | 4 | 9 | 3 | 8 | | 7 | |
| 1 | | 3 | 7 | | 6 | | | 2 |

9X9 के उपरोक्त खानों में एक से नौ तक के अंक ऐसे भरें ताकि हर कॉलम और उसके हर छोटे खाने में एक नंबर ही आयें.

उत्तर अगले अंक में

### सूडोकू -86 का उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 1 | 6 | 4 | 3 | 9 | 2 | 5 | 7 |
| 7 | 5 | 4 | 2 | 1 | 8 | 3 | 6 | 9 |
| 2 | 3 | 9 | 7 | 5 | 6 | 8 | 1 | 4 |
| 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 7 | 9 | 1 |
| 5 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 4 | 3 | 2 |
| 4 | 9 | 7 | 3 | 2 | 1 | 5 | 8 | 6 |
| 9 | 6 | 2 | 8 | 4 | 5 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 7 | 3 | 6 | 2 | 5 |
| 3 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 9 | 4 | 8 |

## युवा शक्ति माथापच्ची- 95

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | ■ | ■ | 3 | 4 | 5 | |
| 6 | | ■ | 7 | 8 | ■ | 9 | | ■ |
| 10 | | | ■ | 11 | 12 | | | ■ |
| 13 | | ■ | ■ | 14 | | ■ | 15 | 16 |
| | ■ | 17 | 18 | | | | ■ | |
| 19 | 20 | ■ | 21 | | ■ | ■ | 22 | |
| ■ | 23 | 24 | | | ■ | 25 | | |
| ■ | 26 | | ■ | 27 | | ■ | 28 | |
| 29 | | | | ■ | ■ | 30 | | |

● **बाएं से दाएं**

1. नेत्र, चक्षु, 3. जिस पर असर पड़ा हो, 6. जो कहा जाए, व्याख्यान, समाचार, 7. भूमि का माप, बीघे का बीसवां भाग, 9. स्थिर दृष्टि, गड़ी हुई नजर, 10. कटा सूखा वृक्ष, ईंधन, लाठी, 11. रावण का मुख्य सेनानायक, 13. कार्य, भाग्य, धार्मिक कार्य, 14. ज्ञानी, पंडित, तिलपुष्पी, 15. यंत्र, बिता दिन, 17. आधार, न्यायालय, 19. मोटा रस्सा, नारी, गाय का नवजात बछड़ा, 21. कठिन, दुरुह, 22. महसूल, हाथ, 23. पैरों की आहट, 25. श्रीकृष्ण सखा, 26. खिसक, मिटा, 27. सैनिक दल, फौज, 28. एक अंक की सम संख्या, 29. अंकुरित होना, फिर से उभरना, शक्तिशाली होना, 30. थकना, विफल होना, पराजित होना,

● **उपर से नीचे**

1. अनुसरण करना, देख कर कार्य करना, 2. कर्म के अनुसार, 4. भाड़ा, 5. शिव की व्याड़ी नामक वाणी, 8. अपने आप, प्राकृतिक रुप से, 12. प्रधान, मुख्य निवास, केन्द्रीय स्थल, 16. रह-रहकर पीड़ा होना, आनंद भोगना, इधर-उधर मुड़ते हुए जाना, 18. एक प्रकार की इमली, 20. फिसलन, 22. अनुचित व्यवहार, बदचलनी, 24. नायक, मुखिया, सोना.

*उत्तर कल के अंक में*

### माथापच्ची- 94 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ना | म | बि | क | ना | ■ | व | नि | ता |
| क | ■ | लो | ■ | ता | ना | ■ | ड | ■ |
| में | ■ | ना | ला | ■ | थि | ■ | र | ग |
| द | म | ■ | ना | ट | का | व | ता | र |
| म | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | द |
| आ | ग | में | कू | द | ना | ■ | म | न |
| ना | ज | ■ | द | ■ | गा | ना | ■ | ना |
| ■ | ना | ■ | ना | च | ■ | य | ■ | प |
| ग | ल | ना | ■ | ना | म | क | र | ना |

### शब्दाक्षर का सम्मान समारोह एवं राष्ट्रीय कवि सम्मेलन संपन्न

# हिंदी के विकास में युवाओं को सक्रिय भूमिका निभाने की जरूरत : रवि प्रताप सिंह



युवा शक्ति न्यूज

**कोलकाता/जहानाबाद:** रविवार को जहानाबाद,बिहार के होटल राजदरबार में राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था शब्दाक्षर द्वारा सम्मान समारोह एवं राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया. उक्त अवसर पर 50 से अधिक कवियों ने काव्य पाठ किया. कार्यक्रम का आरंभ सरस्वती आराधना से हुआ. तत्पश्चात बिहार प्रदेश की कार्यकारिणी के नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया. ये पदाधिकारी हैं मीडिया प्रभारी प्रोफेसर डॉक्टर सुबोध कुमार झा एवं प्रदेश संगठन मंत्री डॉ बीरेंद्र कुमार सिंह. इन पदाधिकारियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया. उक्त अवसर पर अंगवस्त्र से राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री रवि प्रताप सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री कृष्ण पाल सिंह, राष्ट्रीय प्रसार मंत्री धनंजय जयपुरी, प्रदेश अध्यक्ष प्रो मनोज कुमार मिश्र पद्मनाभ, प्रदेश उपाध्यक्ष श्री अमरेंद्र कुमार पांडे , प्रदेश सचिव श्री विनय कुमार मिश्र के साथ साथ प्रसिद्ध कवियों को भी सम्मानित किया गया. जहानाबाद के प्रखर पत्रकार श्री संतोष श्रीवास्तव का भी अंगवस्त्र के साथ अभिनन्दन किया गया. कार्यक्रम के प्रथम सत्र में अपना उदगार व्यक्त करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री रविप्रताप सिंह ने युवा शक्ति को आगे बढ़ाने पर जोर दिया. उन्होंने शब्दाक्षर युवा मंच के गठन की भी घोषणा की. प्रदेश अध्यक्ष प्रो मिश्र ने शब्दाक्षर की विकास यात्रा को रेखांकित किया. इस सत्र में डॉ सुबोध कुमार झा, श्री संतोष श्रीवास्तव ने भी अपने अपने उद्गार व्यक्त किए. कार्यक्रम का संचालन प्रदेश साहित्य मंत्री कुमारी मानसी सिंह ने किया. इस कार्यक्रम के आयोजन में प्रदेश अध्यक्ष के मार्ग निर्देशन में मानसी सिंह एवं जहानाबाद जिला अध्यक्ष श्रीमती सावित्री सुमन की महत्वपूर्ण भूमिका रही. कार्यक्रम के द्वितीय सत्र के राष्ट्रीय कवि सम्मेलन हुआ जिसमें राष्ट्रीय पदाधिकारी रवि प्रताप सिंह, कृष्णपाल सिंह और धनंजय जयपुरी के साथ साथ बिहार के विभिन्न जिलों के कवियों ने अपने काव्य से श्रोताओं को अभिभूत कर दिया. काव्य पाठ करनेवाले प्रमुख कवियों में शामिल थे मनोज मिश्र, मानसी सिंह, सागर आनंद, अरविंद कुमार, डॉ सुबोध कुमार झा, राणा बीरेंद्र सिंह, सावित्री सुमन, ममता प्रिया, अमरेश कुमार, विनय कुमार मामूली बुद्धि और दिलीप कुमार.

# कवियों ने सावन की बारिश में बिखेरी शब्दों की मधुरता



**युवा शक्ति न्यूज/कोलकाता:** प्रांतीय अध्यक्ष डॉ गिरिधर राय के मार्गदर्शन में एवं शिवशंकर सिंह सुमित की अध्यक्षता में मटियाब्रुज, गार्डनरीच के फत्तेपुर हिंदी पाठशाला के प्रांगण में राष्ट्रीय कवि संगम के दक्षिण 24 परगना जिला इकाई के द्वारा सावन के इस पवित्र महीने के आगमन के शुभ अवसर पर एक भव्य काव्य समारोह का आयोजन किया गया. मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित थे, रमाकांत सिन्हा एवं कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे, विद्यालय के प्रधान शिक्षक दिलीप कुमार धानुक. शहर के लब्धप्रतिष्ठित कवियों ने अपनी रचनाओं से उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया. जिलाध्यक्ष नागेंद्र कुमार दुबे ने जहां अपनी कविता के माध्यम से चिट्ठी के महत्ता को रेखांकित किया, वहीं पूर्णिमा कुमारी पाठक ने विवेकानंद के ऊपर अपनी सारगर्भित कविता प्रस्तुत की. वीर बहादुर सिंह ने जहां अपनी कविताओं के माध्यम से लोगों में देशभक्ति का अलख जगाया, वही विजय शर्मा विद्रोही ने कहा- ले चल मितवा ले चल मुझको नील गगन की ओर, शांति जहां रचती बसती हो झूमे मन का मोर. स्वागत वक्तव्य संस्था के युवा जिला सचिव वीर बहादुर सिंह ने दिया एवं धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के प्रधान शिक्षक दिलीप कुमार धानुक ने देते हुए कहा कि, ऐसे कार्यक्रम समाज के जागरण के निहित होते ही रहने चाहिए. कार्यक्रम के अध्यक्ष शिव शंकर सिंह सुमित ने कहा- प्रेम का वास नहीं रहता जिस उर में, खुशियां दूर रहा करती है उसे नर से. मुख्य अतिथि रमाकांत सिन्हा ने अपनी कविताओं से लोगों को खूब गुदगुदाया. अनिल कुमार सिंह, चरण कुमार दास एवं नीतीश यादव ने अपनी विशेष उपस्थिति से कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई. कार्यक्रम का कुशल संचालन जिला अध्यक्ष विजय शर्मा विद्रोही ने किया.

# बीएसएफ के साथ रोटरी क्लब मिडटाउन का अनूठा वृक्षारोपण, सिलीगुड़ी में लगाए 500 फलदार पौधे

## रोटरी क्लब ऑफ़ सिलीगुड़ी मिडटाउन ने बीएसएफ के सहयोग से किया विशेष वृक्षारोपण अभियान



युवा शक्ति न्यूज

**सिलीगुड़ी:** रोटरी क्लब ऑफ़ सिलीगुड़ी मिडटाउन ने कदमतल्ला स्थित बीएसएफ कैंप में बीएसएफ (सीमा सुरक्षा बल) के सहयोग से एक विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया. इस अवसर पर बीएसएफ के आईजी श्री मुकेश त्यागी एवं उनकी टीम ने सक्रिय भागीदारी निभाई. कार्यक्रम में क्लब के सदस्यों के साथ-साथ उनके परिवारों की महिलाओं और बच्चों ने भी पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया. कार्यक्रम की खास बात यह रही कि कुल 500 पौधे, जिनमें प्रायः फलदार प्रजातियों के पौधे शामिल थे, लगाए गए. प्रत्येक पौधे को प्रतिभागियों के नामों के साथ अंकित किया गया, ताकि उनकी देखभाल और संरक्षण सुनिश्चित हो सके. बीएसएफ के आईजी श्री मुकेश त्यागी ने रोटरी क्लब मिडटाउन के इस प्रयास की सराहना करते हुए क्लब अध्यक्ष श्री संजय गोयल एवं सचिव डॉ. निखिल अग्रवाल को सम्मानित किया. साथ ही भविष्य में भी इसी तरह के सामाजिक और पर्यावरणीय कार्यों को जारी रखने का आह्वान किया. इस अभियान का नेतृत्व प्रोजेक्ट चेयरमैन श्री सुनील कंदोई एवं क्लब के पीआरओ और प्रोजेक्ट चेयरमैन रोटरियन श्री मनोज शर्मा ने किया. इस अवसर पर रोटरियन मनोज शर्मा ने कहा, वृक्षारोपण केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भावी पीढ़ी को एक स्थायी और जीवंत उपहार देने का कार्य है. हर व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए. गौरतलब है कि रोटरी क्लब ऑफ सिलीगुड़ी मिडटाउन पिछले 35 वर्षों से लगातार हर वर्ष सैकड़ों पौधे लगाकर हरियाली बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण के लिए समर्पित है. इस वर्ष बीएसएफ के सहयोग से आयोजित यह विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम क्लब के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि और गर्व का विषय रहा. रोटरी क्लब का यह प्रयास न सिर्फ़ पर्यावरण संरक्षण के महत्व को उजागर करता है, बल्कि सामूहिक सहभागिता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भी मिसाल पेश करता है.

# ममता बनर्जी के नेतृत्व में बंगाल असुरक्षित है : नवीन मिश्रा



युवा शक्ति न्यूज

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में एक महिला मुख्यमंत्री होने के बाद, अधिकांश महिलाएँ असुरक्षित और भयभीत महसूस कर रही हैं. पूरे बंगाल में तृणमूल कांग्रेस नेताओं के प्रशासनिक नियंत्रण में बलात्कार, महिलाओं के साथ छेड़छाड़, कॉलेज छात्राओं और नौकरीपेशा महिलाओं के साथ जबरन अवैध संबंधों का खुला तंत्र व्याप्त है, जो पूरे बंगाल में जंगलराज को दर्शाता है. कोलकाता महानगर के कब्सा पुलिस स्टेशन के पास एक लॉ कॉलेज के यूनियन रूम में तृणमूल कांग्रेस के छात्र नेताओं द्वारा बंगाल की एक बेटी के साथ बलात्कार की घटना तृणमूल कांग्रेस सरकार के प्रशासनिक व्यवहार का जीता जागता उदाहरण है. इसी क्रम में आज बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के विधानसभा क्षेत्र के पार्क स्ट्रीट पुलिस स्टेशन के सामने दक्षिण कोलकाता भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सुभाष बार एवं भाजयुमो पदाधिकारियों के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया और पुलिस अधिकारियों से महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने और इलाके में स्कूल-कॉलेजों के सामने लोगों को परेशान करने वाले तृणमूल समर्थक गिरोहों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की गई. प्रदर्शन एवं ज्ञापन कार्यक्रम में स्थानीय क्षेत्र वार्ड नंबर 63 की नेता सुनीता मिश्रा और पश्चिम बंगाल भाजपा राज्य समिति स्वच्छ भारत अभियान के राज्य सह-संयोजक नवीन मिश्रा ने बंगाल सरकार और पुलिस की विफलता को आम जनता के सामने जोरदार तरीके से उजागर किया.

### आरजी कर भ्रष्टाचार मामला :

# पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष सहित पांच के खिलाफ आरोप तय, 22 जुलाई से सुनवाई शुरू



**कोलकाताः** आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में आर्थिक अनियमितताओं के मामले में सीबीआई की विशेष अदालत ने सोमवार को पूर्व प्रिंसिपल डॉ. संदीप घोष समेत पांच आरोपितों के खिलाफ आरोप तय कर दिए हैं. अदालत ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम तथा भारतीय दंड संहिता की धारा 420, 409, 467, 468 और सात के तहत मुकदमा चलाने का आदेश दिया है. मामले की सुनवाई 22 जुलाई से शुरू होगी. यह मामला कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश पर सीबीआई को सौंपा गया था. एजेंसी ने अपनी चार्जशीट में संदीप घोष के अलावा अफसर अली, बिप्लब सिंह, सुमन हाजरा और आशीष पांडे को भी आरोपित बनाया है. सभी फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं. पूर्व डिप्टी सुपर की शिकायत पर दर्ज इस मामले में आरोप है कि आरजी कर मेडिकल कॉलेज में तीन वर्षों से भी अधिक समय तक चिकित्सा उपकरणों की खरीद के नाम पर टेंडर प्रक्रिया में भारी गड़बड़ी की गई. आरोप है कि संदीप घोष ने अपने करीबी लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए टेंडर दिलवाए. इसी आधार पर सीबीआई ने 29 नवम्बर 2024 को अलीपुर अदालत में चार्जशीट दाखिल की थी. संदीप घोष इस मामले में सबसे पहले गिरफ्तार किए गए थे. उनसे कई दिन तक सीबीआई दफ्तर में पूछताछ की गई थी. बाद में बिप्लब, अफसर और सुमन को भी गिरफ्तार किया गया, और अंतिम गिरफ्तारी आशीष की हुई थी. पिछले वर्ष नौ अगस्त को आरजी कर अस्पताल के आपातकालीन विभाग की चौथी मंज़िल के सेमिनार हॉल में एक महिला डॉक्टर का शव मिला था. जांच में सामने आया कि उसके साथ दुष्कर्म कर हत्या की गई थी. इस मामले में सिविक वॉलंटियर संजय राय को उम्रकैद की सज़ा सुनाई जा चुकी है. उसी घटना के बाद आरजी कर अस्पताल में व्याप्त आर्थिक भ्रष्टाचार की परतें खुलनी शुरू हुईं. हत्या-बलात्कार मामले में सबूतों को मिटाने के आरोप में सीबीआई ने पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष और टाला थाने के प्रभारी अभिजीत मंडल को भी हिरासत में लिया था. हालांकि, दोनों को दिसंबर 2024 में इस मामले में ज़मानत मिल गई थी, लेकिन भ्रष्टाचार के मामले में संदीप घोष अब भी जेल में हैं.

# श्री जगत सिंह टांटिया बने उत्तर हावड़ा जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा ट्रस्ट के अध्यक्ष




**युवा शक्ति न्यूज/हावड़ा :** तेरापंथ सभा ट्रस्ट उत्तर हावड़ा तेरापंथ समाज का मुख्य स्थान है. 13 जुलाई को हुए वार्षिक अधिवेशन में श्री टांटिया को पुनः सत्र 2025-27 के लिए अध्यक्ष मनोनीत किया गया. ट्रस्ट परिवार के अनेक सदस्य इस अवसर पर उपस्थित थे. नव मनोनीत अध्यक्ष श्री जगत सिंह टांटिया ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा आप सभी सहयोग एवं आशीर्वाद से मै इस संस्थान की गरिमा बनाए रखनें का निष्ठा से प्रयास करता रहूंगा. सभा अध्यक्ष जुगल किशोर बोथरा, निवर्तमान अध्यक्ष राकेश संचेती नव मनोनीत मंत्री बुद्धमल लूनिया ने श्री टांटिया जी को बधाईयां दी.

## कैबिनेट बैठक के दौरान बीमार पड़े मछली पालन मंत्री बिप्लब राय, एसएसकेएम अस्पताल में भर्ती

**कोलकाताः** पश्चिम बंगाल सरकार के मछली पालन मंत्री बिप्लब रायचौधुरी सोमवार को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में चल रही राज्य मंत्रिमंडल की बैठक के दौरान अचानक अस्वस्थ हो गए. तत्काल स्थिति को देखते हुए पहले सचिवालय में ही प्राथमिक चिकित्सा दी गई, जिसके बाद उन्हें तुरंत कोलकाता के एसएसकेएम अस्पताल ले जाया गया. प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, मंत्री बिप्लब रायचौधुरी को उच्च रक्तचाप की समस्या हुई थी. बैठक के दौरान वह अचानक असहज महसूस करने लगे, जिसके बाद डॉक्टरों की एक टीम ने उन्हें देखा और तुरंत अस्पताल में भर्ती कराने की सलाह दी. एसएसकेएम अस्पताल के सूत्रों के मुताबिक, मंत्री की हालत फिलहाल स्थिर है और चिकित्सकों की निगरानी में उनका इलाज चल रहा है. अस्पताल प्रशासन ने उनके स्वास्थ्य को लेकर फिलहाल कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है. मंत्री के बीमार पड़ने की खबर फैलते ही सोशल मीडिया पर कई तरह की अफवाहें भी तैरने लगीं. हालांकि, विश्वसनीय सूत्रों ने इन अटकलों से बचने की सलाह दी है और लोगों से सही और प्रमाणिक जानकारी का ही भरोसा करने की अपील की है. राज्य सरकार की ओर से अब तक कोई औपचारिक प्रेस विज्ञप्ति जारी नहीं की गई है, लेकिन सरकारी सूत्रों के अनुसार, मंत्री के स्वास्थ्य की नियमित निगरानी की जा रही है और जरूरत पड़ने पर विस्तृत जानकारी साझा की जाएगी.




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक सुधांशु शेखर द्वारा दी इंडियन एक्सप्रेस लिमिटेड, एक्सप्रेस हाउस, एन एच 6 मौजा–प्रशस्थ व अंकुरहाटी,पोस्ट– सलप, थाना–डोमजूर, जिला–हावड़ा–711409 से मुद्रित एवं 19, सर हरिराम गोयनका स्ट्रीट, कोलकाता–700 007 से प्रकाशित. प्रधान संपादक : **सुधांशु शेखर,**
प्रबंध कार्यालय : 19, सर हरिराम गोयनका स्ट्रीट, कोलकाता–700 007, RNI No. WBHIN/2007/22434 फोन : 9831494084, टेलीफैक्स : 22743382 ई–मेल : yuvashakti@hotmail.com प्रकाशन संबंधी समस्त विवादों का निपटारा कोलकाता न्यायालय के अधीन